

किसी महिला को गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट - 12



मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक चढ़ा - 12



अमेरिका ने अपने नागरिकों को तुरंत ईरान को छोड़ने की दी चेतावनी -13



ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार- 14


आज का मौसम
$23.0^0$ अधिकतम तापमान
$12.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.50
सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:54 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 7 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 168, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## एसआईआर की समय सीमा बढ़ी, 10 अप्रैल को प्रकाशित होगी अंतिम सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दावे और आपत्तियां 6 मार्च तक मैपिंग नोटिस 27 मार्च तक



**अमृत विचार :** यूपी में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान को लेकर चुनाव आयोग ने दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की समय सीमा बढ़ा दी है।

अभी तक यह सीमा छह फरवरी थी, अब यह समय सीमा छह मार्च तक रहेगी। इसके अलावा, मैपिंग से जुड़े सभी नोटिसों की प्रक्रिया अब 27 फरवरी की बजाय 27 मार्च तक पूरी की जाएगी । अंतिम मतदाता सूची अब 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

लोकभवन में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि फार्म-6 के आवेदन लगातार बढ़ रहे हैं। मैपिंग को लेकर भी बड़ी संख्या में नोटिस भेजे गए हैं। राजनीतिक दलों ने समय बढ़ाने की मांग की थी।

### 3.26 करोड़ को नोटिस जारी किया गया

मैपिंग (गणना फार्म) के दौरान लगभग एक करोड़ 4 लाख लोगों में तार्किक विसंगतियां पाई गईं, इसलिए उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया। इन सभी को नोटिस भेजा जा रहा है। इन विसंगतियों में पिता के नाम में अंतर या पिता-पुत्र की उम्र में 15 साल से कम अंतर शामिल है। अब तक कुल 3.26 करोड़ लोगों को नोटिस भेजा गया है। 2.37 करोड़ नोटिस जनरेट हो चुके हैं।



इंग्लैंड को रिकॉर्ड छठी बार फाइनल में हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

## भारत ने इंग्लैंड को हराकर छठवीं बार अंडर-19 विश्व कप जीता

- वैभव सूर्यवंशी ने खेली तूफानी पारी

**हरारे।** युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के 175 रन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीता। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में ट्रॉफी जीती थी। यह टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के दबदबे को दिखाता है। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने सिर्फ 80 गेंद में शानदार 175 रन बनाए। उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया और यह मुकाम 71 गेंदों में हासिल किया। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कालेब फाल्कनर के 115 रन की शतकीय पारी के बावजूद आखिरकार 40.2 ओवर में 311 रन पर ऑल आउट हो गया।

### ब्रीफ न्यूज

#### दिल्ली हवाई अड्डे पर 13 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर सीमा शुल्क भाग के अधिकारियों ने बैंकॉक से आई एक भारतीय महिला यात्री से करीब 12.93 करोड़ रुपये मूल्य का कथित मादक पदार्थ जब्त किया। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो ट्रॉली बैग की जांच करने पर उनमें कुल 13 पॉलीथीन के पैकेट मिले, जिनमें गांजा है। जब्त किए गए पदार्थ का कुल वजन 12.92 किलोग्राम है और शुरुआती जांच के मुताबिक यह गांजा है।

#### कोयला खदान विस्फोट के बाद 7 और शव मिले मृतकों की संख्या 25 हुई

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स में एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट की घटना में शुक्रवार को सात और शवों की बरामदगी के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई। यह विस्फोट गुरुवार को थांगस्कू इलाके में स्थित अवैध कोयला खदान में हुआ था, जिसके बाद प्रशासन ने व्यापक स्तर पर खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया। गुरुवार को 18 शव बरामद किए गए थे। नोंगरंग ने बताया, शुक्रवार को सात और शव बरामद किए गए हैं जिससे मृतकों की कुल संख्या 25 हो गई है। इनमें से 12 शवों की पहचान हो चुकी है।

#### सीबीआई ने सीमा शुल्क के तीन अधिकारियों पर दर्ज किया मामला

**आइजोल।** सीबीआई ने मिजोरम में पूर्व में तैनात रहे सीमा शुल्क विभाग के तीन अधिकारियों के खिलाफ तस्करों से 35 लाख रुपये से अधिक की रिश्वत लेने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की। एक सेवानिवृत्त अधीक्षक और दो निरीक्षकों समेत तीनों आरोपियों ने रिश्वत लेने के बाद तस्करों के जब्त माल को कथित तौर पर छोड़ दिया। गुवाहाटी स्थित सीजीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त की औपचारिक शिकायत के बाद तीन फरवरी को आधिकारिक तौर पर मामला दर्ज किया गया। उन्होंने 2022-2023 के दौरान पूर्वी मिजोरम में भारत-म्यांमा सीमा पर एक महत्वपूर्ण पारगमन बिंदू- चम्फाई शहर में सीपीएफ में सेवा करते हुए अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया।

# रेपो रेट 5.25% पर बरकरार, डिजिटल फ्रॉड पर मिलेगा 25,000 का मुआवजा

## आरबीआई ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिया फैसला, ग्रोथ अनुमान 7.4% किया

मुंबई, एजेंसी

- महंगाई में नरमी और अमेरिका से व्यापार समझौते पर बनी सहमति के कारण नहीं बदले रेपो रेट



आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने के साथ बजट में सरकारी खर्च में वृद्धि तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति के बाद शुल्क को लेकर दबाव कम होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखने की उम्मीद की जा रही थी। वहीं, छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति को लेकर नई रूपरेखा की घोषणा की।

केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने का निर्णय लिया। इसके साथ आरबीआई ने अपने तटस्थ रुख को बरकरार रखा, जिसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि बाहरी चुनौतियां बढ़ गई हैं, लेकिन अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का सफल समापन अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। आरबीआई ने फरवरी, 2025 से रेपो दर में अब तक कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की है। यह 2019 के बाद से सबसे आक्रामक कटौती है। दिसंबर में हुई पिछली बैठक में आरबीआई ने प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के लक्ष्य से कम है। मार्च में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

गवर्नर मल्होत्रा ने छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति को लेकर नई रूपरेखा लाने की घोषणा की। मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए अंतिम द्विमासिक नीति की घोषणा करते हुए कहा, हम डिजिटल भुगतान की सुरक्षा बढ़ाने के लिए संभावित उपायों पर एक परिचर्चा पत्र भी प्रकाशित करेंगे। इन उपायों में विलंब से क्रेडिट और वरिष्ठ नागरिकों जैसे विशिष्ट वर्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए, आरबीआई तीन दिशानिर्देश का मसौदा जारी करेगा। पहला, गलत बिक्री से संबंधित, दूसरा, अनधिकृत तरीके से इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेन-देन में ग्राहकों की देनदारी को सीमित करने और तीसरा कर्ज वसूली तथा वसूली एजेंट को जोड़ने के संबंध में होगा।

### 1,000 करोड़ से कम संपत्ति वाली एनबीएफसी को अनिवार्य पंजीकरण से छूट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को छोटे आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनिवार्य पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया। इसके लिए एनबीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम होनी चाहिए और उनमें सार्वजनिक धन नहीं लगा होना चाहिए। उन्होंने इसके पीछे इन कंपनियों से जुड़े कम प्रणालीगत जोखिम का हवाला दिया।

विस्तृत कारोबार पर

### गोल्ड लोन में उच्च वृद्धि के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं : मल्होत्रा

**मुंबई।** सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच आरबीआई ने कहा कि वह वित्तीय प्रणाली में कीमती धातु के बदले दिए जाने वाले कर्ज (स्वर्ण ऋण) को लेकर पूरी तरह सहज है और इसे लेकर कोई चिंता नहीं है। स्वर्ण ऋण को लेकर हम बहुत सहज हैं। नवंबर 2025 तक के दो वर्षों में पूरी वित्तीय प्रणाली में कुल स्वर्ण ऋण बकाया लगभग दोगुना हो गया है, क्योंकि सोने की कीमतों में उछाल ने ऋणदाताओं को अधिक सहज बना दिया है।

## परीक्षा बोझ नहीं, अंकों के बजाय बेहतर जीवन पर ध्यान दें : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के नौवें संस्करण में छात्रों को किया संबोधित
- कहा- पूरी लगन से पढ़ाई करें, आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई सफल नहीं बनाती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले शुक्रवार को स्कूली छात्र-छात्राओं को अनेक मंत्र देते हुए कहा कि अपने जीवन एवं शैक्षणिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षा को बोझ नहीं समझें और केवल अंकों पर नहीं, बल्कि जीवन बेहतर करने पर ध्यान नहीं दें। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि परीक्षाएं उत्सव की तरह होती हैं और इनकी खुशी मनाई जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के नौवें संस्करण में छात्रों से कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और सभी को पूरी लगन से पढ़ना चाहिए क्योंकि आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। उन्होंने यहां अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों के एक समूह से कहा, शिक्षा मजबूरी नहीं होनी चाहिए। शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। हमारी पूरी तल्लीनता चाहिए। अगर पूरी तल्लीनता से पढ़ाई नहीं की है, तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा, जीवन को कहीं सफल नहीं बनाने देती। प्रधानमंत्री ने कहा, अंकों पर ध्यान देने के बजाय सभी को इस पर ध्यान देना चाहिए कि वे जीवन में कहां पहुंचे हैं। आपके माता-पिता, शिक्षक या साथी क्या कहते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता, खुद पर भरोसा रखिए और अपने सामने आने वाले सभी सुझावों पर विचार करते हुए अपने हिसाब से चलिए। मोदी ने बच्चों से कहा, हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच के भीतर हो लेकिन आसानी से प्राप्त होने वाला न हो। पहले मन को साधो, फिर मन को जोड़ो और फिर जिन विषयों की पढ़ाई करनी है, उन्हें सामने रखो। तब आप हमेशा सफल होंगे। वर्ष 2023 में 38.8 लाख बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था, जो नौवें संस्करण में 4.5 करोड़ से अधिक हो गया है।



छात्र से संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

### मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद न करें : मोदी

मोदी ने छात्रों को मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, आपकी गेमिंग में रुचि है लेकिन भारत में डेटा सस्ता है तो सिर्फ समय काटने के लिए इसमें लिप्त मत होइए। जो लोग पैसे कमाने के लिए गेमिंग में लिप्त होते हैं, उनका ही नुकसान होता है। हमें देश में जुए को बढ़ावा नहीं देना है। मैंने ऑनलाइन जुए के खिलाफ कानून बनाया है।

## पाकिस्तान में मस्जिद में आत्मघाती विस्फोट, 31 की मौत, 169 घायल

इस्लामाबाद, एजेंसी



- जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद में हुआ भीषण ब्लास्ट

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट में उड़ा लेने से 31 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए।

विस्फोट इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित खदीजातुल कुबरा मस्जिद-सह-इमामबाड़ा में हुआ। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आत्मघाती हमलावर को इमामबाड़ा के द्वार पर रोक लिया गया था, लेकिन उसने खुद को विस्फोट में उड़ा लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था और उसके संबंध 'फितना अल ख्वाराजी' से थे। यह शब्द टीटीपी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बचाव टीम और पुलिस हमले वाली जगह पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया।

## पंजाब में गुरुद्वारे के बाहर आप नेता की गोली मारकर हत्या

- सिर-सीने में गोलियां मारीं गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने ली जिम्मेदारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर में मॉडल टाउन स्थित एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता लक्की ओबेरॉय की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई जब 43 वर्षीय ओबेरॉय अपनी एसयूवी में गुरुद्वारे से निकल रहे थे।

सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि जब ओबेरॉय गुरुद्वारे से बाहर आए और अपनी गाड़ी में बैठे तो काले रंग की 'हुडी जैकेट' पहने एक हमलावर पैदल ही उनके पास आया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और अपने साथी के साथ भाग गया । गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

## 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक समेत कई पर रिपोर्ट

- नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म में जाति विशेष को बनाया निशाना
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई कार्रवाई आरोपियों की तलाश शुरू

**लखनऊ।** जाति विशेष (ब्राह्मण) को निशाना बनाते हुए बनाई गई वेब सीरिज 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक नीरज पांडेय व उसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर हजरतगंज की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

इस वेब सीरीज में जाति विशेष को निशाना बनाया गया है। जिसका टीजर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वहीं इसके खिलाफ लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। लोग जगह-जगह धरना प्रदर्शन करने की तैयारी में जुट गए। जानकारी होते ही इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने खुद ही वादी बनकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नेटफ्लिक्स पर वेब सीरीज घूसखोर पंडत सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने फिल्म के निर्देशक व उसके सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया। जान लें, एक्टर मनोज बाजपेयी अभिनीत ओटीटी फिल्म घूसखोर पंडत एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है। विवाद के बाद प्रमोशनल सामग्री हटा ली गई है।

### शीर्षक हटाने के निर्देश

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज को प्रस्तावित फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाली किसी भी टिप्पणी से बचने के लिए कहा है। फिल्म के शीर्षक को लेकर कई संगठनों ने भी विरोध जताया था।

## दिल्ली में 15 फुट गहरे गड्ढे में गिरने से बाइक सवार की मौत, तीन इंजीनियर पर गिरी गाज

नई दिल्ली, एजेंसी



- जनकपुरी इलाके में निर्माण कार्य के लिए दिल्ली जल बोर्ड ने खोदा था गहरा गड्ढा

पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी इलाके में निर्माण कार्य के लिए खोदे गए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 15 फुट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। सरकार ने लापरवाही बरतने वाले दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है। परियोजना पर काम करने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा कहा कि जल बोर्ड पीड़ित परिवार को मुआवजा देगा। घटना की सूचना मिलने के बाद जल मंत्री ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को निलंबित किया। इन तीनों अधिकारियों का कर्तव्य था कि वे यहां जारी काम की प्रगति की निगरानी करते। उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों से निर्माण स्थल पर काम जारी है लेकिन गड्ढा गुरुवार को खोदा गया था। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक निजी बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। यह घटना नोएडा के 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के कुछ हफ्तों बाद हुई है। नोएडा सेक्टर 150 में 17 जनवरी की दरम्यानी रात को मेहता की कार के पानी से भरे गड्ढे में गिरने के बाद उनकी डूबने से मौत हो गई थी।

समारोह | हरिद्वार में स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि की मूर्ति स्थापना समारोह में बोले मुख्यमंत्री

## रामभक्तों का अपमान विरासत का अपमान : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरिद्वार



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामभक्तों का अपमान केवल किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि भारत की सनातन विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों का अपमान है। यूपी में एक दौर ऐसा था, जब विरासत को कोसा जाता था।

आस्था को लांछित किया जाता था और रामभक्तों पर गोलियां चलाई जाती थीं। इसका दुष्परिणाम प्रदेश अराजकता, लूट और दंगों का केंद्र बन गया। गुंडागर्दी चरम पर थी, न बेटियां सुरक्षित थीं और न व्यापारी। लेकिन भाजपा सरकार आते ही दंगा-दंगाई दोनों गायब हैं। योगी शुक्रवार को हरिद्वार में आयोजित स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज की श्री विग्रह मूर्ति स्थापना समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज यूपी में न अराजकता है, न फसाद और न ही गुंडागर्दी। न दंगा है, न कर्फ्यू यूपी में अब सब चंगा है। दंगा और दंगाई दोनों गायब हो गए हैं, कर्फ्यू अब दंगाइयों पर लगता है। यह परिवर्तन स्पष्ट नीति, साफ नीयत और बिना भेदभाव के सख्त कार्रवाई का परिणाम है। उन्होंने कहा कि क्या किसी ने कल्पना की थी कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होगा, लेकिन आज यह सपना साकार हो चुका है। अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, हरिद्वार, बदरीनाथ और केदारनाथ जैसे आस्था केंद्र अब केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के केंद्र बन गए हैं। भारत इन्हीं आस्था स्थलों से शक्ति प्राप्त करता है और जब इन्हें सम्मान व संरक्षण मिला, तो उसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। समारोह को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के सीएम धामी और निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती जी महाराज ने भी संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित बड़ी संख्या में संत समाज और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### न जाति का भेद और न धर्म का अंतर

योगी ने कहा कि उत्तराखंड के चार धाम भारत की चेतना के आधार हैं। जब हम लोग बचपन में हरिद्वार आते थे, तो सबके मन में यह भाव रहता था कि हरि की पैड़ी में स्नान करना है और भारत माता मंदिर के दर्शन भी करने हैं। यहां न जाति भेद था और न धर्म का कोई अंतर। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि ऋषि परंपरा की तपस्या से निर्मित राष्ट्र है।

### संत बोले- शेर हैं मुख्यमंत्री योगी

संत समाज ने मुख्यमंत्री को 'उत्तर प्रदेश का शेर' बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यूपी में रामराज्य जैसा वातावरण है। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेताओं के नेतृत्व में भारत पुनः अपने वैभव को प्राप्त करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस विभाग में पांच वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के डीआईजी अखिलेश कुमार चौरसिया को डीआईजी स्थापना बनाया गया है। इसी तरह एसटीएफ के एसएसपी से प्रोन्नत होने पर घुले सुशील चन्द्रभान को एसटीएफ में ही डीआईजी पद पर तैनाती दी गई है। गौतमबुद्धनगर के डीसीपी यमुना प्रसाद को प्रोन्नति के बाद एसटीएफ का डीआईजी बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय में तैनात हेमराज मीना को प्रोन्नति के बाद डीआईजी यूपी एसआईएफएस के पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा 44 वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के सेनानायक रहे संचिन्द्र पटेल को प्रोन्नत के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन का डीआईजी बनाया गया है।

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में प्रदेश के सभी 75 जिलों में "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" का शुभारंभ हो गया है। यह विशेष अभियान 6 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को केवल रोजगार से जोड़ना ही नहीं, बल्कि उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को निखारकर उन्हें प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सहभागी बनाना है। कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न वर्चुअल बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, उपायुक्त (एमएसएमई) एवं जिला सेवायोजन अधिकारी शामिल हुए। मिशन निदेशक ने निर्देश दिए कि सभी प्रशिक्षित दिव्यांग युवाओं की अद्यतन सूची तैयार कर उन्हें विभिन्न रोजगार अवसरों से जोड़ा जाए। साथ ही कहा कि पूर्व में 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान' के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर चुके 720 दिव्यांगजनों से फीडबैक लिया जाए।

### 2.39 लाख अल्पसंख्यक छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय के 2.39 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 71.35 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की जा चुकी है। प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 और 10 में पढ़ने वाले 1,09,084 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया, जिसके लिए लगभग 32.19 करोड़ रुपये वितरित किए गए। वहीं पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत 11वीं–12वीं सहित तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 1,30,265 विद्यार्थियों को करीब 39.16 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई।

### अमेरिका के दबाव में खोला कृषि बाजार : हिंदवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकारों ने सबसे अधिक अन्याय किसानों पर किया है। किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए। अब सरकार ने अमेरिका के दबाव में अपना कृषि बाजार भी उनके लिए खोल दिया है। इस एक कदम का आने वाला समय में हमारे किसान भाइयों पर कितना दुष्प्रभाव पड़ेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। वह शुक्रवार को किसान कांग्रेस (मध्य जोन) के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का मनोनयन–पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

# आवारा कुत्तों से निजात को शेल्टर होम व एबीसी सेंटर की तैयारी पूरी

## डॉग बाइट पर सख्ती, जन सुरक्षा और पशु कल्याण का संतुलित रोडमैप, नगर निगमों और जिला मुख्यालयों में स्थापना प्रक्रिया तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रति शेल्टर होम 4.70 करोड़ से 5.31 करोड़ रुपये होगी लागत

**अमृत विचार:** प्रदेश में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार ने निर्णायक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगमों और जिला मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम और एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। उद्देश्य है कि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और पशु कल्याण को मानवीय व वैज्ञानिक ढंग से आगे बढ़ाया जाए। हर शेल्टर होम की लागत 4.70 करोड़ रुपये से 5.31 करोड़ रुपये अनुमानित की गई है।

सरकार ने इस पूरे अभियान को प्राथमिकता सूची में रखते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाइयों को समानांतर रूप से आगे बढ़ाया है। नीति स्तर पर यह पहल सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुरूप की जा रही है, जिनमें नसबंदी, टीकाकरण, पुनर्वास और समुदाय सहभागिता जैसे बिंदुओं पर जोर दिया गया है। राज्य सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग-अलग विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराई है।



प्रस्तावों के मुताबिक प्रति शेल्टर होम 470 लाख रुपये से 531 लाख रुपये तक की लागत का अनुमान है। डीपीआर में क्षमता निर्धारण, केनेल्स, पशु चिकित्सा यूनिट, सर्जरी कक्ष, आइसोलेशन वार्ड, भोजन-पोषण, स्वच्छता, सुरक्षा और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी आवश्यक घटक शामिल हैं।

शासन ने इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जिससे क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। अन्य नगर निगमों से भी सूचनाएं जुटाई जा रही हैं ताकि पूरे प्रदेश में एक समान, प्रभावी और टिकाऊ व्यवस्था लागू की जा सके।

### आक्रामक कुत्तों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था

एबीसी सेंटरों में आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी–रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। इससे प्रजनन दर नियंत्रित होगी और रेबीज जैसी घातक बीमारी का प्रसार रुकेगा। शेल्टर होम में घायल, बीमार या आक्रामक कुत्तों के लिए सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था होगी।

### नगर निकायों की जवाबदेही तय

हर नगर निगम को उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने, समयबद्ध प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने और संचालन के लिए मानक प्रोटोकॉल अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। निगरानी तंत्र के जरिए प्रगति की नियमित समीक्षा होगी।

### शेल्टर होम की प्रमुख सुविधाएं

- आधुनिक केनेल्स व आइसोलेशन वार्ड
- पशु चिकित्सा, सर्जरी व टीकाकरण यूनिट
- स्वच्छता, भोजन–पोषण व सुरक्षा
- प्रशिक्षित केयरटेकर व डॉक्टरों की तैनाती

### भूमि (चयनित)

- ललितपुर : 12.182 हेक्टेयर
- हरदोई : 0.2 हेक्टेयर
- बुलंदशहर : 2000 वर्ग मीटर
- फतेहपुर : 0.769 हेक्टेयर

### यूपी में 'गोदान' फिल्म टैक्स फ्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गो संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित फिल्म गोदान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। राज्य सरकार के इस निर्णय को गो सेवा, गोरक्षा और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सरकार का मानना है कि इस तरह की फिल्मों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और गो संरक्षण जैसे संवेदनशील विषय पर जनजागरूकता बढ़ती है। 'गोदान' फ़िल्म गोवंश संरक्षण, ग्रामीण जीवन, मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर आधारित है।

# मंत्री का घेराव करने वाले भाजपा विधायक से किया जवाब तलब

## भाजपा का पार्टी अनुशासन पर सख्त रुख, प्रदेश अध्यक्ष ने भेजा कारण बताओ नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का महोबा में सरेआम घेराव करना भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक को भारी पड़ता दिख रहा है। मामले में भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी इसे खुली अनुशासनहीनता मान रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने चरखारी से भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब तलब किया है।



कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का घेराव करते विधायक बृजभूषण राजपूत (फाइल फोटो)।

- 7 दिन में जवाब नहीं देने पर बढ़ सकती मुश्किलें, महोबा प्रकरण में सियासत गरमाई

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, विधायक द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ कैबिनेट मंत्री का काफिला रोकना और कथित रूप से उन्हें बंधक जैसी स्थिति में डालना पार्टी नेतृत्व को नागवार गुजरा है। यह मामला केवल असंतोष तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे सरकार और संगठन दोनों की छवि पर सवाल खड़े हुए हैं। यही कारण है कि प्रदेश नेतृत्व ने बिना देरी किए अनुशासनात्मक कार्रवाई की दिशा में कदम बढ़ाया है।

पूरा मामला 30 जनवरी का है, जब महोबा जिले में जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला सड़क पर रोक लिया गया। चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत उर्फ गुड्डू अपने क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों और समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और मंत्री से सीधे बातचीत की मांग करने लगे। इस दौरान सड़क पर ही लंबी बहस और हंगामे की स्थिति बन गई। विधायक का आरोप था कि उनके क्षेत्र में घर-नल-जल योजना के तहत भारी लापरवाही हो रही है। पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, मरम्मत नहीं कराई गई और अधिकारी कथित रूप से लूट-खसोट में लिप्त हैं। ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विधायक का दावा है कि इसी जनसमस्या को लेकर वे मंत्री से प्रधानों के साथ सीधे बात करना चाहते थे।

### विधायक बृजभूषण राजपूत का पलटवार

नोटिस जारी होने के बाद विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा है कि उन्हें अभी तक कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि वह शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर अपना पक्ष रखेंगे। राजपूत का दावा है कि उन्होंने कोई अनुशासनहीनता नहीं की, बल्कि जनता की समस्याएं उठाई हैं।

### विपक्ष को मिला हमला करने का मौका

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। जहां एक ओर भाजपा संगठन के भीतर अनुशासन और मर्यादा को लेकर सवाल उठे हैं, वहीं विपक्ष को योगी सरकार पर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता का बड़ा मुद्दा मिल गया है। विपक्ष लगातार यह सवाल उठा रहा है कि जब सत्तारूढ़ दल के विधायक ही खुलेआम मंत्री का घेराव कर रहे हैं, तो जमीनी हालात कितने खराब होंगे।

# विकास के एजेंडे संग विपक्ष के सवालों का जवाब देने की पूरी तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सदन में जनवरी की बैठकों में हुए अहम निर्णयों पर लगेगी मुहर
- लोकलुभावन बजट से पहले नीतिगत प्राथमिकताओं पर रहेगा जोर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र नए साल के बजट के साथ विधायी और नीतिगत प्राथमिकताओं के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का फोकस कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक सुधार, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास से जुड़े प्रावधानों को और मजबूत करने पर है। सत्र के दौरान सरकार जहां विकास से जुड़े एजेंडे को आगे बढ़ाएगी, वहीं विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए भी पूरी तैयारी की गई है।

इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों और संशोधन प्रस्तावों को पारित किए जाने की तैयारी है। जिन प्रस्तावों को सदन में लाया जाएगा, उनमें प्रशासनिक ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने, प्रक्रियाओं को सरल करने और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को कानूनी मजबूती देने से जुड़े विधेयक शामिल हैं। इसके अलावा कुछ मौजूदा कानूनों में संशोधन के प्रस्ताव भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे, ताकि बदलती जरूरतों के अनुरूप उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जा सके। सरकार का मानना है कि इन विधेयकों के पारित होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तेजी आएगी और विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहूलियत मिलेगी।

सरकार की दो हालिया कैबिनेट बैठकों में पारित प्रस्तावों पर सदन में की मंजूरी ली जाएगी। इनमें वित्तीय प्रबंधन, औद्योगिक विकास, नगरीय व्यवस्था, ग्राम्य विकास और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विषय प्रमुख हैं। 15 लाख से अधिक बेसिक और माध्यमिक शिक्षा जगत के शिक्षकों-कार्मिकों समेत सभी के परिवारों तक को कैशलेस इलाज की सौगात के लिए बजट के प्रावधान किए जाएंगे। जीसीबी नीति से औद्योगिककरण, शहरी पुनर्विकास नीति 2026, सीएम फेलो, पीसीएस–जे समेत अन्य पारित प्रस्तावों और उनसे जुड़े संशोधन पर सदन की मुहर लगेगी।



सरकार का लक्ष्य एक ऐसा बजट पेश करना है, जो न केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास को बढ़ावा दे, बल्कि महंगाई और रोजगार जैसे मोर्चों पर भी आम जनता को राहत पहुंचाए। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से सदन में प्रस्तुत करने के लिए बजट प्रावधान लगभग पूरी तरह तैयार है।

–सुरेश कुमार खन्ना, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री

### बजट सत्र के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक न हो : महाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2026 में विधानसभा के प्रथम सत्र के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन के उद्देश्य से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सुरक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और सुरक्षा प्रबंधों एवं विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक न हो तथा समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। विधान सभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को कहा कि लोकतांत्रिक गरिमा एवं संसदीय परंपराओं की रक्षा के लिए सुरक्षा एवं सुविधा दोनों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की तैनाती, एंटी एक्सप्लोसिव एवं एंटी सबोटाज जांच व्यवस्था, विधानसभा के सभी प्रवेश द्वारों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा विधायकों के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों के बैठने की समुचित व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

## लोकमंगल को समर्पित है श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा: योगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा लोकमंगल, जनसेवा और सामाजिक चेतना को समर्पित एक प्रेरक अभियान है, जो महायोगी गुरु गोरखनाथ के संदेश- सबका कल्याण, सबका उत्थान का प्रभावी प्रसार कर रही है। मुख्यमंत्री ने नेशनल मेडिकोस ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) और इस यात्रा से जुड़े सभी चिकित्सकों, स्वयंसेवकों व आयोजकों को बधाई दी। एनएमओ के अवध व गोरक्ष प्रांत द्वारा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से 8 फरवरी तक चल रही तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत नेपाल सीमा से लगे सात जिलों के दूरदराज थारू बहुल गांवों में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। पहले ही दिन 70 हजार से अधिक लोगों को चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



# चालकों–परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत अब 2.32 रुपये प्रति किमी मिलेगा भुगतान

**अमृत विचार :** ग्रामीण अंचलों में मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत संचालित बसों के चालकों व परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी कर दी गयी है। अब उन्हें प्रति किलोमीटर 14 पैसे अधिक भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देश से यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत अब तक संविदा चालकों और परिचालकों को 2.18 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जा रहा था, जिसे बढ़ाकर 2.32 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत चलने वाली बसों का किराया साधारण बसों की तुलना में 20 प्रतिशत कम रखा गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को कम खर्च में यात्रा की सुविधा मिल रही है। परिवहन मंत्री ने बताया कि वर्तमान में मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 20 क्षेत्रों में स्वीकृत 395 मार्गों पर कुल 299 बसों का संचालन किया जा रहा है।

### चाइनीज मांझे के नेटवर्क की जांच शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद प्रदेशभर में चाइनीज मांझे के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों में चाइनीज मांझे के उत्पादन, बिक्री, भंडारण और परिवहन से जुड़े पूरे नेटवर्क की सघन जांच की जा रही है। थोक विक्रेताओं, ऑनलाइन सप्लायर्स, परिवहन चैनलों और गोदामों पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि प्रदेश में चाइनीज मांझे की एक भी रील न बिके और न ही कहीं संग्रहित हो। हर जिले में 24×7 मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नामित किए जा रहे हैं।

# अग्निवीर भर्ती में शामिल हुए 265 अभ्यर्थी

## एएमसी स्टेडियम में पहले दिन एआरओ लखनऊ के तहत 13 जिलों की कराई प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तत्वावधान में रिक्रूटिंग ऑफिस (मुख्यालय), लखनऊ द्वारा शुक्रवार से अग्निवीर भर्ती शुरू हो गई। पहले दिन छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं पास) श्रेणी के लिए भर्ती रैली कराई गई।



लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में भर्ती रैली को झंडी दिखाते मेजर जनरल मनीष कुमार जेडआरओ। अमृत विचार

इस श्रेणी के लिए 13 जिले लखनऊ, औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर और फतेहपुर के कुल 370 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। इसमें 265 अभ्यर्थियों ने भर्ती रैली में हिस्सा लिया। गुरुवार रात से ही अभ्यर्थी परिसर में जुटने लगे थे। पहले दिन मेजर जनरल मनीष कुमार, जेडआरओ (यूपी और यूके) ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने लंबी कूद, गड्ढा कूद, 1.6 मीटर की दौड़ आदि में अपनी प्रतिभा दिखाई। 13 जिलों से लगभग 13 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। 7 फरवरी को इन सभी जिलों की तहसीलों के लिए अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल (एसकेटी) श्रेणी के लिए भर्ती रैली कराई जाएगी। भर्ती रैली 16 फरवरी तक चलेगी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एनसीसी कैडेटों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर में शामिल हुए थे कुल 127 एनसीसी कैडेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एनसीसी निदेशालय उप्र ने शुक्रवार को जन भवन में भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया। इस समारोह में नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी)-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के एनसीसी कैडेटों को मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण एवं रजत पदक देकर सम्मानित किया।



जन भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सम्मानित एनसीसी कैडेट व सेना के उच्च अधिकारी।

लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज व मेरठ के कुल 11 एनसीसी ग्रुपों से 127 एनसीसी कैडेटों ने कर्नल अमिताभ कुमार, कंटिंजेंट कमांडर के नेतृत्व में आरडीसी- 2026 में उप्र का प्रतिनिधित्व किया। कैडेटों ने अनुशासन, समन्वय, नेतृत्व तथा सांस्कृतिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मेजर जनरल गौरव गौतम, वीएसएम, अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय (उप्र) ने संबोधित करते हुए कैडेटों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और उच्च प्रशिक्षण मानकों की सराहना की।

एनसीसी ग्रुप गाजियाबाद को इंटर-ग्रुप कंपीटिशन बैनर भेंट किया गया, जिसे ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत समुदायिक प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में प्रशिक्षित उत्तर प्रदेश के एनसीसी कैडेटों को भी आरडीसी - 2026 के दौरान विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ के लेफ्टिनेंट कर्नल अनिमेष राय के विशेष मार्गदर्शन में इन कैडेटों का चयन राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों को योजना के संबंध में ब्रीफिंग देने के लिए किया गया।

### स्वर्ण पदक विजेता

एसयूओ अजीत कुमार सिंह–वाराणसी 'ए', एसयूओ दिया नेहरा– अलीगढ़, एसयूओ महक– बरेली, यूओ रूबी–गाजियाबाद, एल/कॉर्पोरल सूरज वर्मा– लखनऊ, कैडेट शिवम तिवारी– प्रयागराज

### रजत पदक विजेता

एसयूओ यश चंद्रा–अलीगढ़, यूओ माधव–बरेली, सार्जेंट आरव सक्सेना– गाजियाबाद, कैडेट सार्जेंट चंद्रमौली उपाध्याय– वाराणसी 'बी', कैडेट अक्षिता सिंह–मेरठ, एसयूओ इशिका यादव–आगरा

# माफिया की जेल से अवैध रिहाई पर सख्त निर्देश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जांच के दायरे में आ रहे बांदा जेल के आधा दर्जन कर्मी

**अमृत विचार:** कुख्यात स्कैप माफिया और गैंगस्टर रविन्द्र उर्फ रवि काना की बांदा जेल से अवैध रिहाई के बाद जहां जेल अफसरों और कर्मियों की दिक्कतें दिनों दिन बढ़ रही हैं, वहीं प्रदेश के महानिदेशक कारागार पीसी मीणा ने भी तल्ख रुख अपनाया है। उन्होंने प्रदेश भर के जेल अधीक्षकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। कहा है कि बंदियों की रिहाई में यदि लापरवाही हुई तो फिर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर रवि काना को फरार हुए सप्ताह भर बीत चुका है। लेकिन अभी तक गिरफ्तारी तो दूर पुलिस उसका सुराग तक नहीं लगा सकी है।

उधर इस मामले में बांदा जेल के अधीक्षक, जेलर और डिप्टी जेलर के निलंबन के बाद बांदा के एडीशनल पुलिस अधीक्षक शिवराज के नेतृत्व में पांच सदस्यीय विशेष टीम रवि काना की रिहाई की जांच कर रही है। टीम ने दर्जन भर जेल कर्मियों के बयान लिए हैं, वहीं अन्य साक्ष्यों को भी एकत्र किया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि विशेष जांच में आधा दर्जन बंदी रक्षक भी संदेह के घेरे में आ रहे हैं। जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर आला अफसरों को भेज दी जाएगी।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रांसफार्मरों से तेल व क्वायल चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** चोरों ने नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मरों को गिरा कर उससे क्वायल व तेल चोरी कर लिया। ग्राम मलिकपुर निवासी रामशरन पुत्र आत्माराम व सुरेन्द्र पुत्र दयाशंकर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनके पिता आत्माराम व माता सावित्री के नाम नलकूप पर बिजली का कनेक्शन है। यहां डबल पोल पर रखे ट्रांसफार्मरों से चोरों ने तेल व क्वायल चोरी कर लिया।

### युवती को धमकाने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** ग्राम निवासी युवती ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह गुरसहायगंज के मोहल्ला मुजाहिद नगर निवासी फैयाज बातचीत करती थी। इसके बाद उसने बात करना बंद कर दिया। इस पर युवक ने बात करने का दबाव बनाया। बात न करने पर उसके साथ गालीगलौज और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कल से निशुल्क राशन वितरण

**कन्नौज।** डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 08 से 26 फरवरी तक कराया जाएगा। अन्त्योदय अन्न योजना कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं, 11 किलोग्राम चावल एवं 10 किलोग्राम बाजरा (कुल 35 किग्रा. खाद्यान्न) मिलेगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रत्येक यूनिट के सापेक्ष 02 किलोग्राम गेहूं, 01 किलोग्राम चावल एवं 02 किलोग्राम बाजरा (कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति यूनिट) मिलेगा। मोबाइल ओटीपी से वितरण 26 फरवरी को होगा। वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक उचित दर दुकान पर पर्यवेक्षक/ नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। ई-पॉस मशीनों से खाद्यान्न का वितरण प्रतिदिन सुबह 08 से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 02 से शाम 06 बजे तक किया जाएगा।

### कल एक घंटा गुल रहेगी बिजली

**कन्नौज।** 132 केवी मकरंदनगर ट्रांसमिशन सेंटर, कन्नौज के अवर अभियंता अखिलेश चंद्र वर्मा ने बताया कि 132केवी उपकेंद्र कन्नौज पर 132 केवी मेंन बस प्रथम एवं द्वितीय के जम्फर टाइटिंग एवं मेंटीनेंस का कार्य 08 फरवरी को किया जाएगा। इस कारण सभी 33 केवी विद्युत उपकेंद्र मकरंदनगर, 33 केवी बहादुरपुर, 33 केवी जसपुरापुर, 33 केवी मेडिकल कॉलेज, 33 केवी जिला न्यायालय, 33 केवी बेहरीन, 33 केवी मानपुर, 33 केवी ठठिया, 33 केवी गुगरापुर एवं 33 केवी तिर्वा की सप्लाई 08 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे से 01:00 बजे तक नहीं मिलेगी।

### फॉर्म-7 से नाम कटने की बात भ्रामक

**छिबरामऊ।** उप जिलाधिकारी एवं एआरओ ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। बताया कि 27 अक्तूबर से 4 फरवरी तक एईआरओ के प्रशिक्षण एवं समीक्षा कार्य संपन्न हुए। बताया कि ईआरओ की वेबसाइट के आंकड़ों के अनुसार, फॉर्म-6 (नाम जोड़ने) के 15,873 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि फॉर्म-7 (नाम काटने) मात्र 968 और फॉर्म-8 (नाम संशोधन) के 4,385 आवेदन आए। यह स्पष्ट है कि नाम जोड़ने के आवेदनों की तुलना में नाम हटाने के फॉर्म नगण्य हैं। अतः फॉर्म-7 से बड़े पैमाने पर नाम काटे जा रहे हैं, यह अफवाह है।

### महिला को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** नगर निवासी युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके चार बच्चे हैं। नगर पंचायत समधन के मोहल्ला आजाद नगर निवासी आदिल 15 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे पत्नी को साथ भगा ले गया। कोतवाली पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है।

# जहां के प्रशासक हैं बीएसए, वहीं नहीं मिलता आरटीई का लाभ

**मनमानी**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गैंगस्टर नवाब सिंह यादव व उनके परिजनों का बचपन स्कूल दिसंबर 2024 में कुर्क हो चुका है
- जरूरतमंद बच्चों के लिए आसान नहीं है कॉन्वेंट विद्यालय में फ्री योजना के तहत पढ़ाना

**अमृत विचार।** तिर्वा कोतवाली के निकट कई वर्षों से बचपन प्ले स्कूल संचालित है। गैंगस्टर नवाब सिंह यादव व उनके परिजनों की संपत्ति का हवाला देकर प्रशासन ने इसे कुर्क किया है। वर्तमान में इसके प्रशासक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हैं। उसके बाद भी इस विद्यालय में जरूरतमंदों को निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 का लाभ नहीं मिलता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जोर है कि दुर्बल व अलाभित वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर आरटीई के तहत प्रवेश मिल सकें, लेकिन जनपद के कुछ अधिकारी, जनप्रतिनिधि व माफिया मिलकर इस योजना को पलीता लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बचपन प्ले स्कूल को संचालित हुए करीब आठ वर्ष हो रहे हैं लेकिन अब तक उसका यू-डायस कोड नहीं जारी हुआ है, जबकि विद्यालय नर्सरी से कक्षा आठ तक संचालित है। सैकड़ों बच्चे इस विद्यालय के वाहन, स्वयं के संसाधन व पैदल चलकर पढ़ने आते हैं। कुर्की के समय बच्चों के भविष्य का हवाला देते हुए इसे बंद नहीं किया गया और बीएसए को प्रशासक की जिम्मेदारी देते हुए इसका संचालन लगातार हो रहा है। गैंगस्टर नवाब सिंह यादव व उनके भाई पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीरपाल सिंह नीलू और उनके परिजनों की संपत्ति बताकर ही जिला व पुलिस प्रशासन ने मिलकर 23 दिसंबर 2024 में कुर्क किया था। मामला इतना सुर्खियों में रहा और यह बिना यू-डायस कोड के संचालित है। इसको लेकर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।



तिर्वा कस्बे में गुरसहायगंज मार्ग के निकट स्थित बचपन स्कूल का मुख्य द्वार।

### जब प्रभारी ने जानकारी देने से मना किया

**कन्नौज।** बचपन स्कूल की खामियों पर जिम्मेदार का पक्ष जानने के लिए जब विद्यालय जाकर प्रभारी प्रधानाचार्य से बात की गई तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया। न ही यह बताया कि स्कूल कब से संचालित है और न ही बच्चों का आंकड़ा बताया। यहां तक अपना नाम तक बताने तक से मना कर दिया। इतना ही बताया कि स्कूल नर्सरी से कक्षा 08 तक संचालित है।


विद्यालय भवन पर लगी कुर्क होने की सूचना।

### जानिए क्या है यू-डायस कोड

यू-डायस कोड को हिन्दी में शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली कहते हैं। यह 11 अंकों का एक विशिष्ट कोड है जो स्कूलों की पहचान के लिए उपयोग होता है। सरकारी, निजी, सहायता प्राप्त व गैर सहायता प्राप्त सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए यू-डायस कोड जरूरी होता है।

बचपन स्कूल की मान्यता है। यू-डायस कोड नहीं है यह जानकारी मिली है। विद्यालय का यू-डायस कोड जारी कराया जाएगा।
**संदीप कुमार, प्रशासक/ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**

# बालिग हुए बच्चे, आज से उनके अभिभावक देंगे सीटेट

## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय में शिक्षकों को दो साल में पास करना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कई अध्यापकों की संताने कर रहीं नीट, यूपीएससी की तैयारी, खुद भी परीक्षा से गुजरेंगे
- 07 व 08 को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा होगी

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं इन दिनों खासे परेशान हैं। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने दो साल के अंदर सीटेट या यूपीटेट पास करने का निर्णय दिया है। इस निर्णय के बाद से अध्यापक नौकरी बचाने के लिए टेट की तैयारी में जुटे रहे। दूसरी ओर कई बेसिक शिक्षकों के बच्चे बालिग हो चुके हैं। यूपीएससी व नीट आदि की तैयारी कर रहे हैं। कईयों के तो सरकारी सेवा में आ चुके हैं। इस दहलीज पर पहुचने के बाद भी अध्यापकों को एक और परीक्षा से गुजरना पड़ रहा है।

दरअसल, 07 व 08 फरवरी को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) संपन्न होगा। जनपद के ज्यादातर परीक्षार्थियों जिसमें परिषदीय स्कूलों के शिक्षक व शिक्षिकाएं भी शामिल हैं का परीक्षा केंद्र कानपुर में है। एडमिट कार्ड भी जारी हो गए हैं।

बताया गया है कि सात व आठ फरवरी को पेपर सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2:30 से शाम 05 बजे तक संपन्न होगा। हालांकि परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करने का समय दो घंटे पहले से शुरू हो जाएगा। बताया गया है कि अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए सैकड़ों शिक्षक कोचिंग पढ़ते रहे। यूट्यूब व अन्य संसाधनों से भी तैयारी में जुटे रहे। परीक्षा देने वाले अध्यापकों का कहना है कि अगर उन्होंने दो साल के अंदर इसे पास नहीं किया तो उनकी नौकरी तक जा सकती है। एक शिक्षक ने बताया कि सेवा काल 06 साल रह गया है उसके बाद भी परीक्षा की तैयारी की। एक शिक्षिका ने नाम न छापने पर बताया कि एक बेटा सरकारी सेवा में है। दूसरा बालिग है और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। अब जाकर उनको भी परीक्षा देनी पड़ रही है।

# फसलों को कीट से बचाने के लिए सोलर लाइट ट्रैप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** फसलों को कीट प्रकोप से सुरक्षित रखने के लिए सोलर लाइट ट्रैप जनपद के आठों विकास खंड की कृषि रक्षा इकाई में उपलब्ध हैं। इससे किसानों को कीड़ों से लगभग 100 प्रतिशत सुरक्षा मिलेगी। साथ ही आधुनिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा मिल सकेगा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी संत लाल गुप्ता ने यह जानकारी दी है।

आगे बताया कि कृषि में रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों, बढ़ती लागत एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए यह पर्यावरण- अनुकूल सोलर लाइट ट्रैप उपयोगी सिद्ध हो रहा है। यह उपकरण सौर ऊर्जा से संचालित है, जो दिन में सूर्य की रोशनी से चार्ज होकर रात में स्वतः चालू हो जाता है और पराबैंगनी प्रकाश के माध्यम से पतंगे, सफेद मक्खी, थ्रिप्स (चिप्स) जैसे उड़ने वाले हानिकारक कीटों को आकर्षित कर नष्ट करता है। यह सोलर लाइट ट्रैप एक से दो एकड़ क्षेत्रफल तक प्रभावी है, जिससे यह छोटे एवं बड़े दोनों किसानों के लिए लाभकारी है और कीटनाशकों पर होने वाला खर्च लगभग शून्य हो जाता है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि यह कृषि रक्षा इकाइयों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। इसकी कुल कीमत 635 रुपये है, जिस पर 476.25 रुपये अनुदान है।

# अहमदपुर रौनी की रेशमा का था जला मिला शव

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- 20 दिन पहले गांव के युवक के साथ हुई थी गायब
- परिजन कर रहे थे खोज, आरोपी के खिलाफ हत्या की तहरीर

**अमृत विचार।** कानपुर-गाजियाबाद ग्रीन बेल्ट हाईवे के निकट मिले युवती के अधजले शव की पहचान परिजनों ने अहमदपुर रौनी निवासिनी के रूप में की है। युवती 20 दिनों से लापता थी। वह गांव के ही युवक के साथ गई थी। अब पुलिस आरोपी को खोज में जुट गई है। शिनाख्त होने के बाद परिजन ने आरोपी के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है।


रेशमा की फाइल फोटो।

सदर कोतवाली के रिजगिर क्षेत्र में हाईवे के किनारे आलू के खेत में युवती का अधजला शव मिला था। इसके बाद पुलिस मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही थी। शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया था। गुरुवार को खोज करते हुए परिजन जब पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की पहचान रेशमा उर्फ महक (19) पुत्री असी अली के रुप में की। शिनाख्त होने के बाद परिजनों ने बताया कि पुत्री करीब 20 दिन पहले गांव के ही निवासी एक युवक के साथ चली गई थी। वे लगातार उसकी खोज कर रहे थे। यही नहीं युवक के परिजनों पर दवाब बना रहे थे। इसीके चलते उक्त युवक ने युवती की हत्या करने के बाद शव को रिजगिर क्षेत्र में लाकर कोहरे का फायदा उठाते हुए जला दिया था। युवती का चहरा किसी तरह जलने से बच गया था। इसी से उसकी शिनाख्त हो गई। अब पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस की कुछ टीमों को अन्य प्रांतों में भी रवाना किया गया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। दो से चार दिन में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# ब्लाक प्रमुख पति व भतीजे पर अपहरण का आरोप

संवाददाता गुरसहायगंज

- ठेका लेने को लेकर लूट, मारपीट व धमकी देने की भी कही बात
- आरोपी बोला, ठेका न मिलने से साजिशन लगाए जा रहे आरोप

**अमृत विचार।** ठेकेदार ने ब्लॉक प्रमुख पति व भतीजे पर अपहरण, लूट व मारपीट सहित धमकी देने का आरोप लगाया है। ठेकेदार ने अपने साथियों के साथ कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी और रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

थाना छिबरामऊ के मोहल्ला गणेश चौधरी निवासी ठेकेदार रुपेंद्र राजपूत ने बताया कि 05 फरवरी को वह निविदा प्रपत्र खरीदने तेराजाकेट स्थित तालग्राम ब्लाक मुख्यालय पहुंचा था। इसी दौरान तालग्राम ब्लॉक प्रमुख का भतीजा अपने साथियों के साथ वहां आया। आरोप लगाया कि रुपये व कागजात रखे बैग को छीन लिया। इसके बाद उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद उसे छिबरामऊ निगम मंडी के पीछे एक खंडहर में ले जाया गया। जहां पर ब्लॉक प्रमुख पति भी मौजूद थे। ठेकेदार ने आरोपियों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोतवाल अजय कुमार अवस्थी ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मामले में ब्लॉक प्रमुख पति राजीव सिंह उर्फ पुच्ची ठाकुर ने आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि ठेकेदार ने किसी साजिश के तहत उन पर आरोप लगाए हैं। ठेकेदार रूपेंद्र को पहले ही कई ठेके मिल चुके हैं। जब किसी दूसरे को ठेका मिला तो ठेकेदार आपस में लड़ गए। इस मामले में उनका नाम बेवजह घसीटा जा रहा है। आरोपों की निष्पक्ष जांच होने पर साजिश का पर्दाफाश होने की बात कही। मामले को लेकर रूपेंद्र अपने समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे और कोतवाल अजय अवस्थी को लिखित शिकायत दी है।

# यूविन पोर्टल पर गुगरापुर की फीडिंग की प्रगति खराब, डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** यूविन पोर्टल पर गुगरापुर ब्लाक की फीडिंग की प्रगति खराब पाई गई। इस स्थिति को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यूविन पोर्टल के संबंध में शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें समीक्षा के दौरान गुगरापुर ब्लाक की फीडिंग की खराब स्थिति को लेकर उन्होंने साफ कहा कि पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की फीडिंग शत-प्रतिशत होनी चाहिए। इसके अलावा 16 से 27 फरवरी 2026 तक एम.आर. (खसरा व रूबेला वैक्सीन) कैम्पेन चलाने की जानकारी दी। कहा कि अभियान के अन्तर्गत जनपद के सरकारी शिक्षण संस्थानों स्कूल, मदरसों आदि में


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी, सीडीओ व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी। अमृत विचार

- बैठक कर दिए निर्देश, गर्भवती व बच्चों की हो शत प्रतिशत फीडिंग

कक्षा-1 से 5 तक के सभी बच्चों को एम.आर. वैक्सीन की डोज से आच्छादित किया जाएगा। निर्देश दिये कि इस संबंध में चिकित्सा विभाग माइक्रोप्लान तैयार कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवश्य उपलब्ध कराए। 16 से 27 फरवरी के मध्य प्रत्येक दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केपी त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजली पोल टूटा, रास्ते के आरपार दीवार पर टिका

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** आनंदीदास मोहल्ले में टूटा बिजली का पोल मकान की दीवार के सहारे टिक गया है। यह किसी भी समय हादसे का कारण बन सकता है।

देहात ही नहीं शहर में भी बिजली व्यवस्था का हाल खराब है। करोड़ों रुपये बिजली सुधार पर खर्च होने के बाद भी स्थिति जस की तस है। इसी का उदाहरण शहर के मोहल्ला आनंदीदास है। यहां एक बिजली का पोल कई दिन से टूटकर मकान की दीवार के सहारे टिका है। खास बात तो यह है कि पोल में तार नहीं हैं। इसमें बंच कंडक्टर केबिल डाली गई है। इसी से निकली लाइन से आधे मोहल्ले को बिजली की आपूर्ति की जाती है। पोल दीवार के सहारे टिका होने से मोहल्ले समेत यहां से निकलने वालों के लिए भी खतरा बना है। खास बात यह भी है कि इसी मार्ग पर आगे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सिटी ब्रांच भी स्थित है जिससे तमाम ग्राहकों का दिन भर आवागमन होता है। लाइनमैन से लेकर मीटर रीडर नियमित इसी मार्ग से निकलते हैं। इनकी नजर भी इस टूटे पोल पर पड़ती है पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में मोहल्ले के लोग बताते हैं कि लाइनमैन कहता है कि पोल टूटे होने की जानकारी उसने संबंधित जेई को दे दी है।


शहर के मोहल्ला आनंदीदास में दीवार के सहारे टिका बिजली का टूटा पोल।

**कन्नौज दौरा** क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंच परिचय के बाद खेलीं कुछ गेंदें

# सपा अध्यक्ष फिर बोले, कन्नौज का पूर्व में कराया विकास

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** शोक संवेदना कार्यक्रम के बाद सपा अध्यक्ष व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने स्व. मुन्ना बाथम के प्रतिष्ठान पर जाकर जलपान ग्रहण किया। इसके बाद डी एन इंटर कॉलेज मैदान पर चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंचे। इंदरगढ़ व राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के बीच खेले जा रहे मैच के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कुछ गेंदें भी खेलीं। इसके बाद प्रेस से बातचीत में कन्नौज के पूर्व में कराए विकास को फिर से दोहराया

कहा कि ओटीटी पर फिल्म जो आज प्रदर्शित हुई उसका नाम बहुत ही आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि उनकी तत्कालीन सरकार में मेडिकल कालेज पैरामेडिकल मेडिकल, कैंसर , हृदय रोग अस्पताल ,राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परफ्यूम पार्क ,आलू मंडी कॉउ मिल्क प्लांट, सहित दर्जनों पुलों का निर्माण कराया है जिनका भाजपा सरकार आज तक रंगरोगन भी नहीं करवा पाई है। एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि कन्नौज में जिस प्रकार किसान अपना आलू फेंक रहा है उसी प्रकार वह भाजपा सरकार को भी फेंक देगा। सपा सरकार आने के बाद विश्व स्तरीय स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा।

**सुख-दुख के भागीदार बने, ढांढस तो कहीं दिया आशीष :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने शुक्रवार को तिर्वा में वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. परमानंद तिवारी, जवाहर नगर वार्ड के सभासद, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष आनंद कृष्ण पिंकू कठेरिया के छोटे भाई स्व. अंकित कठेरिया, लोहिया नगर में वरिष्ठ कार्यकर्ता संगीता पांडे के युवा पुत्र प्रथम पांडे, इंदिरा नगर स्थित पूर्व नगर अध्यक्ष आबिद अली के भाई आशिक अली, अवंती बाई नगर स्थित जयकरण यादव के पुत्र, सुभाष नगर निवासी अंशुल गुप्ता के पिता उमेश चंद्र गुप्ता की मृत्यु पर शोक संवेदना प्रकट कर सभी के परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद एक होटल में पहुंचकर उद्योगपति राम दीक्षित के पुत्र तथा कस्बा निवासी डॉक्टर संजय पाठक की पुत्री को विवाह पर आशीष दिया।


तिर्वा खेल मैदान पर खिलाड़ियों से हाथ मिलाते सपा प्रमुख। अमृत विचार


पत्रकारों से बात करते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव।

# युवक को गंगा में डुबोकर मारने के मामले की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की पुष्टि

तंत्रमंत्र के चलते युवक को गंगा नदी में डुबो कर मार डालने के मामले की पुलिस ने जांच शुरू की है। पुलिस लोगों से पूछताछ करने के साथ ही साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रही है।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर जलेसर निवासी रबिंद्र कुमार (24) पुत्र बाबूराम सिर के दर्द से परेशान था। इलाज कराने के बाद भी उसे लाभ नहीं हो रहा था। इस पर लोगों ने उसे झाड़फूंक कराने की सलाह दी थी। आरोप है कि चार फरवरी को फोन कर सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मढहरपुर निवासी कुछ लोगों को बुलाया था। उक्त लोग रबिंद्र व उसके भाई बीरेंद्र को अलीपुर गांव के पास गंगा नदी के किनारे ले गये। इसके बाद रबिंद्र की झाड फूंक की। यहीं नहीं उसकी पिटाई भी की गई। इसके बाद उसको गंगा में जबरन डुबकी लगवाई।


रविंद्र की फाइल फोटो।

जिस समय यह घटना हुई उस समय उसके छोटे भाई को कुछ सामान लेने के लिये भेज दिया था। इसके बाद आरोपी उसके भाई के शव को घर के बाहर डालकर फरार हो गये। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की है। वहीं पोस्टमार्टम में मौत का कारण पानी में डूबने से आया। पुलिस आसपास के लोगों के अलावा घटना स्थल पर मौजूद लोगों से भी साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रही है।

अमृत विचार
कानपुर, शनिवार,7 फरवरी 2026



न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर का किराया मांगने पर परिजन ने युवक को पीटा

**सौरिख।** थाना सौरिख क्षेत्र के ग्राम कूकापुर में ट्रैक्टर के किराए को लेकर हुए विवाद में एक युवक को जमकर पीट दिया गया। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महेन्द्र सिंह पुत्र दुर्विजय सिंह निवासी कूकापुर ने थाना सौरिख में प्रार्थना पत्र देकर बताया दिनांक 3 फरवरी को दोपहर में ट्रैक्टर के भाड़े की मांग को लेकर उसके ही परिवार के सर्वेश पुत्र रामसनेही से कहासुनी हो गई। आरोप है कि सर्वेश ने गाली-गलौज की जिसका विरोध करने पर उसे लात-घूंसों से पीटा। गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। थाना प्रभारी जयन्ती प्रसाद गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर जाँच पड़ताल प्रारम्भ कर दी गई है।

### भगवंतपुर (नगरिया) गांव को 78 साल से बिजली का इंतजार

**छिबरामऊ।** क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर के नगरिया गांव में आजादी के 78 वर्ष बाद भी विद्युत सुविधा नहीं पहुंच पाई है। ग्रामीणों के अनुसार, पूरा गांव ही बिजली विहीन है। दिन ढलते ही अंधेरा छा जाने के कारण दैनिक जीवन, अध्ययन और अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि गांव में शीघ्र विद्युत लाइन व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने बताया कि विकासखंड क्षेत्र के इस गांव के निवासी लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं और बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### खेल प्रतियोगिताएं अब नौ फरवरी से होंगी

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं अब 09 व 10 फरवरी को होंगी। इससे पहले प्रतियोगिताएं पिछले महीने बारिश के चलते स्थगित कर दी गईं थीं। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने बताया कि संबंधित दिनों में सुबह 09 बजे इच्छुक छात्र व छात्राएं प्रतिभाग करने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। परिचय पत्र व फीस रसीद लाना जरूरी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना क्षेत्र में खनन कर रहे एक ट्रैक्टर ने शुक्रवार सुबह सडक़ किनारे खड़े युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक हर्ष प्रभाकर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है।

यह घटना तब हुई जब जहानगंज निवासी हर्ष प्रभाकर अपनी स्कूटी के पास खड़े थे। चालक ने तेज गति से ट्रैक्टर चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर घायल के चाचा अजब सिंह जहानगंज थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने हर्ष प्रभाकर को मेडिकल जांच और उपचार के लिए कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### चार का शांतिभंग की धारा में चालान

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद चार आरोपियों को हिरासत में लिया। उपनिरीक्षक सत्यदेव ओझा ने बताया कि प्रथम पक्ष से कुलदीप पुत्र कन्हैया और संजीव पुत्र कन्हैया, निवासी बिरसिंहपुर, थाना राजेपुर, जनपद फर्रुखाबाद को गिरफ्तार किया गया। द्वितीय पक्ष से गौरव पुत्र रतेंद्र, जितेंद्र पुत्र कंचन सिंह और अवनीश पुत्र जितेंद्र, निवासी बिरसिंहपुर, थाना राजेपुर, जनपद फर्रुखाबाद को हिरासत में लिया गया। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भंग के आरोप में चालान किया गया है।

### सपा प्रदेश सचिव ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल

**फर्रुखाबाद।** सपा के प्रदेश सचिव (पिछड़ा वर्ग) यूनुस अंसारी की ओर से ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से कई ग्राम सभाओं में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में ग्राम सभा धर्मपुर कटरी में बेवा बुजुर्ग महिलाओं के साथ-साथ जरूरतमंद बुजुर्ग पुरुषों को कंबल वितरित किए गए।कार्यक्रम के दौरान सपा नेताओं ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और असहाय वर्ग की मदद करना सामाजिक जिम्मेदारी है और समाजवादी पार्टी हमेशा जरूरतमंदों के साथ खड़ी रही है।

# मंडी समिति के पास रोडवेज बस स्टैंड का होगा निर्माण

## प्रस्तावित जमीन का जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों संग किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


बलही के निकट बस स्टैंड की भूमि का निरीक्षण करते डीएम व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार।** सरायमीरा को जाम से निजात दिलाने के लिये मंडी समिति के निकट बलही गांव में रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कराने के लिये भूमि चिन्हित की गई है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जिला मुख्यालय पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। उन्होंने बस स्टैंड कन्नौज के निर्माण के लिये प्रस्तावित बलही स्थित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने भूमि की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध क्षेत्रफल, आवागमन का रास्ता, यातायात संपर्क, आसपास की सुविधाओं तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जांच पडताल की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भूमि से संबंधित समस्त राजस्व एवं तकनीकी औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इससे बस स्टैंड निर्माण निर्धारित समय-सीमा में प्रारंभ किया जा सके। कहा कि बस स्टैंड का निर्माण जनपद की परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देगा तथा यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं आधुनिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराएगा। प्रस्तावित बस स्टैंड के निर्माण से नगर क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा, जाम की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही स्थानीय व्यापार, रोजगार के अवसर एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, एआरएम रोडवेज अभिषेक वाजपेई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कन्नौज सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**तिर्वा।** तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर भिदासिन मोड़ के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद चालक डीसीएम लेकर फरार हो गया। पीछा कर लोगों ने टिडियापुर गांव के सामने रोक लिया।

शुक्रवार की शाम कोतवाली क्षेत्र भुगैतापुर गांव निवासी करण (20) बाइक से पास के ही गांव सहिल्लापुर गांव के दो दोस्तों के साथ कन्नौज से तिर्वा कन्नौज मार्ग से घर वापस जा रहे थे। जैसे भिदासीन मोड़ के पास पहुंचे तो तिर्वा से आ रही तेज रफ़्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हों गए। कोतवाल संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि बाइक सवार युवकों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। डीसीएम को कोतवाली परिसर में खड़ा कराया गया है।

# विद्यालय की दीवार पर छात्राओं ने उकेरी पेंटिंग


विद्यालय की दीवारों पर छात्राओं ने बनाई पेंटिंग व मौजूद बीएसए संदीप कुमार।

संवाददाता कन्नौज

- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की दीवारों पर उकेरी पेंटिंग
- छात्राओं की बनाई मनोहारी पेंटिंग की बीएसए ने प्रशंसा की

**अमृत विचार।** विकास खंड तालग्राम क्षेत्र के तेराजाकेट स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की दीवारों पर छात्राओं ने मनोहारी पेंटिंग बनाई है। इसकी बीएसए ने प्रशंसा की है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार शुक्रवार को बालिका विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी की फुल टाइम टीचर अनामिका की देखरेख में छात्राओं ने बेहतर काम किया है। पढ़ाई के साथ ही कला के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को जानकारी मिल रही है। कक्षा आठ की छात्राओं मीनू, अदिति, निधि, अनामिका, सरस्वती व कक्षा सात की छात्रा प्राची ने दीवारों पर फूल, पौधे व सामान्य ज्ञान से संबंधित पेंटिंग बनाई है। बीएसए ने विद्यालय की शिक्षिकाओं को नया करने व छात्राओं को बेहतर जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

### परिवार रजिस्टर की नकल के लिए रुपये मांगने का आरोप

**छिबरामऊ।** ग्राम पंचायत मिघौली में परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने को लेकर 200 रुपये प्रति व्यक्ति मांगे जाने का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया है।

महिलाओं का आरोप है कि पंचायत घर माधोनगर गांव में स्थित होने से नकल तैयार कराने के नाम पर उनसे रुपयों की मांग की गई है। विरोध में शामिल शीतला, रीता, सोनी देवी, रेशमा देवी, सोनी, पूजा, राधा, रामदेवी, सीमा और पार्वती ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पंचायत सचिव बन्नाम सिंह ने सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार करार दिया। कहा कि पंचायत भवन में महिलाओं की अधिक संख्या के कारण कुछ अव्यवस्था हो गई थी, जिसे नियंत्रित करने के लिए उन्होंने शांत रहने कोकहा था। किसी भी व्यक्ति से कोई धनराशि नहीं ली गई है और परिवार रजिस्टर की नकल सहित सभी कार्य पूर्णतः नियमों के अनुसार किए जाएंगे।

### राजकीय पुस्तकालय में विद्यार्थियों के पढ़ने को दीं गईं किताबें

**कन्नौज।** पुराने डीआईओएस कार्यालय भवन में राजकीय पुस्तकालय में करीब 35 विद्यार्थी व युवक- युवितयां तैयारी कर रहे हैं। उनके लिए एक शिक्षक ने निशुल्क पुस्तकें देने का ऐलान किया है। कुछ किताबें पहुंचा भी दी हैं।

श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज विशुनगढ़ के शिक्षक अनुज द्विवेदी ने बताया पुस्तकालय वह स्थान है जहां समाज के हर वर्ग के विद्यार्थी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों का पुस्तकों से बेहतर कोई मित्र नहीं होता है। जो मेधावी विद्यार्थी महंगी किताबें खरीदने में असमर्थ हैं उनके लिए उन्होंने पुस्तकें दीं हैं। शिक्षक का कहना है कि पीजीटी, टीजीटी व एसएससी आदि की तैयारियों से संबंधित कई पुस्तकों को दिया जाएगा।



पुस्तकें पकड़े खड़े विद्यार्थी व शिक्षक अनुज द्विवेदी।

# नया बाईपास स्वीकृत होने से व्यापारी खुश, मंत्री का स्वागत

संवाददाता,छिबरामऊ


बैठक कर जानकारी देते राज्य मंत्री असीम अरुण व विधायक अर्चना पांडे।

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व किराना एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एक रिसोर्ट में कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, विधायक अर्चना पांडेय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में नए बाईपास को स्वीकृत कराने को लेकर खुशी जताई।

इस दौरान किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने नवीन मंडी के सामने बने पुल से उतरने वाले वाहनों की रफ्तार बहुत तेज होने से लगातार हादसे होने की बात कही। सुरक्षा के लिए टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर की मांग की।उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता 'लालू' ने फर्रुखाबाद चौराहा, पूर्वी और पश्चिमी बाईपास तिराहा पर ट्रैफिक लाइट लगवाने का सुझाव दिया। महामंत्री अनिल यादव ने पूर्वी बाईपास पर मेजर जंक्शन, फर्रुखाबाद चौराहा और पश्चिमी बाईपास तिराहा को विकसित करने पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुशील दुबे, जिला संयुक्त महामंत्री संजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, हार्डवेयर एसो. अध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर, खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता आदि लोग रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में भांजे की मौत, मामा गंभीर

संवाददाता फर्रुखाबाद

- मामा के साथ बाइक पर ननिहाल जा रहा था 10 वर्षीय भांजा

**अमृत विचार।** जहानगंज थाना क्षेत्र में बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक पर जा रहे 10 वर्षीय भांजे की मौत हो गयी, जबकि मामा गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम तरा नगला निवासी अखिलेश राजपूत का दस वर्षीय पुत्र इंद्रेश अपने मामा सुवालाल पुत्र बुधपाल निवासी ग्राम बसोला, थाना शमशाबाद के साथ बाइक से ननिहाल जा रहा था। इंद्रेश कक्षा चार का छात्र था और तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मां का नाम नन्ही देवी है। ग्राम रूनी चुरससई के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे मामा और भांजे दूर जा गिरे। दुर्घटना में बालक इंद्रेश और उसका मामा गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से दोनों को तत्काल लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने इंद्रेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं मामा सुआ लाल का इलाज अस्पताल में जारी है, उसकी हालत गंभीर है। बालक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# पुलिस लाइन में एसपी आरती सिंह ने ली परेड की सलामी

संवाददाता फर्रुखाबाद


परेड के दौरान मातहतों को दिशा निर्देश देतीं पुलिस कप्तान आरती सिंह।

**अमृत विचार।** पुलिस कप्तानआरती सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली। परेड के दौरान पुलिस विभाग की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारी, यातायात शाखा, पुलिस लाइन में नियुक्त कर्मचारीगण तथा रिक्रूट आरक्षियों ने भाग लिया।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस कर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई। इस दौरान अनुशासन, एकरूपता एवं समयबद्धता पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवचयनित आरक्षीगण की पीटी एवं परेड का गहन निरीक्षण किया तथा उन्हें पुलिस सेवा में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और नियमों के पालन के महत्व से अवगत कराते हुए आवश्यक ब्रीफिंग दी। परेड निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा डायल-112 कार्यालय, पुलिस कैंटीन, मेस, परिवहन शाखा, बैरक, क्वार्टर गार्ड आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**फर्रुखाबाद।** कादरी गेट थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़पुर मोहल्ले में गुरुवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे में एक अज्ञात मजदूर की मौत हो गई। बढ़पुर निवासी प्रमोद के मकान में रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा था। गुरुवार सुबह प्रमोद शहर के लेबर चौराहे से एक मजदूर को काम के लिए साथ लाए थे। जिस मकान में काम चल रहा था, उसके बिल्कुल पास से 33 केवी की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। देर शाम कार्य के दौरान मजदूर अचानक असंतुलित हो गया और ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगते ही वह नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से झुलस गया। मजदूर को लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचाया, अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने जांच के बाद मजदूर को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मोर्चरी पहुंची और घटना की जानकारी ली।

# सीपी विद्या निकेतन में कॉफी विद प्रिंसिपल कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता कायमगंज



कार्यक्रम में मौजूद डॉ. मिथलेश अग्रवाल व प्रधानाचार्य आरके बाजपेई।

**अमृत विचार।** नगर के सीपी विद्या निकेतन स्कूल में नर्सरी विंग के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन के मध्य बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से काफी विद प्रिंसिपल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा अविभावकों की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. के. बाजपेई के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने सभी अविभावकों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया। विद्यालय के छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिससे सभी दर्शक भाव विभोर हो गये। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ आनर पलक अग्रवाल . राधिका अग्रवाल , प्रमिला लोयल तथा आशु अग्रवाल उपस्थिति रही।

विद्यालय की निदेशिका श्रीमती डॉ0मिथलेश अग्रवाल ने बच्चों को पढ़ाई स्वास्थ्य, सफाई व सुरक्षा के बारे में समझाया तथा उन्हें जीवन में आगे बढने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री दीपक कुमार जैना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकगण एवं छात्र/ छात्रायें उपस्थित रहे।

आयोजन | मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय का शुभारंभ

# एनएसएस से विकसित होती नेतृत्व क्षमता

संवाददाता फर्रुखाबाद



उद्घाटन के अवसर पर मौजूद कुलपति डॉ.अनिल चौहान व कुलसचिव रणजीत सिंह।

- छात्र-छात्राओं में नागरिक बोध, समरसता को बढ़ावा मिलेगा
- सामाजिक निर्माण में सक्रिय रहने को कार्यालय की स्थापना हुई

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

कुलपति डॉ. अनिल कुमार चौहान ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यालय की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्रों में सामाजिक चेतना, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित की जाएगी तथा उन्हें साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और आपदा राहत जैसी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर कुलसचिव रणजीत सिंह ने कहा कि योजना के जरिए छात्र-छात्राओं में नागरिक बोध, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही लोकतांत्रिक मूल्यों, टीम वर्क और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास कर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ पुष्पेन्द्र सिंह यादव, इंजीनियरिंग संकाय के डीन डॉ निखिल श्रीवास्तव, कला संकाय के डीन डॉ ललित यादव, पॉलीटेक्निक के प्राचार्य धीरेन्द्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# अस्पताल में महिला की मौत गलत इंजेक्शन का आरोप

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव पिलखना निवासी एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

पिलखना गांव निवासी रामनरेश अपनी 50 वर्षीय पत्नी मुनीशा को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर आए थे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि मुनीशा ने दम तोड़ दिया।

महिला की मौत होते ही पति रामनरेश और बेटियां मीरा व पूनम बिलख पड़ीं।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में तैनात स्टाफ ने गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे महिला की हालत और बिगड़ गई और उसकी जान चली गई। हंगामे की सूचना पर कस्बा चौकी प्रभारी सोमबीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली। अस्पताल के डॉक्टर विपिन कुमार ने बताया कि महिला के फेफड़ों में पानी भरा था और शुगर का स्तर काफी अधिक था। परिजनों ने यहां लाने से पहले किसी झोलाछाप से इलाज कराया था। अस्पताल में केवल गैस का इंजेक्शन दिया गया था और तत्काल रेफर कर दिया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हमीरपुर( हमीरपुर) उत्तर प्रदेश**
**वैवाहिक वाद सं. 164 सन 2025**
प्रीतम सिंह ऊर्फ छोटू पुत्र पुप्पन सिंह उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी थोक उंछा कस्बा व थाना सुमेरपुर परगना व तहसील हमीरपुर जिला हमीरपुर उ.प्र. -प्रार्थी/याची
बनाम
सोनम सिंह पुत्री स्व. सर्वेश सिंह निवासी ग्राम मलासा थाना भोगनीपुर परगना व तहसील पुखरायां जिला कानपुर देहात उ.प्र.
-प्रतिवादीगण
चूंकि उपरोक्त नामांकित प्रीतम सिंह ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा-13 (1) हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 12-03-2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यककोण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 05-02-2026के दिवस को निकाली गई है।
अदालत मुहर
आज्ञा से -मुंसरिम
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय
हमीरपुर ( उत्तर प्रदेश)

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक सवार युवक पुल से नीचे गिरा, गंभीर

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के कस्बे से कचौरा घाट जाने वाले मार्ग पर बने रेलवे ओवरब्रिज पर बाइक की टक्कर से दो युवक घायल हो गए, जिनमें एक युवक लगभग 50 फुट ऊंचे पुल से नीचे जा गिरा। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार रावण मार्केट निवासी साहिल पुत्र अजय कुमार जो किराए पर रहकर इंटर कॉलेज में अध्ययनरत है, अपने साथी तेजस निवासी सिसहाट के साथ बाइक से जा रहे थे जैसे ही दोनों रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंचे, सामने से एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में साहिल संतुलन बिगड़ने से करीब 50 फुट नीचे रेलवे लाइन किनारे बनी सड़क पर जा गिरा, जबकि तेजस पुल पर ही गिरकर घायल हो गया।

### कचहरी में चला स्वच्छता अभियान

**इटावा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन में जनपद न्यायालय क्षेत्र व कचहरी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की गई। डीबीए अध्यक्ष एडवोकेट राजेश कुमार त्रिपाठी ने सभी कैंटीन संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने और कूड़ा डस्टबिन में डालने के लिए निर्देश दिए। जिला जज रजत सिंह जैन के निर्देशन में अभियान चलाया गया। अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार, डीबीए के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी, राजेश यादव, डीबीए महामंत्री नितिन तिवारी, सीबीए महामंत्री अरुण गुप्ता, ईओ संतोष मिश्रा, राजीव त्रिपाठी, साकेत शुक्ला रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में मासूम छात्र घायल

**भरथना।** इटावा कन्नौज हाईवे पर ग्राम सीहपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत में एक छात्र घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत कस्बे के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार जारी है। हादसे में दूसरी बाइक पर पीछे बैठी एक महिला को भी चोटें आई हैं। बबलू यादव ने बताया कि उनका सात वर्षीय बेटा सीहपुर स्थित एक स्कूल में यूकेजी का छात्र है। रोज की तरह वे स्कूल से बच्चे को लेने पहुंचे थे। बच्चे को बाइक पर बैठाकर स्कूल से निकलते ही इटावा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्चा सड़क पर गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने घायल बच्चे को तत्काल कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### टीकाकरण का विशेष अभियान 16 फरवरी से

**बसरेहर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मीजल्स–रूबेला विशेष टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण अंतरविभागीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। आगामी 16 फरवरी से प्रारंभ होने वाले टीकाकरण अभियान की विस्तृत रणनीति एवं कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यह विशेष अभियान 1 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों के लिए चलाया जाएगा। बैठक में बीडीओ रमेश चंद्र मेहरा, चिकित्सा अधिकारी विकास सचान, एबीएसए सहित चिकित्सा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक्सीडेंट में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान हुई मौत

**इटावा।** सड़क हादसे में घायल एक अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। कस्बा बसरेहर निवासी जब अपने खेतों की ओर जा रहा था तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

### सीटीईटी परीक्षा आज और कल होगी

**इटावा।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 सीटीईटी का आयोजन 7 एवं 8 फरवरी को जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी सीबीएसई के जिला कोऑर्डिनेटर डॉक्टर आनंद ने केंद्र व्यवस्थापकों, ऑब्जर्वर्स के साथ संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल इटावा में आयोजित बैठक में देते हुए बताया कि सीबीएसई द्वारा निर्धारित 16 परीक्षा केंद्रों में से पहले दिन 7 फरवरी को 9 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन सी टी ई टी परीक्षा दो पालियों आयोजित की जाएगी।

# मकान से टकराई कार, एक की मौत

## कस्बा के दीन सहाय मंदिर के पास देर रात हुआ हादसा, चार लोग हुए घायल

संवाददाता भरथना इटावा



क्षतिग्रस्त कार तथा चारों तरफ बिखरा मलबा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इटावा–कन्नौज हाईवे पर विधूना की ओर से आ रही एक अनियंत्रित कार दो दुकानों, सरकारी नल और बिजली के पोल को तोड़ते हुए एक मकान में जा घुसी। हादसे में कार सवार पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में कार भी बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। घायलों का उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार पंकज पुत्र सोदान सिंह, अंकित कुमार पुत्र अहिवरन, हरिओम निवासी रूबपुरा थाना वैदपुरा, सूर्यांश पुत्र अजय तोमर निवासी इंद्रा आवास कॉलोनी इटावा तथा निखिल पुत्र अनिलेश निवासी आईटीआई चौराहा, किसी शादी समारोह में शामिल होने विधूना गए थे। जब वह से कार द्वारा इटावा लौट रहे थे। तभी मंदिर दान सहाय के समीप उनकी कार अनियंत्रित हो गई और दुकानों व सरकारी नल-बिजली पोल को तोड़ते हुए फल विक्रेता के मकान में जा घुसी। धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और कार में फंसे युवकों को निकालने में जुट गए। सूचना पर डायल 112 टीम पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से करीब 35 मिनट की मशक्कत के बाद कार में सवार लोगों को बाहर निकाला गया। सभी का इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया

सीएचसी भरथना में प्राथमिक उपचार के बाद सूर्यांश और पंकज की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में ही सूर्यांश ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में तैनात ईएमओ डॉ. ओमकांत ने बताया कि सूर्यांश को मृत अवस्था में लाया गया, जबकि पंकज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सैफई रेफर किया गया है।

उधर, मंदिर दान सहाय निवासी फल विक्रेता विकास पुत्र स्व. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि तेज धमाके की आवाज सुनकर बाहर आया तो दुकान पूरी तरह ढह चुकी थी। मलबे से घर का मुख्य दरवाजा भी बंद हो गया था। दुकान और मकान के आगे के हिस्से को भारी नुकसान पहुंचा है। बच्चे पास के कमरे में सो रहे थे, जो बाल-बाल बच गए। साथ ही दो पड़ोसियों की दुकानों को भी क्षति पहुंची है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में युवक की मौत होने की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

# हादसा : शार्ट सर्किट से लगी आग ने तीन घरों को चपेट में लिया

कार्यालय संवाददाता इटावा



घर में लगी आग से निकलतीं लपटें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गाड़ीपुरा मोहल्ले के एक मकान में शुक्रवार की दोपहर को शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। एक मकान से शुरू हुई आग घनी आबादी होने के कारण आग ने दो अन्य मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक युवती की अगले महीने होने वाली शादी के लिए रखा लाखों रुपये का दहेज का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार गाड़ीपुरा मोहल्ले में दिलशाद पुत्र निसार के मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में उसने पास स्थित मुस्तकीम और अली दराज के मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घरों से उठती आग की लपटें और धुएं को देखकर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आग की चपेट में दिलशाद की बहन की शादी के लिए दहेज के लिया रखा सामान रभी आ गया। बताया गया कि अगले महीने मार्च में शादी होनी थी, जिसके लिए फ्रिज, फर्नीचर, कपड़े और अन्य जरूरी सामान जमा किया गया था। आग लगने से पूरा दहेज का सामान जलकर राख हो गया जिससे परिवार को लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

- **शादी के लिए रखा दहेज का सामान जलकर राख**

मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन बिजली की लाइन चालू होने के कारण आग पर काबू पाने में दिक्कत आई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने बिजली की लाइन बंद कराई और कड़ी मेहनत के बाद आग बुझाई। पीड़ित दिलशाद ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है और कहा है कि बहन की शादी नजदीक है ऐसे में यह नुकसान परिवार के लिए बड़ा संकट है।

# अपराधी समाज के लिए नासूर इन पर न करें रहम : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता इटावा




जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला को सम्मानित करते डीएम।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने और लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। अभियोजन कार्यो की समीक्षा बैठक में उन्होंने अपराधियों को समाज के लिये नासूर बताते हुये कहा कि अपराधियों के प्रति कतई रहम न बरतते हुये सामाजिक हित में उनके अपराध की सजा के रूप में उन्हें जेल भिजवाना जरूरी है।

डीएम ने कहा कि निर्दोषों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये। उन्होंने महिला सम्बन्धी अपराधों, पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों पर प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अपराधियों को सजा दिलाने के लिए न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के लिए कहा। यह भी कहा कि कानून के प्रति भय कायम करने और सजा काटने के लिये अपराधियों को जेल भिजवाने के लिए पुलिस और अभियोजन अधिकारी एकजुट होकर ठोस कदम उठायें। डीएम ने गुंडा एक्ट पर तत्काल कार्यवाही करने एवं लगातार अपराध करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

- **डीएम ने जिला शासकीय अधिवक्ता को प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित**

बैठक में डीएम ने कहा कि गैंगस्टर, महिलाओं और बच्चों से संबंधित आपराधिक मामलों का निर्धारित समयावधि के अंतर्गत निस्तारण कराया जाए। लंबित प्रकरणों को कार्ययोजना बनाकर निस्तारित करें। उन्होंने डिप्टी सीएमओ से कहा कि सभी मेडिकल रिपोर्ट्स पर डाक्टर का नाम व पदनाम अवश्य होना चाहिए। जिलाधिकारी ने डीजीसी क्राइम शिवकुमार शुक्ला, एपीओ नीरा रानी, संजय कुमार को प्रशस्ति पत्र दिए।

### यमुना का जल स्तर बढ़ने से पैटून पुल टूटा

**बकेवर।** महेवा विकासखंड के ग्राम अन्दावा से नौगांव को जोड़ने वाले पैटून पुल पर यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से भारी वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। अन्दावा की ओर पुल के पास पानी भरने से बड़े वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। यह पैटून पुल करीब एक दर्जन से अधिक गांवों को चकरनगर तहसील से जोड़ता है। पुल के अभाव में ग्रामीणों को तहसील पहुंचने के लिए 30 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर महेवा, बकेवर और लखना होते हुए जाना पड़ता था। पुल बनने के बाद यह दूरी घटकर मात्र 5 किलोमीटर रह गई थी। ग्राम अन्दावा निवासी राजेंद्र निषाद, राकेश निषाद, मनोज यादव, मेहगम सिंह यादव, मोहित प्रजापति और अवनीश यादव ने बताया कि इस पुल से चकरनगर का रास्ता सुलभ हो गया था, लेकिन अब जलभराव के कारण भारी वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पैदल और मोटरसाइकिल से आवाजाही अभी भी किनारे से जारी है।

# जायंट्स दतावली ने भट्टा श्रमिकों को बांटे कंबल

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ दतावली ने डॉ शिव राज सिंह यादव सदस्य केंद्रीय समिति जायंट्स एवं ऊषा यादव सदस्य विशेष समिति जायंट्स के संयोजन में स्व. ग्याराम यादव के निर्वाण दिवस पर शिव शक्ति ईंट भट्टा इटावा के 60 श्रमिको कों कंबल एवं 11 महिला श्रमिकों को शाल भेंट कर सम्मानित किया।

विपिन मित्तल ने सभी श्रमिको को मद्यपान एवं धूम्रपान से स्वास्थ्य पर होने वाले हानिकारक कुप्रभाव की जानकारी देते हुए सभी प्रकार के नाशनिवारण हेतु आह्वान किया। इस मौके पर डॉ कैलाश यादव रश्मि यादव अध्यक्ष दतावली, आशीष यदुवंशी, एवं मुनीम जय भाई के साथ साथ आयोजन में सक्रिय सहभागिता हेतु विमल कुमार सिंह, स्मिता यादव, क्षमा दीक्षित, प्रेरणा जैन, कृष्णा शर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, सुषमा यादव, केशवती गोयल, दीप सिंह यादव, राम सजीवन यादव, विपिन पाल यादव, के पी सिंह शाक्य, समसुद्दीन शम्स, के साथ साथ सभी लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया। वहीं कंबल और शॉल पाकर सभी के चेहरों पर खुशी की लहर देखी गई।



भट्टा श्रमिकों को कम्बल व शाल देते डॉ. शिवराज सिंह यादव व डॉ. कैलाश यादव।

### सड़क हादसों में छह लोग घायल

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क दुर्घटनाओं में महिलाओं व पुरुषों सहित छह लोग घायल हो गए। **पहली घटना** शुक्रवार दोपहर की है, जब मोहल्ला फक्कड़पुरा निवासी 25 वर्षीय संध्या पत्नी जितेंद्र कुमार एवं 35 वर्षीय अमृत पत्नी स्वर्गीय धर्मेंद्र कुमार तहसील कार्यालय से लौट रही थीं। इसी दौरान ई-रिक्शा की टक्कर से दोनों घायल हो गईं। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। **दूसरी घटना** में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें 55 वर्षीय सोनेलाल पुत्र मातादीन एवं 30 वर्षीय सुखवीर पुत्र रामस्वरूप, निवासी ग्राम धोबई थाना करहल, जनपद मैनपुरी गंभीर रूप से घायल हो गए। **तीसरी दुर्घटना** में ग्राम नगला अर्जुन निवासी 40 वर्षीय वृज किशोर व ग्राम डुडहा निवासी 35 वर्षीय राघवेंद्र पुत्र भारत सिंह अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। सीएचसी से सभी छह घायलों को सैफई रेफर किया गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** इटावा से चाचा के घर से गांव जा रहे 25 वर्षीय बाइक सवार युवक को आगरा कानपुर नेशनल हाईवे बिजौली ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसको इलाज के लिए 50शैय्या अस्पताल लाया गया, जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वाहन चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा।



शिवराज।

औरैया जनपद के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनपुर निवासी राज कुमार का 25 वर्षीय पुत्र शिवा राज उर्फ अवनीश शुक्रवार की सुबह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर इटावा मुख्यालय के मानिकपुर मोड निवासी अपने चाचा संजय कुमार के घर गया हुआ था। जब वह दोपहर में चाचा के घर से बाइक पर सवार अपने गांव जा रहा था तभी बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाईवे बिजौली ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए 50शैय्या अस्पताल बकेवर लेकर पहुंची। वहां ड्यूटी पर तैनात पुष्पेंद्र उसका परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को हुई तो वह रोते बिलखते अस्पताल बकेवर पहुंच गये। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# माकपा ने गैरकानूनी टोल पर वसूली बंद करने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** हाईवे इटावा-फर्रूखाबाद रोड पर बख्तियारपुरा पर नया टोल प्लाजा बनाकर वाहनों से जबरिया- अवैध वसूली के विरोध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं किसान सभा द्वारा कामरेड मुकुट सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ला से भेंटकर गैर कानूनी प्लाजा और वसूली बंद कराने की मांग उठायी और ज्ञापन दिया।

कामरेड मुकुट सिंह ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 60 किलोमीटर के अंतर्गत दोबारा टोल टैक्स न वसूलने की घोषणा संसद में की गई है। इसी हाईवे पर चम्बल पार 30 किमी के अंदर बरही पर टोल प्लाजा पहले से चालू है। दूसरा नियम है कि सडक व पुलों के अधूरे निर्माण के दौरान टोल नहीं वसूला जा सकता है। जबकि बख्तियारपुरा से 500 मीटर पर लोहिया नहर के पुल व सड़क तथा भोगनीपुर नहर पुल दतावली का निर्माण अधूरा है। हर सूरत में बख्तियारपुरा टोल प्लाजा गैर कानूनी है।



डीएम को ज्ञापन देते कामरेड मुकुट सिंह साथ में अन्य लोग। अमृत विचार

प्रतिनिधि मण्डल में माकपा नेता प्रेमशंकर यादव, किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, माकपा जिला मंत्रिपरिषद सदस्य एवं पूर्व उपकुलसचिव डा. शौकीन सिंह, भगवती प्रसाद चौरसिया, नौजवान सभा के पूर्व अध्यक्ष मनोज राठौर भी शामिल रहे।

# महिला ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता बसरेहर इटावा

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर में शुक्रवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते एक 40 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार सुनीता देवी उर्फ रानी यादव पत्नी नीरज कुमार यादव उम्र 40 वर्ष ने सुबह अज्ञात कारणों के चलते कमरे के अंदर लगे पंखे के कुंडें से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के पुत्र आलोक कुमार ने सुबह कमरे के अंदर झांक कर देखा तो पंखे के कुंडें पर उसकी मां का शव लटका हुआ था। शव को लटका देख वह बुरी तरह चीखने चिल्लाने लगा । मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने फांसी के फंदे पर सुनीता उर्फ रानी को लटका देखा तो चौबिया थाना प्रभारी महेंद्र सिंह को सूचना दी । जानकारी होने पर चौबिया थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे । जांच पडताल के बाद शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया है कि मृतका के पुत्र आलोक कुमार ने सूचना दी थी कि मेरी मां ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे के अंदर फांसी लगा ली है । वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई कर रही है ।

### शराब के ठेके के पास मिला अधेड़ का शव

**इटावा।** इकदिल नहर पुल स्थित शराब के ठेके के पास अधेड़ का शव मिला। पुलिस के अथक प्रयास के बाद मृतक की शिनाख्त सुबोध कुमार मिश्रा 50 निवासी मालियन टोला छिपैटी कोतवाली इटावा के रूप में हुई। पुलिस ने अधिक शराब पीने से हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जताई है।

**दी जानकारी** सुदिति ग्लोबल एकेडमी में 'सुपर मॉम' प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# बच्चों के विकास में मां की अहम भूमिका : कमल

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी में बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मान देने हेतु 'सुपर मॉम प्रतियोगिता' का भव्य एवं भावनात्मक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना था कि बच्चे की पहली पाठशाला उसका घर होता है और उसकी पहली गुरु उसकी मां होती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मालती देवी, विशिष्ट अतिथि डॉ. निधि यादव निदेशक, गर्ल्स विंग तथा प्रधानाचार्य कमल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। किंडर गार्डन की हेड इंचार्ज किरण सक्सेना ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इसके उपरांत नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।




बच्चों के साथ माताएं व स्कूल का स्टाफ अमृत विचार

उद्घाटन के पश्चात किंडर गार्डन की नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों की माताओं के लिए पास दि बैलून, ग्रैब द ऑब्जेक्ट, बोल बेबी बोल, टंग ट्विस्टर, बैलेंसिंग, इसकी टोपी उसके सिर जैसे रोचक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। माताओं ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और मुस्कान के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता माताओं को शील्ड एवं आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम के अंत में नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत ग्रुप डांस "तेरी उंगली पकड़ के चला" ने उपस्थित सभी अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। कई माताओं की आंखें नम हो उठीं और सभागार तालियों से गूंज उठा।

अंत में प्रधानाचार्य कमल कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि "बच्चों की प्रथम गुरु माँ होती है। एक शिक्षक के साथ-साथ माँ भी बच्चे के बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाती है। इस प्रकार के खेल एवं क्रियात्मक कार्यक्रम अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं।

### नगला महासिंहपुर में पुस्तकालय का हुआ शुभारंभ

**महेवा।** ग्राम पंचायत फतेहपुरा के अंतर्गत पंचायत भवन नगला महासिंहपुर में ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए स्थापित किए गए पुस्तकालय का विधिवत शुभारम्भ खंड विकास अधिकारी ब्रज बिहारी त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। बीडीओ ब्रज बिहारी त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे बच्चों एवं युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा और वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी सुचारु रूप से कर सकेंगे। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी इंद्रपाल सिंह भदौरिया, ग्राम प्रधान पूनम चौहान, पंचायत सचिव नीलेश कुमार, विनय चौहान आदि रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़ौसी वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत दिनांक– 06.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ौसी वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 07/02/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 11/02/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरी सिंह के घर से राम सरन के घर तक सीसी नाली निर्माण | 935000 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 2 माह |

ज्योति– ग्राम प्रधान अनुज कुमार– पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर कैथोली वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत दिनांक– 06.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर कैथोली वि0ख0 किशनी जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 07/02/2026 को समय प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 09/02/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्वनाथ के घर से गुल्लू के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | 998694 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |
| 2 | रंजीत के घर से रामौतार के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण , | 852405/– | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 2 माह |

संतोष बाबू – ग्राम प्रधान अनुज कुमार– पंचायत सचिव

## न्यूज ब्रीफ

### भागवत कथा में महारास और रुक्मिणी विवाह का वर्णन

**फफूंद, औरैया।** कस्बे के गांव केशमपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राष्ट्रीय कथा व्यास प्रदीप मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए महारासलीला और रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने की निष्काम भावना से आराधना की थी। गोपियों की इसी पवित्र कामना को पूर्ण करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने महारास की लीला रची। शरद पूर्णिमा की रात्रि यमुना तट पर गोपियां सज-धजकर एकत्र हुईं। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी की मधुर ध्वनि गूंजी, गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर श्रीकृष्ण के समीप पहुंच गईं। मान्यता है कि वृंदावन का प्रसिद्ध निधिवन ही वह पावन स्थल है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने महारास की दिव्य लीला रचाई। रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए कथावाचक ने कहा कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम करती थीं। भगवान श्रीकृष्ण ने अन्य राजाओं को परास्त कर रुक्मिणी का हरण किया और उन्हें द्वारका ले जाकर विधि-विधान से विवाह किया।

### शासन से गठित टीम ने सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया

**दिबियापुर, औरैया।** शुक्रवार को शासन से गठित टीम द्वारा कस्बा स्थित सरकारी अस्पताल का आवश्यक औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी लैब को देखा व मरीजों से जानकारी हासिल की। मरीजों ने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाई जाने की बात कही। इस दौरान सीएचसी प्रभारी को टीम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। सरकारी अस्पताल का शासन द्वारा गठित टीम ने निरीक्षण किया जिसमें स्वास्थ्य, ओपीडी व भर्ती मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में दवा एवं सुविधाओं के बारे में पूछा। उपकरणों की क्रियाशीलता के बारे में भी मरीज से जानकारी ली गई। लैब में होने वाले सभी प्रकार की जांचों के बारे में जानकारी एवं मशीनों की क्रियाशीलता की जानकारी ली। चीफ फार्मासिस्ट से उपलब्ध दावाओ की संख्या उनके बारे में मांग पत्र की जानकारी ली।

# किशोरी से दुष्कर्म में 20 साल की हुई कैद

## 7 साल पुराने मामले में अदालत ने सुनाई सजा, 25 हजार का जुर्माना भी

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

- विशेष न्यायालय (पॉक्सो अधिनियम) ने सुनाया फैसला
- जुर्माने की आधी राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में मिलेगी



**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र में जनवरी 2019 में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म के सात साल पुराने मामले में विशेष न्यायालय (पॉक्सो अधिनियम) ने बड़ा फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने दोषी राम गोविंद को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 25,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया कि यदि दोषी जुर्माना जमा नहीं करता, तो उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जुर्माने की आधी राशि (12,500 रुपये) पीड़िता को मुआवजे के रूप में प्रदान की जाएगी। फैसला सुनाए जाने के बाद दोषी को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया है। जनवरी 1019 में पीड़िता 16 वर्ष से कम उम्र की थी। अभियुक्त राम गोविंद उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और इकदिल क्षेत्र के रीतौर में अपनी बहन के घर ले जाकर दुष्कर्म किया। अपराध के बाद उसने पीड़िता को गांव के बाहर बदहवाश हालत में छोड़ दिया। पीड़िता के परिजनों ने सदर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन रामगोविंद ने शुरुआत में धमकियां देकर रिपोर्ट दर्ज नहीं होने दी। बाद में प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने जांच पूरी कर चार्जशीट दाखिल की, जिसके बाद मामला विशेष पॉक्सो अदालत में विचाराधीन रहा। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा ने मजबूत से पैरवी की और कठोरतम सजा की मांग की। बचाव पक्ष ने आरोपी को निर्दोष बताते हुए बरी करने की अपील की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने राम गोविंद को दोषी करार दिया और 20 साल की सजा सुनाई।

## मारपीट में बुजुर्ग सहित दो घायल

**अछल्दा, औरैया।** नगला दरियाय गांव में गाली-गलौज का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि पड़ोसियों व उनके रिश्तेदारों ने महिला के बुजुर्ग पिता और चाचा के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

नगला दरियाय निवासी संगीता देवी पत्नी अतुल यादव ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 11 जनवरी की शाम करीब 8 बजे वह अपने घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान पड़ोसी शिशुपाल सिंह उर्फ भभरी और संजय सिंह, निवासी नगला दरियाय के घर पर कल्लू निवासी नगला धोकर, थाना कुदरकोट, रिश्तेदार के रूप में आया हुआ था। आरोप है कि कल्लू बिना किसी कारण गाली-गलौज कर रहा था। जब संगीता देवी ने गाली देने से मना करते हुए उसे समझाने का प्रयास किया तो कल्लू ने उनके बुजुर्ग पिता लाखन सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। चाचा अजय यादव के साथ भी शिशुपाल, संजय और कल्लू ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

# बाल उत्सव धूमधाम से मनाया

**संवाददाता अछल्दा (औरैया)**



कार्यक्रम के बाद अतिथि ने बच्चों को पुरस्कृत किया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) अछल्दा के सभागार में प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 जनपद स्तरीय बाल उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अछल्दा प्रवीण कुमार एवं जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) रक्षा चौहान ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसए संजीव कुमार ने कहा, "बाल उत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति क्षमता को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। मेरे बदलाव की कहानी और कॉमिक्स बुक जैसी गतिविधियों से बच्चों में सामाजिक सरोकारों की समझ विकसित होती है। हमारा प्रयास है कि ऐसे मंचों के माध्यम से बालिकाओं सहित सभी बच्चों को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। बाल

- जनपद स्तरीय बाल उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता

उत्सव के अंतर्गत जिले के समस्त विकास खंडों से आए लगभग 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिला नोडल बालिका शिक्षा एसआरजी सुनील दत्त राजपूत ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 30 बच्चों ने मेरे बदलाव की कहानी विषय पर तथा 30 बच्चों ने कॉमिक्स बुक आधारित चार्ट-पोस्टर पर रचनात्मक कार्य किया। दोनों ही प्रतियोगिताओं से चयनित 5-5 बच्चों को मंडल स्तर पर प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मीना मंच के माध्यम से बच्चों ने बालिका सशक्तिकरण से जुड़े अपने अनुभवों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। सभी प्रतिभागी बच्चों ने दोनों विषयों पर उत्साहपूर्वक कार्य किया। कार्य का अनुश्रवण जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर महेश शर्मा एवं सत्यम द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) रक्षा चौहान ने बताया कि जनपद स्तर से चयनित प्रतिभागी मंडल स्तर पर औरैया जनपद का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में डीसी कुलदीप सचान, मयंक उदेनिया, एआरपी अमित पाल, अनुपम कुशवाहा उपस्थित रहे।

# चार पहिया वाहन की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट

**संवाददाता अछल्दा**

**अमृत विचार।** अछल्दा थाना क्षेत्र के घांघरपुर गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज में चार पहिया वाहन की मांग को लेकर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

घांघरपुर गांव निवासी लवली पत्नी अनिल कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 29 मई 2023 को स्नेह कुमार उर्फ विष्णुके साथ हुई थी। लगभग सात से आठ लाख रुपये खर्च किए गए थे।आरोप है कि इसके बावजूद पति और ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे और विवाह के बाद से ही चार पहिया वाहन की मांग करने लगे। पीड़िता के अनुसार 28 नवंबर 2025 को जब उसके पिता और भाई समझाने ससुराल पहुंचे, तो उनके साथ भी मारपीट की गई, जिसकी एनसीआर थाना चौबिया में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद से विवाहिता मायके में रह रही है। 23 दिसंबर 2025 को पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोग एकराय होकर मायके पहुंचे और पंचायत के बहाने दबाव बनाते हुए खाली स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया। मना करने पर विवाहिता, उसके पिता और भाई के साथ मारपीट की गई तथा दहेज न देने पर जान से मारने और दूसरी शादी करने की धमकी दी गई।थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।

# बीमा कंपनी की सेवा में लापरवाही, 5 लाख से अधिक भुगतान का आदेश

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक महत्वपूर्ण फैसले में एचडीएफसी ईआरजीओ जनरल इंश्योरेंस कंपनी की कार्यप्रणाली को सेवा में घोर लापरवाही करार देते हुए पीड़ित उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय सुनाया है। आयोग ने बीमा कंपनी को वाहन मरम्मत की राशि 5,05,316 रुपये का भुगतान 45 दिनों के भीतर करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही परिवाद दाखिल करने की तिथि से वास्तविक भुगतान तक उक्त राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज तथा मानसिक उत्पीड़न और वाद व्यय के रूप में 10,000 रुपये अतिरिक्त देने के निर्देश भी दिए हैं। यह फैसला आयोग के अध्यक्ष जगन्नाथ मिश्र तथा सदस्य अमिता निगम और जितेन्द्र सिंह कुशवाहा की पीठ ने सुनाया। मामला कानपुर निवासी रश्मि की टाटा नेक्सन कार से जुड़ा है। अक्टूबर 2021 में उनकी कार औरैया के दिबियापुर रोड से चोरी हो गई थी। बाद में यह कार फतेहपुर सीकरी के पास एक गांव से क्षतिग्रस्त अवस्था में बरामद हुई। वाहन का पूर्ण बीमा होने के बावजूद बीमा कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर दिया था।

बीमा कंपनी का तर्क था कि चोरी के समय कार की चाबी वाहन के अंदर रह गई थी और चालक का लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया, जो पॉलिसी शर्तों का उल्लंघन है। वहीं परिवादिनी की ओर से अधिवक्ता संजीव पांडे ने आयोग के समक्ष दलील दी कि बीमा कंपनियां मानवीय भूल या तकनीकी बारीकियों का सहारा लेकर अपने दायित्व से नहीं बच सकतीं, खासकर जब वे वाहन सुरक्षा के नाम पर प्रीमियम वसूलती हैं। उन्होंने पुलिस रिपोर्ट और वाहन बरामदगी से जुड़े साक्ष्य भी प्रस्तुत किए।

सभी तथ्यों और दलीलों पर विचार करने के बाद आयोग ने बीमा कंपनी की सेवा में कमी मानते हुए उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया और कंपनी को निर्धारित समयसीमा में भुगतान करने के निर्देश दिए।

# स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा

**संवाददाता अयाना**

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अयाना में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए राज्य स्तरीय टीम ने विस्तृत निरीक्षण किया। इस टीम में डॉ. अबू तलह और धीरेंद्र साहू शामिल रहे,

निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति देखी। जैव चिकित्सा अपशिष्ट के निस्तारण के लिए निर्धारित मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए, ताकि संक्रमण के खतरे को कम किया जा सके। टीम ने लाल, पीले और नीले डस्टबिन के सही उपयोग और कचरे के सुरक्षित डिस्पोजल की प्रक्रिया को भी जांचा। टीम ने दवाओं के स्टॉक रजिस्टर का मिलान किया और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की। विशेष रूप से सर्पदंश वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता पर जोर दिया गया। एंटी-रेबीज वैक्सीन के स्टॉक की जांच की गई। कोल्ड चेन और वैक्सीन के रखरखाव के मानकों की समीक्षा की गई ताकि उनकी प्रभावशीलता बनी रहे। टीम ने लेबर रूम की सुविधाओं की गहन समीक्षा की। प्रसव के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं, उपकरणों की क्रियाशीलता और स्टाफ की मुस्तैदी को परखा गया। जच्चा-बच्चा सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने के कड़े निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में राज्य स्तरीय टीम ने सुधार के लिए आवश्यक सुझाव दिए और बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों की प्रशंसा भी की।

# बजरंगबली की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**संवाददाता, रुरुगंज, औरैया**



शोभायात्रा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के चन्दैया गांव में नवनिर्माण मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पांच दिनों से चल रहे यज्ञ के अंतिम दिन बजरंगबली की मूर्ति की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। भगवान बजरंगबली को नगर भ्रमण कराया। इससे पूर्व नगर में बजरंगबली की प्रतिमा की शोभा यात्रा निकाली गई।

जय सीताराम, जय बजरंग बली, श्रीराम जय राम जय जय राम के उद्घोष और भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालुओं ने रुरुकलां, रुरुगंज, साहूपुर, मलिकपुर, उड़ेलपुर आदि स्थानों पर भ्रमण करने के बाद बजरंगबली की शोभा यात्रा पुनः नवनिर्माण मंदिर परिसर पहुंची। आचार्य रोहणी प्रसाद शुक्ला वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बजरंगबली की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का दर्शन पूजन किया। कार्यक्रम के संयोजक उदयनारायण ने बताया कि मूर्ति स्थापना के एक दिन पश्चात यानी सात फरवरी दिन शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर राम प्रकाश, राकेश राजपूत, महेंद्र सिंह, गणेश चंद्र, नबाब सिंह आदि मौजूद रहे।



रामानंद चौबे को मनोनयन पत्र सौंपते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# रामानंद चौबे बने किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव

**कार्यालय संवादाता, औरैया**

**अमृत विचार।** लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम निर्णय लिए गए। इस बैठक में औरैया जनपद से जुड़े दो प्रमुख नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिससे जिले में किसान कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

बैठक के दौरान रामानंद चौबे को किसान कांग्रेस उत्तर प्रदेश का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया, जबकि श्री गिरीश सिकरवार को औरैया जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपकर सम्मानित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि रामानंद चौबे और गिरीश सिकरवार अपने-अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करते हुए किसानों की आवाज़ को मजबूती से सरकार तक पहुंचाएंगे। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं के मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# योग शिविर में 730 छात्रों ने लिया भाग

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आयुष मिशन (उत्तर प्रदेश सरकार) के तहत संचालित योग वेलनेस सेंटर की गतिविधियों के अंतर्गत जनपद औरैया में एक विशेष योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, औरैया के योग वेलनेस सेंटर की पहल पर एसएस एकेडमी, गायत्री नगर, औरैया में संपन्न हुआ।

शिविर में कुल 730 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समाज के महत्व को समझने और समय के साथ आने वाले बदलावों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने की कला सिखाना रहा। छात्रों को स्वस्थ बनाए रखने, संयमित जीवन जीने और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित हुआ। इसमें जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. सुधांशु दीक्षित तथा डीपीएम आयुष गौरव पांडे के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षण दिया गया। योग वेलनेस सेंटर के प्रभारी एवं योग प्रशिक्षक योगेंद्र कुमार मिश्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ स्वास्थ्य और सामाजिक मूल्यों के संतुलन पर जोर दिया। योग प्रशिक्षक द्वारा छात्रों को प्राणायाम सहित विभिन्न श्वास-प्रश्वास अभ्यास कराए गए, जिससे सामूहिक रूप से स्वस्थ रहने के तरीकों को समझाया गया। इसके साथ ही जीवन जीने की कला, सर्दी से बचाव के उपाय, गलत खान-पान से होने वाली कब्ज जैसी समस्याओं के कारण एवं उनके निवारण पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि छोटे बच्चों से लेकर किशोर छात्रों तक सभी आयु वर्ग यदि जीवन के प्रत्येक पल को सहजता और संतुलन के साथ जिएं, तो उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक भी मौजूद रहे।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
नलकूप निर्माण खण्ड,
कानपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना सं0–06 / अ0अ0 / न0नि0ख0का0 / 2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदाएं सिंचाई विभाग यॉत्रिक के वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक–09.02.2026 से 16.02.2026 तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, कानपुर में प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 15.00 बजे तक निर्धारित शुल्क बैंक ड्राफ्ट / डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, कानपुर के नाम हो, जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक–17.02.2026 अपरान्ह 13.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, कानपुर के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक–17.02.2026 को अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि / गठित कमेटी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, कानपुर के कार्यालय में अपरान्ह 15.00 बजे खोली जायेगी। निर्धारित तिथि / समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के अनुपस्थित होने पर, निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। सामान्य नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है। कार्यालय बन्द होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

आमंत्रित निविदा की सूचना निम्नानुसार हैः–

| लाट संख्या | कार्य का विवरण ( धनावंटन की प्रत्याशा में ) | कार्य की मात्रा (घन मी0) | अनुमानित धनराशि (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य(रू0 में) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Carriage & Providing of Pea Gravel size 2.00mm to 3.35mm for 02 Nos. of STW from Lalkuan Quarry, Haldwani to District-Kanpur Nagar under the project 1750 R&R as per bill of quantity. | 104 | 6.76 | 14000 | 45 दिन | 225+ जी.एस.टी +500.00 स्टेशनरी चार्ज | यॉत्रिक "ए" श्रेणी या उच्च |
| 02 | Carriage & Providing of Pea Gravel size 2.00mm to 3.35mm for 01 Nos. of STW from Lalkuan Quarry, Haldwani to District-Kanpur Dehat under the project 1750 R&R as per bill of quantity. | 52 | 3.31 | 13500 | 45 दिन | 150+ जी.एस.टी +500.00 स्टेशनरी चार्ज | यॉत्रिक "ए" श्रेणी या उच्च |
| 03 | Carriage & Providing of Pea Gravel size 2.00mm to 3.35mm for 02 Nos. of STW from Lalkuan Quarry, Haldwani to District-Etawah under the project 1750 R&R as per bill of quantity. | 104 | 6.35 | 13000 | 45 दिन | 225+ जी.एस.टी +500.00 स्टेशनरी चार्ज | यॉत्रिक "ए" श्रेणी या उच्च |
| 04 | Carriage & Providing of Pea Gravel size 2.00mm to 3.35mm for 02 Nos. of STW from Lalkuan Quarry, Haldwani to District-Farrukhabad under the project 1750 R&R as per bill of quantity. | 90 | 4.73 | 9500 | 45 दिन | 150+ जी.एस.टी +500.00 स्टेशनरी चार्ज | यॉत्रिक "ए" श्रेणी या उच्च |

UP - 245341 दिनांकः 05/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

( सुजीत कुमार सिंह )
अधिशासी अभियन्ता


निरीक्षण — बरकापुर, साहसपुर, राजपुर, ऐरवा टिकटा सचिवालय तथा कुदरकोट ग्राम पंचायतों का दौरा किया

# किसान पंजीकरण प्रक्रिया का निरीक्षण, लेखपालों को दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, औरैया**

- डीएम ने किसान पंजीकरण प्रक्रिया का स्थलीय निरीक्षण किया।
- किसानों से संवाद कर फार्मर रजिस्ट्री के लाभ भी बताए



निरीक्षण करते डीएम डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जनपद में संचालित किसान पंजीकरण (फार्मर रजिस्ट्री) प्रक्रिया का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बरकापुर, साहसपुर, राजपुर, ऐरवा टिकटा के मजरा लालपुर, ऐरवा टिकटा सचिवालय तथा कुदरकोट ग्राम पंचायतों का दौरा कर पंजीकरण की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित लेखपालों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन किसानों का विवरण खतौनी और आधार कार्ड में भिन्न-भिन्न है, उनकी अलग-अलग सूची तैयार कर तत्काल त्रुटियों का सुधार करते हुए पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अपात्र किसानों का पंजीकरण निरस्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों के नाम पर भूमि दर्ज नहीं है, उनकी प्रमाणित सूची बनाकर पंजीकरण सूची से हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद कर फार्मर रजिस्ट्री के लाभ भी बताए। उन्होंने कहा कि इस पंजीकरण से किसानों को फसली ऋण, फसल बीमा की क्षतिपूर्ति एवं आपदा राहत प्राप्त करने में सुविधा होगी। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं में बार-बार भौतिक सत्यापन की आवश्यकता से भी मुक्ति मिलेगी। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत बरकापुर में निर्माणाधीन मिनी सचिवालय का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य एवं सामग्री मानक के अनुरूप न पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि मानक-विहीन निर्माण को हटाकर मानकों के अनुसार पुनर्निर्माण कराया जाए।इसी दौरान ग्रामीणों ने वर्तमान ग्राम प्रधान पर तालाब पर अतिक्रमण करने का गंभीर आरोप लगाया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए शाम तक अतिक्रमण हटवाकर फोटोग्राफ्स सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा एक सप्ताह के भीतर तालाब को उसके पूर्व स्वरूप में बहाल कराने के आदेश दिए।

विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत ऐरवा कटरा को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बिधूना राकेश कुमार, लेखपाल मोहिनी पाल, संध्या राजपूत, शिवम, राज शेखर, बीटीएम कृषि सुनील कुमार मिश्रा, ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिसकर्मियों पर वृद्ध के साथ मारपीट का आरोप

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के भौनिया गांव के एक दलित वृद्ध ने शिकायत की जांच को पहुंचे डायल 112 के सिपाही और दरोगा पर मारपीट करके चालान कराने का आरोप लगाकर शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। भौनिया निवासी दलित हरिकिशन ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि भौनिया निवासी एक व्यक्ति उसकी पक्की दीवार ढहा रहा था। इसकी शिकायत उसने 2 फरवरी को डायल 112 से की थी। सूचना पाकर पहुंची डायल 112 की टीम ने विपक्षी से मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट करके थाने ले आए और शांति भंग में चालान कर दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### 12 फरवरी को होगा हज यात्रियों का प्रशिक्षण और टीकाकरण

**मौदहा (हमीरपुर)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हज 2026 यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 फरवरी को होगा। उक्त जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की आगामी 12 फरवरी को कस्बे के मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक जनपद के कुल 37 हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं हज ट्रेनर हाजी जहांगीर मोहम्मद ने बताया कि टीकाकरण एवं प्रशिक्षण की तैयारियां की जा रही है। इस टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य राज्य हज समिति लखनऊ कमरुद्दीन जुगनू होंगे।

### लहरा व शेखूपुर में हुआ चौपाल का आयोजन

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के लहरा व शेखूपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गिनी चुनी दो शिकायतें आई, जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत लहरा में खंड विकास अधिकारी मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के रमेश ने वृद्धा पेंशन न मिलने की मांग की। जिस पर केवाईसी कराई गई। उधर शेखूपुर गांव में सचिव बलजीत कुमार की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल में एक शिकायत आई। जिसमें गुड़िया ने पीएम आवास की मांग की। जिस पर विभाग ने बताया की पात्रता सूची में नाम दर्ज है। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान नीतू देवी, सचिव, कोटेदार, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।

### अचरी गायन में बजेहटा की लल्ला निगम की टीम रही प्रथम

**बिवांर (हमीरपुर)।** मां सिद्धिदात्री के 36वें स्थापना दिवस पर हवन पूजन के साथ अचरी गायन स्पर्धा हुई। इसमें 7 अचरी गायन टीम ने हिस्सा लिया। बड़ी देवी मंदिर में स्थापित मां सिद्धिदात्री के 36वें स्थापना दिवस पर प्राचार्य डॉ .अभिनंदन सिंह भदौरिया की देखरेख में हवन पूजन हुआ। बाद में अचरी गायन स्पर्धा हुई। जिसकी शुरुआत सेवानिवृत्त शिक्षक रामरूप पाठक ने फीता काटकी। इसमें सात अचरी गायन टीमें बजेहटा, विदोखर की दो टीमों, उमरी, पलरा, बिवांर की दो टीमों ने भाग लिया है। जिसमें निर्णायक मंडल कृष्ण बिहारी पाठक, लालाराम सोनी, नंदकिशोर पाठक, रामबालक अलबेला ने सर्वसम्मति से बजेहटा गांव से आई लल्ला निगम की अचरी गायन टीम बजेहटा प्रथम रही।

# चाइनीज मांझा बेचने पर दो गिरफ्तार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



कस्बे में चाइनीज मांझा को लेकर छापेमारी करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लखनऊ में चाइनीज मांझा से हुई शोएब की मौत के बाद मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए मांझा से होने वाली मौत को हत्या मानते हुए सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने हरकत में आकर दो मांझा बेचने वालों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में मांझा जब्त किया है। हालांकि इस कार्रवाई से यह बात साफ हो जाती है कि प्रशासन सिर्फ मौत के बाद नींद से जागता है।

कोतवाली पुलिस ने कस्बे के देवी चौराहा के निकट से कजियाना निवासी अमित कुमार पुत्र विनोद कुमार और उपरौस से रुकमुददीन पुत्र छिदू निवासी उपरौस को चाइनीज मांझा बेचने के आरोप में मांझा सहित गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से भारी मात्रा में चाईनीज मांझा जब्त किया गया है। बताते चलें कि बीते दो दिन पहले लखनऊ में शोएब नामक युवक की चाईनीज मांझा में फंसकर गर्दन कटने से मौत हो गई थी। जिसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त तेवर दिखाते हुए कहा था कि मांझा से होने वाली मौत को हत्या का अपराध माना जाएगा। उसी के बाद पुलिस ने यह बड़ी कार्रवाई की गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और चाइनीज मांझा जब्त किया गया है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# लव जिहाद के आरोपी के बंद घर से चोरी

संवाददाता, सुमेरपुर



चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

- घटना की तहरीर अभी तक पुलिस को नहीं दी गई

**अमृत विचार।** कस्बे में हुए लव जिहाद, गैंगरेप, धर्मांतरण के दबाव के आरोपी के बंद रिहायशी घर से चोर लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक, नगदी, सोने के जेवरात, कपड़े आदि चोरी करके फरार हो गये। बंद मकान की लाइट जलता देखकर लोगों ने आरोपी की बहन को सूचना दी। सूचना पाकर बहन अन्य रिश्तेदारों के साथ शुक्रवार को कस्बे में आई और चोरी होने की सूचना मीडिया को दी। शाम तक चोरी की तहरीर पुलिस को नहीं दी गई थी।

कस्बे में गत 15 जनवरी को लव जिहाद, गैंगरेप, धर्मांतरण की घटना के बाद मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफानखान और उसके पिता मौलाना खान की गिरफ्तार होते ही पूरा परिवार मकान में ताला बंद करके भूमिगत हो गया था। घटना के बाद इस मकान में हिंदूवादी संगठनों ने तोड़फोड़ भी की थी। इसी बंद मकान से अज्ञात चोर लाइसेंसी दोनाली बंदूक, सोने की जेवरात के साथ नगदी एवं कपड़े ले गए हैं। गुरुवार को बंद मकान की लाइट जलती देखकर पड़ोसियों ने मौलाना खान की बहन शबनम को सूचना दी। सूचना पाकर शबनम अन्य रिश्तेदारों के साथ शुक्रवार को कस्बे में आई और मीडिया को बुलाकर मकान का नजारा दिखाया। शबनम ने बताया कि चोर उसके पिता की लाइसेंसी बंदूक के साथ सोने के जेवरात नगदी और कपड़े आदि ले गए हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है क्योंकि चोरी की जानकारी होने के 24 घंटे बाद तहरीर नहीं दी है। लाइसेंसी बंदूक चोरी होने की बात समझ में नहीं आ रही है। अगर तहरीर मिलेगी तो जांच करके विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बेतवा नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

## कीरतपुर गांव का मामला, नहाते समय गहरे गड्ढे में चला गया युवक

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)



मृतक भीखम।

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कीरतपुर गांव निवासी एक युवक बेतवा नदी में नहाते समय गहरे गड्ढे में चले जाने से डूब गया। जानकारी होने पर नदी में मछली का शिकार कर रहे मछुआरों व ग्रामीणों ने युवक की तलाश की। काफी देर खोजबीन करने पर युवक को पानी से बाहर निकाला गया। जबतक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कीरतपुर गांव निवासी भीखम (40) पुत्र मइका शुक्रवार को सुबह बेतवा नदी में नहाने गया था। वहां बेतवा नदी में मौरंग निकाले जाने से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। जहां भीखम नदी के गहरे गड्ढे में चला गया। वहां नदी में मछली का शिकार कर रहे मछुआरों ने उसे डूबते देखा तो उसकी तलाश में जुट गए। सूचना पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी युवक की तलाश शुरू की। कुछ समय बाद युवक को पानी से बाहर निकाला। लेकिन जब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पत्नी के साथ शादी में गए पति की संदिग्ध हालात में गई जान

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर थानाक्षेत्र के धौहल बुजुर्ग गांव के चंदा डेरा में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार धौहल बुजुर्ग गांव के चंदा डेरा निवासी संजय (32) पुत्र राम सजीवन अपने परिवार के साथ रहता था। संजय 4 फरवरी को अपनी पत्नी मैना के साथ मौदहा क्षेत्र के मसगवां गांव में अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने गया था। शुक्रवार सुबह रिश्तेदार उसका शव लेकर गांव पहुंचे। मृतक संजय के परिजनों ने उसकी मौत को संदिग्ध बताया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में गहरा शोक छा गया। थानाध्यक्ष जलालपुर ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना की जांच कराई जा रही है। परिजनों के अनुसार संजय खेती-किसानी और पशुपालन करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अपने पीछे पत्नी मैना, मां सावित्री, भाई बाबू सिंह और ढाई वर्षीय पुत्री परी सहित अन्य परिजनों को छोड़ गया है।

### युवती ने गाली देने कुत्ते से कटवाने का लगाया आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** खेत से लौट रही युवती पर दबंग ने कुत्ता छोड़ कर कुत्ते से कटवा दिया। जिसके बाद पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम चमरखन्ना निवासी दलित विधवा गोमती ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते चार फरवरी को दोपहर में उसकी पुत्री जूली खेत से लौट रही थी। जैसे ही वह गांव के बलवीर सिंह के दरवाजे पर पहुंची तो बलवीर सिंह उर्फ राजू ने अपना पालतू कुत्ता गाली देते हुए छोड़ दिया। कुत्ते ने उसकी पुत्री को बुरी तरह से काट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने डंडा लेकर कुत्ते को खदेड़ा नहीं तो उसकी पुत्री की जान भी जा सकती थी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी दलित उत्पीड़न तथा हत्या के मामले का आरोपी रह चुका है। जिसके चलते कोई उसके खिलाफ गवाही नहीं देता। थाना प्रभारी बिवांर ने बताया कि मामला पालतू कुत्ते के काटने का है। गालीगलौच की बात सामने नहीं आई है।



नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

# बाल कल्याण समिति के प्रबंधक बने केजी अग्रवाल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज और सरस्वती शिशु मंदिर का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण प्रबंध समिति को प्रांतीय समिति ने भंग कर दिया।

शुक्रवार को झांसी बांदा संभाग निरीक्षक शिवकरन सिंह की मौजूदगी में बाल कल्याण समिति की तदर्थ कमेटी का गठन किया गया। अब सरस्वती बाल मंदिर और सरस्वती शिशु मंदिर में सिर्फ एक कमेटी कार्य करेगी। प्रांत ने तदर्थ कमेटी का गठन करते हुए डॉ. हरीओम नगाइच को अध्यक्ष, उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल को प्रबंधक, प्रमोद सिंह तोमर कोषाध्यक्ष और मइयादीन स्वर्णकार को सदस्य पद पर मनोनीत किया गया है। संभाग निरीक्षक ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर और सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज कमेटी का संचालन तदर्थ कमेटी करेगी। इस मौके पर पूर्व प्रबंधक श्याम सुंदर मुखिया, बाल मंदिर के प्रधानाचार्य अखिलेश तिवारी, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य मुरलीधर, शिक्षक जगमोहन यादव पहुंचे।

### शराब के लिए रुपये न देने पर पुत्र ने पिता को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव में शराब पीने के लिए रुपये न देने से नाराज बेटे ने अपने वृद्ध पिता को जमकर पीटा। गंभीर रूप से घायल पिता को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। वहीं सीएचसी पहुंचे सीओ राजीव प्रताप सिंह ने घायल वृद्ध का हालचाल लेते हुए घटना की जानकारी ली।

परिजनों ने बताया कि अतीक (67) पुत्र फूल खां अपने घर में था। उसी दौरान उसका शराबी बेटा आया और शराब पीने के लिए पिता से रुपये मांगने लगा। जब उसके पिता ने रुपये देने से इंकार किया तो आरोपी बेटे ने पिता को बड़ी ही बेरहमी से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। परिजनों ने आनन फानन सीएचसी में भर्ती कराया। वृद्ध की नाजुक हालत होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



बैठक लेते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार

# लाभार्थियों को चिह्नित कर लाभांवित कराएं

संवाददाता,हमीरपुर

**अमृत विचार।** आगामी 22 फरवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित होने वाले मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के संबंध में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को चिन्हित किए जाने तथा कैंप में स्टाल लगाकर वितरित किए जाने के बिंदु पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को इसके लिए अधिक से अधिक लाभार्थी को चिन्हित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम की रूपरेखा व महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सभी अधिकारियों से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक सहयोग किए जाने के अपील की।

# क्विज स्पर्धा में सरीला की टीम अव्वल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



बच्चों के मॉडलों का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि व डीएम। अमृत विचार

- राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान प्रदर्शनी एवं स्पर्धाएं

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता एवं तार्किक दृष्टिकोण के विकास के लिए विज्ञान प्रदर्शनी एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान आधारित मॉडल, प्रयोग एवं नवाचारी विचार प्रस्तुत कर दर्शकों को प्रभावित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन कुलदीप निषाद, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी एवं जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों की सराहना की। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विज्ञान एवं नवाचार आज के युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रत्येक विकास खंड से 5 बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता में सरीला की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सुमेरपुर की टीम एवं तृतीय स्थान पर कुरारा टीम रही। विज्ञान प्रदर्शनी में विजयी 5 बच्चों को टैबलेट, बैग एवं स्टेशनरी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायकों को डिजिटल व नेतृत्व क्षमता का दिया प्रशिक्षण

**कुरारा(हमीरपुर)।** स्थानीय क्षेत्र पंचायत के सभागार में ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायकों को डिजिटल व नेतृत्व प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 19 प्रधान व 13 ग्राम पंचायत सदस्यों ने प्रतिभाग किया। क्षेत्र पंचायत के सभागार मे राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान योजना अंतर्गत ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायत सहायकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत सहायकों को प्रभावशाली नेतृत्व, डिजिटल वित्तीय साक्षरता, पंचायती राज व्यवस्था, तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर प्राची एवं सहायक ट्रेनर द्वारा साइबर संबंधी व कंप्यूटर के बारे में प्रशिक्षण दिया। एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण दो शिफ्टों में कराया गया है। जिसका उद्देश्य ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायकों की कार्यक्षमता में वृद्धि कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाना है।

# बंधी में काबिज लोगों ने दाखिल किए अभिलेख

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- न्यायालय ने नोटिस जारी करके मांगे थे अभिलेख

**अमृत विचार।** सदर एसडीएम की अदालत से सिंचाई विभाग महोबा की बंधी में कब्जा जमाने वालों को दी गई नोटिस की सुनवाई शुक्रवार को पूर्ण हो गई। सदर एसडीएम के न्यायालय से बंधी में मकान बनाने वाले 75 लोगों को नोटिस देकर जवाब मांगा था। लोगों को नोटिस का जवाब 5 और 6 फरवरी को देना था। लोगों ने पहुंचकर अभिलेखों के साथ जरिए वकील जवाब दाखिल किए। अब प्रशासन क्या कार्रवाई करेगा फिलहाल यह पता नहीं है। लेकिन नोटिस मिलने के बाद बंधी को ध्वस्त करके मकान बनाने वालों की धड़कन तेज हो गई है। सभी की निगाहें प्रशासन की कार्यवाही की वह टिकी हुई है।

बता दें कि कस्बे में बीते माह हुए लव जिहाद, दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दबाव के मुख्य आरोपी के परिजनों का इंडियन लाज सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके बनाया गया है। इस घटना के बाद हिंदूवादी संगठन इस लाज को ढहाने की मांग लगातार कर रहे हैं। क्योंकि घटना को अंजाम इसी लॉज में दिया गया है। पुलिस जांच में इसको घटनास्थल के रूप में शामिल करके इसे खाली कराकर ताला बंद कर दिया है और यहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीबीआर कब्जे में ले ली है। बता दे कि सिंचाई विभाग की इस बंधी पर बने मकानों को ढहाने का एक आदेश हाईकोर्ट ने 2021 में किया था। इस आदेश पर जिलाधिकारी ने हलफनामा दाखिल करके 6 माह का समय मांग लिया था। इसके बाद इस आदेश पर आज तक अमल नहीं किया गया है। बताया जाता है कि इसी आदेश का अमल करने की प्रशासन में प्रक्रिया शुरू है। ध्वस्तीकरण के कार्यवाही को अमल में लाया जा सकता है। प्रशासन के इस कदम से बंधी की जमीन में आलीशान मकान दुकान बनाने वाले की रातों की नींद गायब हो गई है। लोग प्रशासन के अगले कदम की ओर नजरें लगाए हुए है।

कार्यक्रम | मांगी मुल्क में अमन-चैन और तरक्की की दुआएं

# कुल की फातिहा के साथ तीन दिवसीय उर्स संपन्न

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



मजार में आयोजित कुल की फातिहा में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे सहित क्षेत्र के विख्यात सूफी संत हजरत ताजउद्दीन बाबा का तीन दिवसीय उर्स कुल की फातिहा के साथ संपन्न हो गया। कुल की फातिहा में लोगों ने नम आंखों से मुल्क के अमन चैन की दुआएं मांगीं।

कस्बे के मोहल्ला हैदरिया बड़ा कसौड़ा स्थित हजरत ताजुद्दीन बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स चार फरवरी को नातिया मुशाएरे के साथ शुरू हुआ था। जबकि अगले दिन कुरान ख्वानी, लंगर, चादरपोशी और शानदार कव्वालियों की महफिल हुई। जिसमें अजहर निजामी और कानपुर के अता वारिस की टीमों ने शानदार कव्वालियों का प्रोग्राम हुआ। जो देर रात तक चलता रहा। वहीं शुक्रवार सुबह रंग की महफिल और कुल की फातिहा हुई और जुमा की नमाज के बाद लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों अकीदतमंदों ने लंगर खाया। इस दौरान मुल्क के अमन चैन और भाईचारे के साथ तरक्की की दुआएं मांगी गई। उर्स में मीर मजलिस की भूमिका हाजी वहीद निजामी ने अदा की और उर्स के सभी कार्यक्रमों में बराबर भागीदारी की।

जबकि लाइट और सजावट की जिम्मेदारी कशिश डीजे परिवार की ओर से निभाई गई। उर्स में मोहल्ले के लाला भाई, जुनैद दरोगा, अनवर हुसैन, शान मोहम्मद,आकिल बिजनौरी, सगीर रायपुर, असलम रायपुर, बाबू, सोनू, इनाम, ताहिर, शाहिद, नफीस सहित मोहल्ले के छोटे बच्चों और बेटियों ने खास जिम्मेदारी निभाई। अंत में उर्स कमेटी की ओर से उर्स में आने वाले सभी अकीदतमंदों का आभार व्यक्त किया गया।

### बाल विवाह की बताई खामियां

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में जनपद के विकासखंड सुमेरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पौथिया में बाल विवाह मुक्त भारत'' अभियान के तहत जागरूकता एवं संवादात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

विगत 27 नवंबर से आगामी 8 मार्च तक भारत में 100 दिवसीय ''बाल विवाह मुक्त भारत'' अभियान प्रस्तावित है। तृतीय चरण के अंतर्गत ग्राम पंचायत, नगर निकाय / वार्ड तथा समुदाय स्तर, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम सभा वार्ड सदस्य, पार्षद, समुदाय आधारित स्वयंसेवी कार्यकर्ता के समन्वय से जोखिम ग्रस्त परिवार, परंपरागत प्रथाओं या अन्य कारणों से बाल विवाह के जोखिम के बारे में बताया।

# हेलीकॉप्टर से कराई बहू की विदाई

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



विदाई के दौरान हेलीकॉप्टर में सवार वर-वधु।

- ससुर एक्स-रे टेक्नीशियन ने किए लाखों खर्च

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एक पिता ने अपने पुत्र की शादी को यादगार बनाने के लिए बहू की विदाई हेलीकॉप्टर से कराई। कस्बे में पहली बार हुई इस तरह की विदाई को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

कोतवाली क्षेत्र के कुम्हरिया गांव निवासी गजराज सिंह गोहांड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। उनके दो पुत्र हैं। दीपांकर उर्फ सत्यम और यशोवर्धन। बड़े पुत्र दीपांकर बीरा गांव स्थित अमर सिंह महाविद्यालय में एमए की तैयारी कर रहे हैं। जबकि छोटा पुत्र कानपुर में डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहा है। दूल्हे के छोटे भाई ने बताया कि उनके पिता का सपना था कि पुत्र दीपांकर की शादी को यादगार बनाया जाए। शुक्रवार को बहू की होने वाली विदाई को लेकर प्रशासन से सभी आवश्यक अनुमतियां पहले ही ले ली गई थीं। उरई मार्ग स्थित अमगांव तिराहे पर एक हेलीपैड बनाया गया था। सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर तैनात थीं। दोपहर बाद जब हेलीकॉप्टर विदाई के लिए उतरा तो पूरा गांव और आसपास के लोग इसे देखने के लिए उमड़ पड़े। दूल्हे के पिता ने सबसे पहले पुत्र और बहू को हेलीकॉप्टर से स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि स्थल पर पुष्प वर्षा कराई। इसके बाद बहू को उसके मायके सरीला तहसील क्षेत्र के पहरा गांव तक हेलीकॉप्टर से ले जाया गया। हेलीकॉप्टर से विदाई के बाद पुत्र और बहू को गाड़ियों से गांव वापस लाया गया। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### खिलाड़ी मेहनत के साथ खेलकर बेहतर प्रदर्शन करें

**महोबा।** अजनर गांव के कुरेले मैदान में अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मैच घंघौरा क्लब और खोई इलेवन टीम के मध्य खेला गया, जिसमें खोई टीम को 43 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के शुभारंभ में दर्शकों की खासी भीड़ नजर आई। किन्नर करिश्मा अपना योगदान देकर टूर्नामेंट को भव्य रुप देने का प्रयास कर रही हैं। इससे पूर्व टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अनिल तिवारी ने कहा कि खेल जीवन के लिए बहुमूल्य है, खेल से व्यक्ति को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। जीवन में धैर्य व अनुशासन के साथ कठिन परिश्रम करने से निश्चित ही अच्छा परिणाम मिलता है।

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत 3 घायल

**महोबा।** कबरई थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे महिला बुरी तरह से घायल हो गई साथ ही बाइक में सवार दोनो युवक भी सड़क पर गिर कर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने तीनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचर किया जा रहा है। बताया जाता है कि रवि (30) निवासी कस्बा चरखारी अपने भतीजे वीरु (22) के साथ बाइक से कबरई के गंज गांव किसी काम से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार धरौन रोड के समीप पहुंचे ही थे कि अचानक सड़क पार कर रही शिवकली (52) को देख उनका संतुलन बिगड़ गया और महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला बुरी तरह घायल हो गई साथ ही दोनो युवक भी बाइक सहित सड़क पर गिरने से चुटहिल हो गए। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचा, जहां डाक्टरों की देखरेख में उपचार किया जा रहा है।

### हैवी ट्रक के बिजली लाइन से टकराने पर मचा हड़कंप

**महोबा।** पुराने प्राइवेट बस स्टैंड और रोडवेज जाने सड़क के समीप विद्युत विभाग की बिजली लाइन में एक हैवी ट्रक फंस गया, जिससे बिजली तार एक दूसरे टकराने लगे। यह देख वहां मौजूद लोगों में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, गनीमत यह ही कि जो तार ट्रक में फंसा था वह अर्थिंग का निकला, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक के बिजली तार की जद में आने के बाद कुछ समय के लिए पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। बताया कि इस मार्ग पर हैवी वाहनों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन बिजली के तार नीचे होने के कारण हैवी वाहन इनसे छूलते हुए निकलते रहते हैं, लेकिन आज तार ट्रक में फंस गया और काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। बड़ी मुश्किल के बाद ट्रक निकल सका और यातायात बहाल हो सका। स्थानीय निवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द बिजली लाइन की और ऊंचाई में कराई जाए, जिससे भविष्य में किसी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

### अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए अभिलेख

**सरीला (हमीरपुर)।** सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार राम मोहन द्वारा गुरुवार को सुनवाई कर धौहल बुजुर्ग व ममना के 9 मतदाता सुनवाई के लिए उपस्थित हुये। जिनके द्वारा 2003 की मतदाता सूची व अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किये गये। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार राम मोहन कुशवाहा ने बताया कि तहसील सरीला मे विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत नो मैपिंग मे मार्क किये गये 10878 मतदाता को नोटिस 10 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बीएलओ के माध्यम से प्राप्त कराई जा रही है। इसी प्रकार लॉजिक डिस्क्रिपेंसीज के नोटिस भी बीएलओ के माध्यम से मतदाता को वितरण किये जा रहे है। जिसमे मतदाता की नियत तिथि पर सुनवाई की जा रही है। बूथ संख्या 57 से 72 तक नो मैपिंग मे मतदाता को नोटिस निर्गत होने के बाद सुनवाई हेतु सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप मे तहसीलदार सरीला राम मोहन को नियुक्त किया गया है। बूथ संख्या 57 से 72 तक के 1182 के सापेक्ष 1182 नोटिस को बीएलओ द्वारा वितरित कर दिया गया है।

# बुंदेलखंड अलग राज्य के लिए गांव गांव, पांव-पांव यात्रा निकाली गई

**संवाददाता कार्यालय, महोबा**

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर चल रही गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा का चौथा चरण शुक्रवार को श्रृंगी ऋषि आश्रम, खरेला से शुरू हुआ। यात्रा का नेतृत्व फिल्म अभिनेता और बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने किया। यात्रा देर शाम को चरखारी पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया गया।

यात्रा के दौरान राजा बुंदेला ने नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथक बुंदेलखंड राज्य की आवश्यकता है। बुंदेलखंड क्षेत्र से लगभग 68 प्रतिशत पलायन हो गया है, जिसका मुख्य कारण रोजगार की कमी है। क्षेत्र के लोग रोजी रोटी के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं।



चेयरमैन खरेला से पीएम को संबोधित पत्र लेते राजा बुंदेला। अमृत विचार

कार्यक्रम को चेयरमैन खरेला संतोष कुमार सिंह, किसान नेता प्रताप बुंदेला, बुंदेली सेना के जालौन जिलाध्यक्ष शिवम चौहान, जयराम सिंह बछेउरा, सुरेंद्र पाल सिंह, कालूराम प्रजापति, दीपाली सिंहा ने एक स्वर में कहा कि बुंदेलखंड राज्य अवश्य बनेगा और राज्य बनने के बाद विकास के नए मापदंड तय करेगा। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा बुंदेलखंड की लड़ाई को जनजन तक पहुंचाने और जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

इस अवसर सुबोध सिंहा, अमित पटेरिया, सर्वेश सिंह मुखिया, संजय राज बुंदेला, रघुराज यादव बांदा, राजा पांडेय, धर्मेंद्र सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाएं : डीएम

**संवाददाता कार्यालय, महोबा**

**अमृत विचार।** आगामी धार्मिक उत्सवों पर शिवरात्रि, होली, रमजान और ईद आदि त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाए जाने को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शिवरात्रि होली एवं ईद के त्योहारों को आपसी भाईचारे, परंपरागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। धार्मिक स्थलों पर व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। डीएम ने कहा कि धार्मिक उत्सवों में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की मॉनिटरिंग पहले ही कर ली जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। त्योहारों के समय लाउडस्पीकरों से बजने वाले संगीत पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कहा कि डीजे संचालकों की सूची तैयार कर ली जाए, उनके साथ बैठक कर उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के दिये गए ध्वनि संबंधी गाइड लाइन से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए और परंपरागत तरीके से उत्सव मनाया जाए। कहा कि सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार के संवेदनशील फेंक आडियो, वीडियो और फोटो आदि को वायरल न किया जाए, यदि ऐसी कोई भी सूचना मिले तो प्रशासन को तुरंत अवगत कराएं।



बैठक में मौजूद अधिकारी व लोग। अमृत विचार

#### अस्त-व्यस्त तारों को ठीक करें

- उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्योहारों के बीच विद्युत आपूर्ति होती रहे और जो भी विद्युत तार अस्त-व्यस्त हों उसे ठीक करा लिया जाए। बैठक में एएसपी वंदना सिंह, सीडीओ बलराम, भगीरथ नगायच, नियाज मोहम्मद, रामजी गुप्ता, दाऊ तिवारी आदि रहे।

# पाइप लाइन शिफ्टिंग के चलते पानी की हायतौबा

## सड़क चौड़ीकरण कार्य होने से हटाई जा रही पाइप लाइन

**संवाददाता कार्यालय, महोबा**

**अमृत विचार।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क चौड़ीकरण का युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। उर्मिल बांध में निर्मिल इंटेकवेल से श्रीनगर में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पाइप लाइन को सड़क के किनारे शिफ्ट किए जाने के चलते अधिशाषी अभियंता जल निगम ने पानी की सप्लाई बंद कर दी, जिससे शहर के अलावा श्रीनगर, सिजहरी ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी का संकट बढ़ गया।

लोग पानी के इंतजाम में सुबह से ही जुट गए। कुछ लोगों ने कुओं से पानी भरकर व्यवस्था की वहीं दूसरी तरफ तमाम लोग हैंडपंपों से पानी भरने में जुटे रहे। बढ़ते पेयजल संकट को लेकर लोगों में खासा आक्रोश दिखाई दिया। कुछ लोग प्रतिदिन की तरह सुबह छह बजे से ही पानी भरने के इंतजाम में जुट गए। तमाम लोगों ने स्टैंड पोस्ट पर घड़े व अन्य बर्तन लेकर नंबर लगाकर बैठ गए। दो घंटे तक नल आने का इंतजार करते रहे, लेकिन नल न आने पर लोगों ने जानकारी की तो पता चला कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते लाइन को हटाकर सड़क किनारे शिफ्ट किया जा रहा है, जिससे पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है।



टैंकरों से पानी भरते लोग। अमृत विचार

#### आज भी ठप रहेगी शहर में पेयजल आपूर्ति

- राष्ट्रीष्य राजमार्ग पर बंसल कंपनी द्वारा कराए जा रहे चौड़ीकरण कार्य में बाधा बनी पाइप लाइन को हटाकर सड़क किनारे करने के आदेश के बाद जल निगम ने पाइप लाइन को दूसरी तरफ शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया है। जल निगम के अधिशाषी अभियंता संदेश सिंह तोमर ने बताया कि 7 फरवरी को भी पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य जारी रहेगा, जिसके चलते शनिवार को भी शहर में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी, इसलिए शहर वासियों से सहयोग की अपील की है।

### बाल विवाह नहीं करने की दी जानकारी

**कुलपहाड़।** निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश के निर्देशन में 27 नवम्बर से 8 मार्च 2026 तक चलाए जा रहे सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत नगर पंचायत कुलपहाड़ में महिला कल्याण अधिकारी श्याम बाबू विश्वकर्मा के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाज से समाप्त किए जाने पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया साथ ही उपस्थित लोगों को बाल विवाह पर अंकुश लगाए जाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य साल 2026 तक बाल विवाह की दर को 10 फीसदी तक कम करना और 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है। कहा कि बाल विवाह विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में गरीबी, लैंगिक असमानता और स्वास्थ्य संबन्धी जोखिमों के दुष्चक्र को बढ़ावा देता है। इस मौके पर अवधेश बाबू, नंदकिशोर, शिवम, कृपाल सिंह, संतोष कुमार सफाई नायक, नीरज सफाई नायक, संजय नामदेव, जुबेर, लाल दीवान रहे।

# डीजे व ढोल की धुन पर निकाली गई शिव बारात, झूम उठे श्रद्धालु

**संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)**

**अमृत विचार।** महादेव को प्रसन्न करने और पापों का नाश कराए जाने को लेकर श्रद्धालुओं ने मुढारी गांव के चौबे तालाब में भगवान शिव व बाल हनुमान का रुद्राभिषेक और जलाभिषेक कराया। इस आयोजन में ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकाली जिसमें डीजे, ढोल की धुन पर अश्व नृत्य करते हुए चल रहे थे साथ ही युवतियां भी भगवान की भक्ति में लीन होकर मंत्रमुग्ध नजर आईं।

श्रद्धालुओं ने भक्ति में सराबोर होकर शिवजी की भव्य रूप में बारात (शोभायात्रा) निकाली, जिसमें दर्जनों घोड़े, डीजे, ढ़ोल नागाड़ों के अलावा कई अद्भुत दृश्य देखने को मिले। इस शोभायात्रा में हजारों ग्रामवासी व भक्तों की भीड़ रही। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए चौबे तालाब पहुंची जहां पर महिलाओं ने जलभिषेक के लिए बर्तनों में जल भरा और इसके बाद भगवान शिव का और वीर हनुमान का जलाभिषेक व रुद्रभिषेक कराया। शोभायात्रा में प्रशासन का विशेष सहयोग बना रहा और गांव व क्षेत्र के सम्मानित एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी सहयोग किया।



शिव बारात में झूमते श्रद्धालु। अमृत विचार

#### शिवजी व बाल हनुमानजी का किया अभिषेक

इस मौके पर उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक महादेव को प्रसन्न करने और पापों के नाश के लिए किए जाने वाला एक पवित्र अभिषेक माना जाता है। वीर हनुमान शिव के 11वें रुद्र अवतार एवं शिव के ही उग्र रूप माने जाते हैं। बताया कि विभिन्न प्रकार की पवित्र वस्तुओं जैसे दूध, दही, शहद, गन्ने का रस, गंगाजल, पंचामृत आदि से अभिषेक किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार जलाभिषेक या रुद्राभिषेक करने से सभी मनोकामना पूरी होती और ग्रह दोष, रोगों से मुक्ति मिलती और दुखों का नाश होता है। करन सिंह राजपूत, प्रान सिंह यादव, भूपेंद्र राजपूत, रणधीर सिंह यादव, देवेंद्र राठौर, जैनेंद्र राजपूत, रमाकांत तिवारी, जगन्नाथ राजपूत, बबलू रैकवार आदि सभी ने अपनी अहम् भूमिका एवं सहयोग देकर इस धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण किया।

# मौरंग के अवैध खनन में नहीं थम रहा लोकेशन बताने का काम

**संवाददाता, कालपी**

**अमृत विचार।** मौरंग के अवैध खनन और परिवहन में कार्रवाई के बाद भी क्षेत्र में लोकेशन का कारोबार थमा नहीं है। अभी भी बड़ी संख्या में लोग प्रशासनिक अधिकारियों की निगहबानी कर रहे है। इसमें क्षेत्र के साथ गैरजनपद के लोग भी शामिल हैं।

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ परिवहन और खनिज विभाग में चल रही समानांतर व्यवस्था समाप्त हो गई है लेकिन ओवरलोडिंग का खेल बन्द नहीं है, जिसकी बानगी कभी भी हाईवे पर देखी जा सकती है। हांलाकि यह सब ऐसे ही नहीं चल रहा है इसके पीछे भी एक नेटवर्क काम कर रहा है, जिसमे शामिल लोग चार पहिया व दोपहिया वाहनों से दिन रात सड़कों पर घूम कर अधिकारियों की निगहबानी करते हैं, जिसके चलते बालू का अवैध परिवहन करने वाले वाहन सकुशल चल रहे हैं और ऐसा भी नहीं है कि प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले की जानकारी न हो बल्कि वह इस मामले में कार्यवाही भी कर चुके हैं। इसके चलते कई लोग जेल भी जा चुके हैं। हांलाकि इस मामले में पुलिस ने कारोबार की पुष्टि करते हुए बड़ी संख्या में लोगों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की है, लेकिन पुलिस की इस कार्यवाही का ज्यादा असर नहीं हुआ है और आलम यह है कि नगर व क्षेत्र के युवक बड़ी संख्या में इस कारोबार से जुड़े हैं, जिसमे नगर के पूर्व में चर्चित चेहरों के साथ कुछ दबंग भी शामिल हो गये हैं।

# अपर आयुक्त ने कुलपहाड़ तहसील का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)**

**अमृत विचार।** अपर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा भगवान शरण ने शुक्रवार को तहसील कुलपहाड़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसआईआर सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान कुलपहाड़ मौजे की कंप्यूटरीकृत खतौनी दिलाने के लिए अधिवक्ताओं ने सचिव राजस्व परिषद लखनऊ को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त को सौंपा।

अपर आयुक्त चित्रकूट मंडल बांदा ने कुलपहाड़ नगर निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत में जाकर वहां हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और अन्य कार्ययोजनाओं की जानकारी ली। जन्म, मृत्यु, भवन दर्ज आदि के बारे में अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार से पूछताछ की, जिस पर उन्होंने क्रमबद्ध तरीके से पूरी जानकारी दी।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम से जानकारी लेते अपर आयुक्त। अमृत विचार

कुलपहाड़ बार संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव के नेतृत्व में बृजेंद्र द्विवेदी सहित अधिवक्ताओं ने आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में बताया कि कुलपहाड़ मौजे में 40 हजार किसान हैं, उन्हें कंप्यूटरीकृत खतौनी नहीं दी जा रही है। जबकि धारा 52 का प्रकाशन 3 वर्ष पूर्ण हो चुका है, जिसके कारण किसान फार्म रजिस्ट्री, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। अधिवक्ताओं ने क्षेत्रीय किसानों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से कृषि उपज मंडी के निर्माण की भी मांग की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, तहसीलदार प्रमित सचान, नायब तहसीलदार पंकज गौतम, नायब तहसीलदार मुकुल कुमार, अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, चैयरमैन वैभव अरजरिया सहित बार अध्यक्ष लक्ष्मन सिंह यादव, बृजेंद्र द्विवेदी रहे।

# रंजिश के चलते पूर्व प्रधान के पुत्र को बंधक बना पीटा

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना क्षेत्र के कदौरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान के पुत्र को बंधक बनाकर जमकर मारपीट की और मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग खड़े हुए। घटना की जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी सरीला लाए। यहां से चिकित्सकों ने उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

कदौरा गांव के पूर्व प्रधान दृगपाल राजपूत के पुत्र कपिल को गांव के दबंग गुरुवार को सुबह उसके फार्म हाउस से बंधक बनाकर ले गए और उसके साथ जमकर मारपीट की। दिन भर इसकी जानकारी किसी को नहीं हो सकी। देर शाम परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो हड़कंप मच गया। किसी तरह परिजनों ने कपिल को दबंगों के चंगुल से छुड़ाया और गंभीर हालत में कपिल को इलाज के लिए सीएचसी सरीला में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिता दृगपाल का कहना है कि उसकी गांव के कुछ लोगों से रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते उसके पुत्र को जान से मारने की नीयत से अगवा किया गया था। जलालपुर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया घटना की जांच की जा रही है। तहरीर प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यक्रम** — गंगा सिंह इंटर कालेज के वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम में बोले एमएलसी

# जीत से ज्यादा भागीदारी और सीखना महत्वपूर्ण

**संवाददाता कार्यालय, महोबा**

**अमृत विचार।** पीएमश्री राजकीय गंगा सिंह इंटर कॉलेज चरखारी में वार्षिक खेलकूद एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर करियर गाइडेंस मेला लगाया गया। साथ ही पुरातन छात्रों व अध्यापकों को अतिथियों के हाथों से सम्मानित भी किया गया।

वार्षिक खेलकूद में बैडमिंटन, कबड्डी के अलावा चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं हुईं। बैडमिंटन सीनियर वर्ग में अजय कुमार तथा जूनियर वर्ग में हिमांशु ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम में राजकीय की स्नाकोत्तर महाविद्यालय चरखारी के प्राचार्य उमाशंकर त्रिपाठी मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथि के रूप में एमएलसी जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। जिन्हें शाल और फ्रेम देकर सम्मानित किया। समारोह दौरान विभिन्न खेलकूद एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बैडमिंटन, चित्रकला, स्लोगन लेखन, पर्यावरण संरक्षण पर निबंध क्विज प्रतियोगिताएं शामिल थीं।



एमएलसी को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

इसके अतिरिक्त, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुर्सी दौड़ और रस्सा कस्सी जैसे पारंपरिक खेलों में भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बैडमिंटन सीनियर वर्ग में अजय कुमार और विनय कुमार विजय रहे, जबकि जूनियर वर्ग में हिमांशु जगदीश ने बाजी मारी। चित्रकला प्रतियोगिता में ऋषि सोनी, निहाल और भोला ने स्थान पाया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रमोद, अखिलेश और अमन अव्वल रहे। पर्यावरण संरक्षण निबंध प्रतियोगिता में संतोष कुमार, हरनारायण और मोहम्मद अरमान ने जीत दर्ज की तो वहीं क्विज प्रतियोगिता में कक्षा नौ के रामजी, मानस और प्रदीप सहित अन्य प्रतियोगिओं ने प्रतिभाग करने वाले छात्रों को विजयी होने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत, अनुशासन और रचनात्मकता के माध्यम से भविष्य में सफलता पाने के लिए प्रेरित किया साथ ही आत्म निर्भरता, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देते हुए सांस्कृतिक गतिविधियों को सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलों को अनिवार्य बताते हुए कहा कि जीत से ज्यादा भागीदारी और हार से सीखना महत्वपूर्ण है। विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। साथ ही वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुरेश खरे और डॉ. उमाशंकर तिवारी को सम्मानित किया। इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज कुरारा के खेल प्रभारी प्रवक्ता शमशेर सिंह, राजकीय गंगा सिंह इंटर कॉलेज के प्रवक्ता नफीस अहमद, सुशील कुमार, शेख बफाती, संदीप गोस्वामी, ताज उद्दीन, सुनील कुमार और बादल कुमार सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# एनएचआई 27 भी छह लेन करने की तैयारी

**संवाददाता, कालपी (जालौन)**

**अमृत विचार।** अगर सब कुछ ठीक रहा तो एनएचआई 27 भी सिक्स लेन का हो सकता हैं। एनएचआई ने परियोजना पर होमवर्क करना शुरू कर दिया है।

वर्ष 2003 में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 25 के विस्तारीकरण की योजना शुरू हुई थी जो नगर सीमा को छोड़कर लगभग 2006 में फोरलेन में तब्दील हो गई थी। उसी समय नगर क्षेत्र में मुआवजा को लेकर बड़ी संख्या में प्रभावित हाईकोर्ट की शरण में चले गए थे, जिससे लगभग एक दशक तक नगर सीमा में यह परियोजना अधूरी रह गयी थी। हांलाकि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद विवादों का हल निकालकर प्रशासन ने यहां की बाधाओं को भी हटा दिया था, जिसके बाद यहां भी ओवरब्रिज का निर्माण हो गया था,जिससे इस रोड से कानपुर झांसी आवागमन सुलभ हो गया था लेकिन अब राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण ने छह लेन बनाने की कवायद शुरू की है, जिसके लिए होमवर्क भी हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की माने तो नियमानुसार 20 वर्ष के बाद सड़क का विस्तारीकरण कार्य शुरू हो जाता है और यह समय भी पूरा हो चुका है, जिसके चलते प्राधिकरण ने इसकी कवायद शुरू की है ऐसे में कोई बाधा नहीं आई तो इसके विस्तारीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण के जिम्मेदारों की मानें तो सिक्स लेन के लिए जमीन तो पहले ही अधिग्रहीत की जा चुकी है।

गत सप्ताह हाईवे का रखरखाव करने वाली एनएचआईटी कम्पनी ने नगर सीमा में हाईवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की थी लेकिन अभियान के पहले ही दिन लोगों ने पहले नाला सफाई की बात कहकर काम बन्द करा दिया था।

### 16 से 27 फरवरी तक करें टीकाकरण

**कालपी।** चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इसमें विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को शत प्रतिशत खसरे व रूबेला के टीके लगाने की रणनीति तैयार की गई है।

खसरा, रूबेला विशेष अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक चलाया जाएगा। गुरुवार को तहसील कार्यालय में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगाने से कोई बच्चा छूट न जाए। सभी को सक्रियता से अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश बर्दिया ने बताया कि कालपी नगर के विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों 5 ए एन एम स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के द्वारा एम आर का टीका लगाने की व्यवस्था की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रमाणपत्र बनवा टीकाकरण कराएं हज यात्री

**चित्रकूट।** हज यात्रियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेंद्र नाथ प्रताप ने दी। बताया कि सभी हज यात्रियों को क्वाड्रिवेलेंट मेनिंगोकॉकल मेनिनजाईटिस वैक्सीन की सिंगल डोज तथा 65 वर्ष से अधिक आयु के हज यात्रियों को सीजनल इन्फलुएंजा वैक्सीन लगाई जाएगी और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। इनको मेडिकल स्क्रीनिंग एंड फिटनेस जांच प्रमाणपत्र की प्रति लेकर टीकाकरण केंद्र पहुंचना होगा। रिपोर्ट को चिकित्साधिकारी सरकार के पोर्टल पर दर्ज करेंगे। इसके बिना टीकाकरण संभव नहीं हो सकेगा। उन्होंने सभी हज यात्रियों से अनुरोध किया कि जिन्होंने अभी तक अपनी मेडिकल स्क्रीनिंग व फिटनेस जांच नहीं कराई है, वे करा लें और जिन्होंने करा ली है, वे संबंधित केंद्र पर टीकाकरण कराएं।

### रोजगार के लिए आवेदन जमा करें

**चित्रकूट।** जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन जितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि 13 फरवरी तक दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 का आयोजन किया जाएगा। इसमें इच्छुक अभ्यर्थी, जो रोजगार एवं स्वरोजगार करना चाहते हैं, नौ फरवरी तक आवेदन जमा करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### 10 फरवरी को होगी सिंचाई बंधु की बैठक

**चित्रकूट।** अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम एसके प्रसाद ने बताया कि सिंचाई बंधु की बैठक 10 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। अध्यक्ष सिंचाई बंधु दिनेश सिंह पटेल इसमें विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। सदस्यों से समय से बैठक में पहुंचने का अनुरोध किया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** थानाध्यक्ष बहिलपुरवा ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। चार फरवरी को एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जानकीशरण ने उसकी नाबालिग बेटी से दुराचार किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। आरोपी ने किसी को न बताने की धमकी दी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी जानकीशरण को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई सुरेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी राजकुमार यादव, आरक्षी मोनू राय, रीना यादव शामिल रहे।

### एसआई शैलेंद्र चंद्र पांडेय बने निरीक्षक

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने उप निरीक्षक से निरीक्षक बने शैलेंद्र चंद्र पांडेय के कंधो पर स्टार लगाकर अलंकृत किया। इस दौरान एएसपी ने पदोन्नत अधिकारी को लगन से ड्यूटी करने के लिए प्रेरणा दी। इस दौरान वाचक राजीव कुमार सिंह, प्रभारी सोशल मीडिया सेल विनोद कुमार राय, प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र अनुपमा तिवारी आदि मौजूद रहीं।

### क्या अफसर, क्या कर्मचारी ज्यादातर मिले गैरहाजिर

# सीडीओ के मुआयने में खुली जिम्मेदारों की पोल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का मुआयना किया, जिसमें कर्मचारियों, अधिकारियों के समय से कार्यालय पहुंचने, मौजूद रहने की पोल खुल गई। कई लोग मौके से नदारद मिले। नाराज सीडीओ ने सभी को सख्त चेतावनी दी और स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।


विकास भवन में मुआयना करते सीडीओ डीपी पाल। अमृत विचार

सीडीओ ने गुरुवार को विकास भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश पांडेय और जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। जिला विकास कार्यालय में अतुल कुमार वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक जगदीश प्रसाद वर्मा और फारूख आजम भी अनुपस्थित मिले। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय में भयहरण यादव कनिष्ठ सहायक एवं अतुल गुप्ता कंप्यूटर प्रोग्रामर गैरहाजिर मिले। उप्र राज्य आजीविका मिशन कार्यालय के निरीक्षण के समय विकास मिश्रा कंप्यूटर ऑपरेटर अनुपस्थित मिले। जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आनंद कुमार प्रजापति, ग्राम पंचायत अधिकारी परिवर्तन प्रताप सिंह, डीसी एसएलडब्ल्यूएम यशवंत यादव, अकाउंटेंट राहुल शुक्ला, कंप्यूटर ऑपरेटर कमलेश गुप्ता अनुपस्थित पाए गए।

#### मनरेगा सेल में भी वही हाल

मनरेगा सेल कार्यालय में अमित मिश्रा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी एवं शुभम् मिश्र लेखा सहायक अनुपस्थित पाए गए। समाज कल्याण कार्यालय में केवला प्रसाद वरिष्ठ सहायक, अंकुर कुशवाहा कनिष्ठ सहायक, पवन कुमार यादव कंप्यूटर आपरेटर अनुपस्थित पाए गए। कौशल मिशन कार्यालय संदीप सिंह डीपीएम, रोहित नामदेव अनुपस्थित मिले।

#### संख्याधिकारी कार्यालय का हाल भी बदतर

सीडीओ ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय का निरीक्षण भी किया। यहां अपर संख्याधिकारी अनिल कुमार शुक्ला, बाबूलाल सिंह यादव, राकेश कुमार द्विवेदी, संजय , नंद कुमार यादव, वरिष्ठ सहायक अजातशत्रु शर्मा एवं रितेश आनंद अनुपस्थित मिले।

#### सभी को मिली सिर्फ चेतावनी और निर्देश

सीडीओ ने इस बात पर नाराजगी जताई कि पूर्व में किए गए निरीक्षण एवं कार्यालय में समय से उपस्थित होने के स्पष्ट निर्देश के बाद भी यह हाल है। यह उच्चाधिकारियों के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से कार्यालय में न आने एवं अनुपस्थित रहने के मद्देनजर उन्होंने कठोर चेतावनी दी।

## ग्रामीणों ने डीएम को बताई बिजली-पानी की दिक्कत

**मानिकपुर चित्रकूट।** विकासखंड की ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने चौपाल लगाई। गांव वालों ने खासतौर पर बिजली आपूर्ति की दिक्कत बताई।

रामपुर कल्याण के ग्रामीणों ने क्षेत्र में व्याप्त विद्युत संबंधी समस्याओं से डीएम को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता (विद्युत) को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति एवं बुनियादी ढांचे से जुड़ी सभी शिकायतों का समयबद्ध सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। चौपाल में पेयजल की समस्या का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। अधिशासी अभियंता (जल निगम) ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत 31 मार्च तक संबंधित ग्राम पंचायतों में नियमित जलापूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। चकरोड, चकबंदी एवं राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त प्रार्थनापत्रों पर डीएमने कड़ा रुख अपनाया और अधिकारियों को निर्देश दिए शिकायतों का जल्द निस्तारण हो।


जिलाधिकारी पुलकित गर्ग का स्वागत करते स्काउट-गाइड। अमृत विचार

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर जोर

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक की। बैठक में विद्यालय के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विचारविमर्श किया गया।

स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी का स्वागत किया । प्राचार्य स्नेहलता ने योजनाओं से संबंधित कार्य सूची बताई। डीएम ने शैक्षणिक सत्र के परीक्षा परिणामों एवं पठनपाठन की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता एवं नवाचार को बढ़ावा देने व शिक्षा को छात्र-केंद्रित बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, प्रयोगशालाओं तथा पुस्तकालय के समुचित रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बाद में डीएम ने चित्रकला प्रदर्शनी देखी और कक्षा नौ की छात्रा मानसी सिंह को अंगवस्त्रम् से सम्मानित किया । बैठक में सीडीओ देवी प्रसाद पाल, एसडीएम सौरभ कुमार यादव, सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, अभिभावक सदस्य पुष्पा देवी तथा शिक्षक प्रतिनिधि अवधेश पाल आदि मौजूद रहे।

## महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**सीतापुर(चित्रकूट)।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कल से 12 फरवरी तक ग्रामोदय महोत्सव होगा। इस दौरान कृषि गोष्ठी, व्याख्यानमाला, प्रदर्शनी, संगोष्ठी, खेलकूद, बौद्धिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी महोत्सव के मुख्य संयोजक प्रो. नंदलाल मिश्रा ने दी। बताया कि आठ, नौ और 10 फरवरी को खेलकूद, 11 फरवरी को फाइनल होगा। नौ, 10 फरवरी को बौद्धिक प्रतियोगिता, नौ, 10,11 फरवरी को सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, नौ,10 फरवरी को ललित कला प्रतियोगिताएं, 10 फरवरी को ग्रामोदय व्याख्यानमाला, 12 फरवरी को कृषक गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे।

# जीजीआईसी के निरीक्षण में मिली गंदगी

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल के साथ राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी का मुआयना किया। विद्यालय में पसरी गंदगी देख नाराज डीएम ने डीआईओएस और प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्राओं से उनके पठनपाठन, समाचार पत्र पठन तथा विद्यालय से संबंधित समस्याओं पर बात की। प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। गलियारों में फर्नीचर अव्यवस्थित पाया गया तथा कई स्थानों पर टूटी-फूटी सामग्री के ढेर एवं सफाई का अभाव पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण लिया जाए। साथ ही यह भी कहा कि विद्यालय परिसर में अत्यधिक गंदगी पाया जाना इस बात का संकेत है कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समय-समय पर विद्यालय का निरीक्षण नहीं किया गया है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को भी कारण बताओ नोटिस निर्गत किए जाने के निर्देश दिए गए। प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि एक माह के भीतर विद्यालय परिसर की सफाई सुनिश्चित कराई जाए। छात्राओं ने बताया कि पुस्तकालय कक्ष छोटा होने से दिक्कत होती है, कक्षा-कक्षों के दरवाजे टूटे हैं। डीएम ने दस कक्षाओं में क्रिटिकल गैप के माध्यम से स्मार्ट क्लास संचालित कराए जाने एवं मेन गेट के बाहर की सड़क को ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। प्रधानाचार्य ने कालेज में होने वाले कामों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराएं तथा विद्यालय में छात्राओं को बेहतर शैक्षिक एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं।


समस्याओं की जानकारी लेते डीएम पुलकित गर्ग और सीडीओ डीपी पाल।

- डीआईओएस और प्रधानाचार्य को दिया कारण बताओ नोटिस

## अनुज फिर चुने गए स्वच्छता सर्वेक्षण के ब्रांड एंबेसडर

**मानिकपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष रानी देवी और विधायक प्रतिनिधि विनोद द्विवेदी ने युवा समाजसेवी अनुज हनुमत को एक बार फिर पंचायत के स्वच्छता सर्वेक्षण का ब्रांड एंबेसडर चुना है। अनुज ने बताया कि वह स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर में होने वाले कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरतते हुए आम जनमानस के हितों के लिए काम करेंगे। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपेक्षा की। पुराना मानिकपुर निवासी अनिल गुर्दवान और महावीरनगर निवासी मनोज जायसवाल को भी ब्रांड एंबेसडर चुना गया है। अनुज को वर्ष 2019 से नगर का ब्रांड एंबेसडर चुना जा रहा है। सभासद महेश केशरवानी, पूर्व सभासद राहुल अग्रहरि, धनंजय तिवारी, सतीश द्विवेदी, ललित पांडेय, बेटू गुप्ता, पुनीत सिंह, शिवशंकर कंचनी, प्रिंस, फौजदारी, पंकज, जोगेंद्र मिश्र ने बधाई दी।



अनुज को प्रमाणपत्र देतीं नगर पंचायत अध्यक्ष रानी देवी।

## 35 बकरियां चोरी और पांच मेमनों को काटा

**चित्रकूट।** चोरों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। मारकुंडी थाना अंतर्गत इटवा डुंडा ग्राम पंचायत में बीती रात चोरों ने दो वारदात कीं। अगले दिन ग्रामीण जिलाधिकारी से गुहार लगाने पहुंचे।

हली घटना साधुराम वर्मा के साथ हुई। इसने बताया कि चोरों ने पांच फरवरी की रात घर पर धावा बोलकर 35 बकरियां चोरी कर लीं और पांच मेमनों को बेरहमी से काटकर फेंक दिया। पीड़ित के अनुसार, बकरी पालन ही परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है। दूसरी घटना में इसी गांव के राजेश वर्मा के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया। बताया कि चोर घर से एक हजार रुपये, गहने, कपड़े व अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। बताया कि मामले की सूचना मारकुंडी थाने में दी है लेकिन आरोप है कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से मामले की उच्चस्तरीय जांच, चोरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।


जिलाधिकारी से गुहार लगाने पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

### वृद्धाश्रम का मुआयना कर दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिला जज शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी ने शुक्रवार को वृद्धाश्रम विनायकपुर का औचक निरीक्षण किया। वृद्धाश्रम में वृद्धों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं पूछीं। वृद्ध ननकू ने बताया कि वह श्वांस रोग से पीड़ित है। इस पर सचिव ने संस्था प्रबंधक को इलाज कराने को कहा।

### डीएम ने किया चेकडैम और ब्लास्ट कूप का निरीक्षण

**मानिकपुर।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने ग्राम पंचायत कल्याणपुर में लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित चेकडैम कम रपटा व ब्लास्ट कूप का निरीक्षण किया। सहायक अभियंता लघु सिंचाई विभाग ने बताया कि मानिकपुर के पाठा क्षेत्र में चेकडैम और ब्लास्ट कूप किसानों के फसलों के लिए सिंचाई का मुख्य साधन है।

### कल से होगा कोटे में अनाज का वितरण

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी कमलनयन सिंह ने बताया कि अंत्योदय एवं पात्र कार्डधारकों को फरवरी के खाद्यान्न का वितरण आठ से 26 फरवरी के मध्य कराया जाएगा। वितरण की अंतिम तिथि पर आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण किया जा सकेगा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम अभिलेखों में पूर्व में भूलवश धारणा सिंह व जन्म तिथि 02–06–2018 दर्ज हो गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम अदिति सिंह व जन्म तिथि 02–06–2019 पुत्री श्री कृष्ण अवतार निवासी– ग्राम भाऊपुर, पोस्ट– परौख, जिला– मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) है। मेरी पुत्री अदिति सिंह को इसी नाम से जाना पहचाना जाए एवं अभिलेखों में भी दर्ज किया जाए। - **संरक्षक/पिता- कृष्ण अवतार पुत्र श्री भगवान सिंह, निवासी- ग्राम- भाऊपुर, पोस्ट- परौख, जिला- मैनपुरी (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अवनींद्र नाथ शाक्य ( Avanindra Nath Shakya) दर्ज है, जो गलत है। मेरा सही नाम अवनींद्र नाथ शाक्य (Avnindra Nath Shakya) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **अवनींद्र नाथ शाक्य पुत्र राम नाथ शाक्य, निवासी 9 ए, फ्रेंड्स कॉलोनी, इटावा।**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुनीता शाक्य दर्ज हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम सुनीता है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **सुनीता पत्नी अवनीन्द्र नाथ शाक्य नि0- 9A फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा**

**सूचना**
हम अरुण कुमार गांगुली पुत्र एस.एन. गांगुली तथा मेरी पत्नी आभा गांगुली दोनों निवासी–212 मानस एन्क्लेव फरीदी नगर इंदिरा नगर सीमैप लखनऊ उत्तर प्रदेश संयुक्त रूप से अपने छोटे पुत्र रितेश गांगुली व उसकी धर्म पत्नी मनीषा कश्यप पुत्री रतन लाल कश्यप को हमारी समस्त चल–अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल कर रहे हैं अब से हम लोगों का इनसे कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

बदलाव

### पीएमश्री योजना से ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा

# कछारपुरवा का कंपोजिट विद्यालय बना शिक्षा का मॉडल


लाइब्रेरी में अखबार पढ़ते बच्चे। अमृत विचार


लैब में बच्चों को कम्प्यूटर सिखाते शिक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर लंबे समय से उठ रहे प्रश्नों के बीच कई ऐसे स्कूल हैं, जिनका स्तर अच्छा है। चित्रकूट मुख्यालय से सटे कोलगदहिया के मजरे कछारपुरवा में स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के तहत ग्रामीण शिक्षा में बदलाव की नई इबारत लिख रहा है।

पीएमश्री योजना के अंतर्गत चयनित इस विद्यालय में आधारभूत संरचना के साथ-साथ शैक्षणिक वातावरण में भी उल्लेखनीय सुधार किया गया है। विद्यालय परिसर में पुस्तकालय, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विकसित हरा-भरा उद्यान तथा 11 आधुनिक कंप्यूटरों से युक्त कंप्यूटर लैब की स्थापना की गई है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र डिजिटल शिक्षा से जुड़ते हुए तकनीकी दक्षता प्राप्त कर रहे हैं।

विद्यालय में शासन की अख़बार पठन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत विद्यार्थियों को नियमित रूप से हिंदी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र पढ़ाए जाते हैं, जिससे उनकी भाषा दक्षता, सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक विषयों की समझ विकसित हो रही है। शिक्षक समाचारों के अर्थ, संदर्भ एवं महत्व को सरल ढंग से समझाकर विद्यार्थियों में तार्किक सोच और अभिव्यक्ति क्षमता को बढ़ावा दे रहे हैं। विद्यालय में वर्तमान में प्रधानाध्यापिका ऊषारानी त्रिपाठी के साथ कुल 13 शिक्षक एवं शिक्षिकाएं हैं। इनमें आठ सहायक अध्यापक एवं चार शिक्षामित्र हैं। शिक्षक बताते हैं कि कक्षाओं में अनुशासन, स्वच्छता तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसका प्रभाव विद्यार्थियों की उपस्थिति और सीखने की रुचि में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। विद्यालय में वर्तमान में प्राथमिक स्तर पर 120 तथा जूनियर स्तर पर 137 छात्र-छात्राएं हैं। जो शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं अनुशासित वातावरण को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

#### अखबार पढ़कर प्रश्न पूछ रहे हैं बच्चे

- सहायक अध्यापक विद्यासागर सिंह ने बताया कि पीएमश्री योजना के तहत प्राप्त संसाधनों का उद्देश्य केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को आधुनिक, व्यावहारिक एवं समग्र शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अब छात्र कंप्यूटर संचालन सीख रहे हैं, अख़बार पढ़कर प्रश्न पूछ रहे हैं और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख पा रहे हैं।

#### अभिभावक ले रहे नामांकन में रुचि

- ग्रामीण परिवेश में स्थित यह विद्यालय अब आसपास के गांवों के अभिभावकों के बीच भरोसे और आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। अभिभावकों में अपने बच्चों का नामांकन इस विद्यालय में कराने की रुचि बढ़ी है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की नियमित निगरानी एवं स्थानीय सहयोग से विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

**कार्यालय नगर पंचायत मऊ, जनपद–चित्रकूट**

पत्र संख्या– 806/ न0पं0 मऊ/ ई–निविदा/2025–26, दिनांक 06 फरवरी, 2026

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद्वारा समस्त ठेकेदार, बिडर्स/कान्ट्रैक्टर्स, बेंडर्स को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर क्षेत्रान्तर्गत/वार्डो में कराये जाने वाले विकास/निर्माण कार्यो हेतु आनलाईन निविदाएँ उत्तर प्रदेश शासन की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 07.02.2026 से 16.02.2026 अपरान्ह 04: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिनांक 16.02.2026 को सायं 05.00 बजे खोली जायेगी। निर्माण कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्रों में निविदा शुल्क व 02 प्रतिशत जमानत धनराशि नगर पंचायत मऊ बोर्ड फण्ड के खाता संख्या–40050347025 आई.एफ.एस.सी. कोड नं0 SBIN0011205 में अथवा कार्यालय में नगद जमा करना अनिवार्य होगा। बिना निविदा शुल्क व जमानत धनराशि के प्राप्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। ई–निविदा डाले जाने सम्बन्धी सूचना http://etendar.up.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदादाता को ई–निविदा के साथ 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर एक रूपये का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर कर संलग्न / अपलोड करना अनिवार्य होगा। उक्त ई–निविदा से सम्बन्धित विवरण एवं शर्ते तथा अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से कार्य दिवस में कभी भी प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मऊ**
**जनपद चित्रकूट।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मऊ**
**जनपद–चित्रकूट**



संघर्ष के बिना सफलता नहीं मिलती।
**-लाल बहादुर शास्त्री**, पूर्व प्रधानमंत्री

## असहज करते आंकड़े

लोकसभा में पेश देश की छह प्रमुख एयरलाइंस के सरकारी आंकड़े भारतीय नागरिक उड्डयन क्षेत्र को लेकर किंचित असहज करने वाले हैं। पिछले 13 महीनों में 377 विमानों में बार-बार आने वाली तकनीकी खराबियां तथा ऑडिट किए गए लगभग आधे विमानों में दोहराई जाने वाली गड़बड़ियां मिलना चिंता का सबब है। सवाल स्वाभाविक है कि क्या भारतीय विमान यात्रियों की यात्रा असुरक्षित हो चुकी है, इसके पीछे निजी विमानन की होड़ तथा नियामक एजेंसियों की विफलता कितनी जिम्मेदार है?

विमानन उद्योग में छोटी-मोटी तकनीकी खामियां सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा मानी जाती हैं। 'रिकरिंग डिफेक्ट' का अर्थ यह नहीं कि हर उड़ान दुर्घटना के कगार पर है। परंतु जब वही गड़बड़ी बार-बार सामने आए, तो यह रख-रखाव, निरीक्षण या प्रणालीगत खामी का संकेत हो सकता है, यही चिंताजनक है। भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। सस्ती हवाई यात्रा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने यात्री संख्या में भारी वृद्धि की, पर रखरखाव, अवसंरचना और नियामकीय निगरानी उसी अनुपात में मजबूत नहीं हुई। डीजीसीए जैसी नियामक संस्था को विमानों की नियमित जांच, ऑडिट और अनुपालन सुनिश्चित करना होगा, क्योंकि एक ही प्रकार की खराबियों का दुहराव केवल एयरलाइंस की समस्या नहीं, बल्कि निगरानी तंत्र की भी परीक्षा है। देखना होगा कि लगातार खराबी के कारण क्या हैं, विमानों का पुराना होना, जिनमें तकनीकी समस्याओं की आशंका अधिक होती है, या फिर प्रतिस्पर्धा की होड़ में लागत घटाने का दबाव अक्सर मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता को प्रभावित करने के साथ रखरखाव की गुणवत्ता पर असर डाल रहा है। इसके अलावा मानव संसाधन और प्रशिक्षण, तकनीकी कर्मियों की कमी या उनकी थकान भी इसकी वजह हो सकती है। हम विमान को जमीन पर रख कर राजस्व नुकसान के भय से सामान्य गड़बड़ी के बावजूद सीमित उड़ान की अनुमति दे देते हैं, जबकि अमेरिका और यूरोप में नियामक एजेंसियां काफी कठोर ऑडिट और दंडात्मक प्रावधान लागू करती हैं। उदाहरण के तौर पर, बोइंग 737 मैक्स संकट के बाद अमेरिकी नियामक ने पूरे बेड़े को ग्राउंड कर दिया था। यूरोप में भी गंभीर तकनीकी गड़बड़ी पर तत्काल उड़ान रोकने का प्रावधान है। भारत में भी ऐसी शक्तियां मौजूद हैं, परंतु उनका प्रयोग कितनी दृढ़ता से होता है, यही मूल प्रश्न है, हालांकि यह कहना अतिशयोक्ति होगा कि भारत में हवाई यात्रा व्यापक रूप से असुरक्षित हो चुकी है। परंतु चेतावनी संकेत साफ हैं।

सरकार को डीजीसीए की क्षमता, तकनीकी स्टाफ और ऑडिट प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना होगा। एयरलाइंस को लाभ से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। बेड़े का आधुनिकीकरण, पारदर्शी रख-रखाव रिपोर्टिंग और तकनीकी कर्मियों में निवेश अनिवार्य है। यात्रियों की भी भूमिका है। तकनीकी गड़बड़ी के कारण देरी पर असंतोष स्वाभाविक है, पर सुरक्षा जांच में समय लगना बेहतर है, बनिस्बत जोखिम उठाने के। शिकायत तंत्र का उपयोग, पारदर्शिता की मांग और जागरूकता, ये सब दबाव बनाते हैं कि प्रणाली बेहतर हो।

### प्रसंगवश

## बदले में हम पहाड़ों को क्या दे रहे हैं!

पहाड़ और समुद्र दो ऐसी चीजें हैं, जिनका आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों को पहाड़ हमेशा से अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं। आदमी के मन को बरबस अपनी ओर खींच लेने वाले पहाड़ सैलानियों को वर्षों से ठंडी हवाओं, एकांत शांति और सुकून का आश्वासन देते रहे हैं। आज भी पहाड़ का यह आश्वासन आदमी को अपनी ओर खींच कर मंत्र मुग्ध, चकित कर देता है, पर इन सबके बीच सवाल यह है कि हम पहाड़ को क्या दे रहे हैं? बीते वर्षों में पहाड़ पर जाने वालों का एक ऐसा तबका उभरा है, जो स्वयं पहाड़ की शांति में खलल डालने लगा है।

पुरानी अवधारणा के अनुसार पर्यटन और तीर्थाटन में ज्यादा अंतर नहीं था। सही मायने में तीर्थाटन के मतलब को समझा जाए, तो उसमें काफी दिक्कतें हैं, शारीरिक कष्ट शामिल हैं। उत्तराखंड के संदर्भ में तीर्थ यात्रा का मतलब यही दुख और कष्ट था। कल के हिसाब से पर्यटन का अर्थ था, एक लंबी यात्रा, जिसे गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ लोग कष्टदायक नहीं मानते थे, लेकिन वर्तमान में ऐसा नहीं है। आज पर्यटन और तीर्थाटन दोनों के मतलब बदल गए है।



दीपक नौगांई
लेखक

गर्मियों में पहाड़ की ओर प्रस्थान करने का प्रबंध अंग्रेजों ने किया था। वे गर्मियों में अपनी राजधानी को दिल्ली से उठाकर नैनीताल या शिमला ले जाते थे। तब कई जगहों पर तो भारतीयों का प्रवेश एक तरह से वर्जित ही था, लेकिन आजादी की बाद पहाड़ अंग्रेजी साहबों के कब्जे से आजाद होकर हिंदुस्तानी साहबों के कब्जे में आ गए। बीते 10-15 सालों में पहाड़ पर जाने वाले लोगों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। एक नए धनाढ्य वर्ग का जन्म हुआ है, जो वीकेंड पर सारे तामझाम के साथ अपने वैभव का प्रदर्शन करने हिल स्टेशन पहुंच जाता है।

पहाड़ तो हमेशा चुप रहते हैं। पता नहीं पहाड़ ऐसे सैलानियों को किसी विस्मय से देखते हैं या नहीं पर वे पहाड़ को किसी विस्मय से नहीं देखते। अगर झील नगरी नैनीताल की बात करें, तो अब यह एक कंक्रीट जंगल में बदल गया है। पहले जाड़ों में यहां बहुत कम पर्यटक आते थे, पर अब तो साल भर भीड़ रहती है। आज सब कुछ है पर शांति नहीं है। सीजन के समय मल्लीताल बाजार से नीचे उतरें, तो फ्लैट कारों से भरा दिखेगा और माल रोड पर तिल रखने की जगह नहीं मिलेगी।

स्थानीय कारोबारियों की बात करें, तो वे करें भी तो क्या करें। पर्यटकों से ही तो उनकी कमाई है, इसलिए वे पर्यटकों के हर नाज-नखरे सहने को बाध्य हैं। होटल वाले खुश हैं कि पर्यटकों की भीड़ है, पर कोई पहाड़ से पूछे कि उसके क्या हालात हैं। क्या पर्यटकों की भीड़ से पहाड़ खुश हैं। इस तरह का पर्यटन पहाड़ विरोधी सभ्यता को जन्म देता है, जो किसी न किसी रूप में पहाड़ के गरिमामय जीवन के मूल्यों पर एक तरह से कुठाराघात ही करता है। क्या नैनीताल, मसूरी, शिमला या कुल्लू मनाली इस तरह के पर्यटन और पर्यटकों की भीड़ को सहने का सामर्थ्य रखते हैं।

नए सैलानी आज अपनी चीजों और पैसों का प्रदर्शन करने ही पहाड़ जाते हैं। पहाड़ क्या चाहता है, उन्हें इससे कोई मतलब नहीं। देखा जाए तो आज पहाड़ों में बचा ही क्या है? पेड़ों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। सड़कें चौड़ी की जा रही हैं, ताकि लोग आराम से अपनी महंगी गाड़ियों में बैठकर पहाड़ को रौंद सके। अब इससे पहाड़ धंस जाए और भूस्खलन ज्यादा होने लगे, तो इससे किसी को क्या मतलब। कल क्या होगा इसकी चिंता आज क्यों करे आदमी?

# प्रधानमंत्री का मलेशिया दौरा और उम्मीदें





प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

जब एशिया की जियोपॉलिटिक्स अनिश्चितता और प्रतिस्पर्धा की तेज लहरों से घिरी हुई है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 7-8 फरवरी का मलेशिया दौरा दूरदर्शी कदम के रूप में उभरता है। अगस्त 2024 में संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के बाद यह पहला बड़ा अवसर है, जब दोनों देश अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी में हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हो रहा यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा और चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन का स्पष्ट, सशक्त और आत्मविश्वासी संदेश भी प्रस्तुत करेगा।

भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय संबंध अब औपचारिकताओं की सीमाओं से निकलकर आपसी विश्वास, सहयोग और साझेदारी की गहराई तक पहुंच चुके हैं। लगभग 2.9 मिलियन भारतीय मूल के नागरिक मलेशिया में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। यही सशक्त डायस्पोरा भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर मजबूती प्रदान करता है। मोदी और अनवर की मुलाकात में व्यापार, निवेश, डिफेंस, सुरक्षा, डिजिटल और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी जैसे अहम विषयों पर ठोस और दूरगामी निर्णय होने की पूरी संभावना है। दसवां इंडिया-मलेशिया सीईओ फोरम इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगा, जहां भविष्य की आर्थिक साझेदारियों की मजबूत नींव रखी जाएगी।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया दौरे पर जा रहे हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हो रहा यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा। यह यात्रा भविष्य की वैश्विक रणनीति को दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।

व्यापार के क्षेत्र में यह यात्रा एक निर्णायक और परिवर्तनकारी मोड़ साबित हो सकती है। मलेशिया का पाम ऑयल, इलेक्ट्रॉनिक्स और तेल-गैस संसाधन भारत की बढ़ती आवश्यकताओं को मजबूती देंगे, जबकि भारतीय आईटी, फार्मा और स्टार्टअप सेक्टर मलेशियाई बाजार में नए अवसरों की खोज करेंगे। दोनों देश व्यापारिक बाधाओं को कम करने, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था सुधारने और सप्लाई चेन को सशक्त बनाने पर ठोस सहमति बना सकते हैं। इंडो-पैसिफिक व्यापार गलियारों को गति देकर चीन पर निर्भरता घटाने का प्रयास भी इस एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

ऊर्जा क्षेत्र में यह दौरा भविष्य की हरित क्रांति की मजबूत आधारशिला रखने की पूरी क्षमता रखता है। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन टेक्नोलॉजी और ऊर्जा संक्रमण पर सहयोग के नए द्वार खुलने की प्रबल संभावना है। मलेशिया के तेल और गैस संसाधन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएंगे, जबकि भारत की उन्नत सोलर और विंड तकनीक मलेशिया को नेट-जीरो लक्ष्य के और अधिक निकट पहुंचाएगी। ऊर्जा संक्रमण से जुड़े संभावित समझौते दोनों देशों को जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक साझा और प्रभावी मोर्चे पर खड़ा करेंगे। यह साझेदारी आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन का प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी।

मैरिटाइम सिक्योरिटी इस यात्रा का सबसे संवेदनशील, रणनीतिक और महत्वपूर्ण पक्ष है। दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच भारत और मलेशिया का नौसैनिक सहयोग क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अनिवार्य बन चुका है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस को मजबूत करना प्रमुख प्राथमिकता होगी। मलक्का जलडमरू मध्य की सुरक्षा वैश्विक व्यापार की जीवनरेखा है, जिसकी स्थिरता दोनों देशों के साझा हितों से जुड़ी है। यह सहयोग समुद्री सुरक्षा को नई दिशा देगा, जहां साझेदारी टकराव पर भारी पड़ेगी।

इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की नेतृत्व भूमिका इस दौरे के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावशाली होगी। एक्ट ईस्ट नीति और मलेशिया की लुक ईस्ट रणनीति का संगम एक मजबूत और संतुलित क्षेत्रीय ढांचा तैयार करेगा। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क पर होने वाली चर्चा सुरक्षित, पारदर्शी और स्थिर व्यापार मार्गों के विकास में सहायक होगी। क्वाड, आसियान और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क के साथ समन्वय बढ़ने से क्षेत्र में संतुलित शक्ति व्यवस्था स्थापित होगी। निवेश के क्षेत्र में यह यात्रा अवसरों के नए द्वार खोलने वाली सिद्ध होगी।

मलेशियाई कंपनियां मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बन सकती हैं। सीईओ फोरम में होने वाले समझौते रोजगार सृजन, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण को नई गति प्रदान करेंगे। भारतीय प्रवासी समुदाय निवेशकों और सरकारों के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाएगा। मोदी की उद्योगपतियों से मुलाकात एफडीआई को विशेष रूप से ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में प्रोत्साहित करेगी। यह निवेश साझेदारी आपसी विश्वास, स्थायित्व और दीर्घकालिक सहयोग का मजबूत आधार बनेगी।

सॉफ्ट पावर के क्षेत्र में भी यह दौरा गहरा और दूरगामी प्रभाव डालेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति और हेल्थ टेक में बढ़ता सहयोग द्विपक्षीय संबंधों को मानवीय और संवेदनशील आधार प्रदान करेगा। महामारी के बाद हेल्थ टेक और वैक्सीन सहयोग की बढ़ती अहमियत इस साझेदारी को और सुदृढ़ बनाएगी। छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध साझेदारियां ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जन-संपर्क से दोनों समाजों के बीच भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा। यह यात्रा प्रमाणित करेगी कि कूटनीति केवल समझौतों तक सीमित नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाली निरंतर प्रक्रिया भी है।

यह केवल दो देशों की औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि एशिया के भविष्य की दिशा तय करने वाला रणनीतिक प्रयास है। भारत-मलेशिया साझेदारी वैश्विक चुनौतियों के सामने एक सशक्त और अटूट दीवार बनकर उभरेगी। यह यात्रा उम्मीद, आत्मविश्वास और रणनीतिक दूरदृष्टि की प्रतीक बनकर इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

### आमने सामने



उत्तर के लोग तमिलनाडु में टेबल साफ करने आ रहे हैं। वे यहां मजदूरी, पानी पूरी बेचने आते हैं, क्योंकि उन्होंने सिर्फ हिंदी सीखी है। इसके उलट हमारे बच्चे विदेश जाते हैं, क्योंकि हम दो-भाषा नीति का पालन करते हैं और हमने अंग्रेजी अच्छी तरह सीखी है।
**-एमआरके पनीरसेल्वम**
कृषि मंत्री, तमिलनाडु सरकार



आपकी कुंठा का इलाज तो नहीं है पन्नीरसेल्वम जी, लेकिन आपकी भ्रांतियां अवश्य दूर कर सकता हूं। यहां के बच्चे UPSC, IAS, IPS जैसी परीक्षाओं में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हैं। IIT, AIIMS और देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में बिहार के युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।
**-अशोक चौधरी**
मंत्री, बिहार सरकार

# एआई किसानों के लिए क्रांति या संकट!



जयदेव राठी
अधिवक्ता

भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले कृषि क्षेत्र के लिए केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एक गेम चेंजर के रूप में पेश किया है। अपने बजट भाषण में उन्होंने रिकॉर्ड 11 बार एआई का जिक्र किया और 'भारत विस्तार' नामक एक बहुभाषी एआई प्लेटफॉर्म की घोषणा की। सवाल यह है कि क्या यह तकनीकी हस्तक्षेप वाकई भारत के लगभग 14 करोड़ किसानों की तस्वीर बदल सकेगा, या यह महज एक और सरकारी घोषणा बनकर रह जाएगी?

बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष से लगभग 7% अधिक है। इसमें सबसे उल्लेखनीय है 'भारत विस्तार' प्लेटफॉर्म की स्थापना। यह एक बहुभाषी एआई टूल है, जो एग्रीस्टैक पोर्टल और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) की सत्यापित कृषि पद्धतियों को एआई सिस्टम के साथ एकीकृत करेगा।

इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को कई सुविधाएं मिलेंगी। मिट्टी की गुणवत्ता, जलवायु परिस्थितियों और फसल के आधार पर विशिष्ट सुझाव। सटीक और स्थानीय मौसम की जानकारी, जो सिंचाई और बुआई के फैसलों में मदद करेगी। फसलों में लगने वाली बीमारियों की शीघ्र पहचान और समाधान। फसलों के सही दाम और बाजार की मांग की जानकारी। किसानों को उनकी अपनी भाषा में सलाह, जिससे डिजिटल विभाजन कम होगा। इसके अतिरिक्त, बजट में 'कृषि साथी' नामक एआई चैटबॉट की भी घोषणा की गई है, जो वॉयस और वीडियो के माध्यम से किसानों के सवालों का जवाब देगा। पशुपालन क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम, नारियल प्रोत्साहन योजना जो एक करोड़ किसानों समेत तीन करोड़ लोगों को लाभान्वित करेगी और 500 जलाशयों के एकीकृत विकास की भी योजना है।

> एआई आधारित सिस्टम यह बता सकता है कि किस खेत के किस हिस्से में कितना पानी, उर्वरक या कीटनाशक चाहिए।

आधुनिक तकनीक और एआई के सही इस्तेमाल से कृषि क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव संभव हैं। सबसे पहले, प्रिसिजन फार्मिंग के माध्यम से संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग किया जा सकता है। एआई आधारित सिस्टम यह बता सकता है कि किस खेत के किस हिस्से में कितना पानी, उर्वरक या कीटनाशक चाहिए, जिससे लागत में 20-30% तक की कमी आ सकती है।

दूसरा, समय पर सही जानकारी मिलने से फसल उत्पादकता में वृद्धि होगी। मौसम का सटीक पूर्वानुमान, बीमारियों की शीघ्र पहचान और बाजार की सही जानकारी से किसान बेहतर फैसले ले सकेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे उपज में 15-25% तक की वृद्धि संभव है। तीसरा, जोखिम प्रबंधन में सुधार होगा। एआई सिस्टम ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान परिस्थितियों के विश्लेषण से फसल विफलता के जोखिम को पहले से भांप सकता है और निवारक उपाय सुझा सकता है। यह खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जो एक ही फसल पर निर्भर रहते हैं।

चौथा, बाजार से बेहतर जुड़ाव मिलेगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़ सकते हैं, बिचौलियों की भूमिका कम कर सकते हैं और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिला सकते हैं। कई किसान संगठन और कृषि स्टार्टअप इस दिशा में पहले से काम कर रहे हैं।

एआई की इन संभावनाओं के बावजूद, भारतीय कृषि क्षेत्र में इसके व्यापक कार्यान्वयन में कई गंभीर चुनौतियां हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में, खासकर छोटे और सीमांत किसानों में डिजिटल साक्षरता की गंभीर कमी है। जो किसान 85% कृषक समुदाय का हिस्सा हैं, उनमें से अधिकांश स्मार्टफोन का बुनियादी उपयोग तो कर लेते हैं, लेकिन एआई-आधारित जटिल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। एक औसत भारतीय किसान की उम्र 50 वर्ष से अधिक है और उनमें से कई अनपढ़ या अर्ध-साक्षर हैं।

यदि 'भारत विस्तार' जैसे प्लेटफॉर्म को सफल बनाना है, तो सिर्फ बहुभाषी इंटरफेस काफी नहीं है। किसानों को इन तकनीकों के उपयोग का व्यापक प्रशिक्षण देना होगा, जिसके लिए जमीनी स्तर पर कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में आवश्यकता होगी। भारत के लगभग 6.44 लाख गांवों में से 6.13 लाख से अधिक गांवों में 3G/4G इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध हैं। बाकि गांवों में अभी भी मोबाइल कनेक्टिविटी और इंटरनेट की सुविधा नहीं है, जहां इंटरनेट उपलब्ध है, वहां भी कनेक्टिविटी अस्थिर और धीमी है।

एआई-आधारित प्लेटफॉर्म को काम करने के लिए स्थिर और तेज इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत होती है। बिना मजबूत डिजिटल अवसंरचना के, ये सारी योजनाएं कागज पर ही रह जाएंगी। सरकार ने प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) और भारतनेट परियोजना के माध्यम से ग्रामीण कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिश की है, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका कार्यान्वयन अभी भी अपर्याप्त है।

### सोशल फोरम

## पीर डोले शाह के 'चूहे'

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरात जिले में पीर डोले शाह की मज़ार है। पीर साहब का दावा था कि वो बांझ औरतों को औलाद दे सकते हैं, परंतु उनकी शर्त ये थी कि औरतें अपना पहला बच्चा उनकी दरगाह पर पीर की सेवा के लिए छोड़ जाएंगी। ये परंपरा आज तक चली आ रही है। एक अनुमान के मुताबिक़ पिछले तीन सौ साल में एक लाख से ज़्यादा बच्चे दरगाह की नज़र किए गए।



रंजन शर्मा
रिटायर्ड अफसर

ये बच्चे जो दरगाह पर पल कर बड़े होते थे, इनकी खासियत ये थी की ये अपनी उम्र के हिसाब से शारीरिक तौर पर तो लम्बे-चौड़े, हष्ट-पुष्ट हो जाते थे, परंतु इनका सर एक-दो साल के बच्चे जितना बड़ा ही रहता था। साथ में ये मंदबुद्धि भी होते थे। दरगाह इनसे भीख मंगवा कर अपनी कमाई करती थी।

इसका कारण यह था कि यहां छोड़े गए साल-दो-साल के मासूम बच्चों को इसी उम्र से सर पर एक लोहे का हेलमेट पहना कर कस दिया जाता था। ये लोहे की टोपी सालों तक बंधी रहती थी। इससे इन बच्चों के सर के बनावट उतनी ही रह जाती थी और साथ में इनका मानसिक विकास भी रुक जाता था। इनको 'चूहों' का नाम दिया जाता था और इन्हे भीख मांगने के लिए दूर-दूर तक भेजा जाता था।

दरगाह पर हो रही इस अमानवीय हरकत की ख़बर अंग्रेज़ी हुक़ूमत तक पहुंची तो उसने इसकी जांच कराई, परंतु सबूतों और गवाहों के अभाव में ये साबित नहीं हो सका कि यहां पर रह रहे बच्चों की शारीरिक और मानसिक अपंगता का कारण क्या है?

हुक़ूमत की दख़ल के चलते दरगाह के स्थानीय अक़ीदतमंदों (श्रद्धालुओं) में नाराज़गी भी पनपने लगी। अतः अंग्रेज़ अधिकारियों ने इसे 'माइक्रोसेफली' नामक बीमारी का नाम देकर पल्ला झाड़ लिया। परंतु वो ये नहीं समझा पाए कि ये बीमारी सिर्फ दरगाह विशेष के बच्चों तक ही क्यों सीमित है?

आज़ादी के बाद भी इस मज़ार पर 'चूहों' की संख्या बेरोक-टोक बढ़ती गई। 1969 में तत्कालीन फौज़ी तानाशाह जनरल अयूब खान के आदेश पर पाकिस्तान के वक़्फ़ विभाग ने मज़ार का अधिग्रहण कर लिया। इसके चलते नए 'चूहों' की संख्या में कुछ अंतर आया, परन्तु 1977 में पाकिस्तान के तीसरे फौज़ी तानाशाह जनरल ज़िया उल हक़ की हुक़ूमत के दौरान मौलवियों की मनमानी फ़िर से शुरू हो गई। नतीजतन आज भी गुजरात शहर में दस हज़ार से ज़्यादा 'चूहे' भीख मांग कर दरगाह का खज़ाना भर रहे हैं और एक नारकीय ज़िन्दगी जीने के लिए अभिशप्त हैं। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## महिला हिंसा सिर्फ घर का मामला नहीं होता

'हम औरतों की बहुत इज्जत करते हैं।' गांवों में यह वाक्य कई बार सुनने को मिलता है। पुरुषों के लिए यह एक सामान्य वाक्य था, लेकिन महिलाओं की खामोशी इसके बिल्कुल उलट कहानी कहती है। बातचीत के दौरान जैसे ही शारीरिक हिंसा का विषय आता है, महिलाओं के शब्द रुक जाते हैं और आवाज़ धीमी हो जाती है। जैसे वह इस शब्द का अर्थ अच्छे से समझ रही हों, लेकिन समाज का डर उन्हें इस पर बात करने से रोक रहा था।

गांवों में जब महिलाओं से लैंगिक हिंसा पर बात की जाती है तो शुरुआत में उनका जवाब होता है, 'थोड़ी-बहुत होती है', लेकिन उनके चेहरे और हावभाव बता देते हैं कि सच्चाई इससे कहीं ज़्यादा गहरी है। वे खुलकर बात करने से डरती हैं। वहीं जब पुरुषों से इस विषय पर सवाल किया जाता है, तो उनका जवाब लगभग एक-जैसा होता है, 'हम अपनी औरतों की बहुत इज़्ज़त करते हैं, उन्हें पूरी आज़ादी दी है।'



जिया कर्मियाल
एक्टिविस्ट

उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से घिरे गांव जखेड़ा की आबादी लगभग 600 के करीब है। आर्थिक रूप से कमजोर यह गांव शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत अधिक समृद्ध नहीं है। गांव की अधिकतर आबादी कृषि पर निर्भर है। सरकारी सेवा में उपस्थिति लगभग नगण्य है। किसानी के अलावा अधिकतर युवा सेना में कार्यरत हैं। वहीं 12वीं के बाद ज़्यादातर लड़कियों की शादी कर दी जाती है। ऐसे में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस गांव की बहुत कम लड़कियां पहुंच पाती हैं। बालिका शिक्षा का कम दर ही लैंगिक हिंसा को उभरने का मौका देता है।

गांव में बातचीत से यह भी महसूस हुआ कि सामान्य समस्याओं पर तो लोग खुलकर बातचीत करते हैं, समाधान खोजने का प्रयास करते हैं, लेकिन जैसे ही बात महिलाओं पर होने वाली हिंसा की आती है, या तो खामोशी छा जाती है या फिर इसे स्वीकार करने से ही इंकार कर देते हैं। जाहिर है कि यह इंकार पुरुषों की तरफ से आया था, लेकिन महिलाओं की खामोशी सच को बयां करने के लिए काफी था। शायद उनकी इस चुप्पी के पीछे जागरूकता की कमी, सामाजिक दबाव और बदनामी का डर होगा।

अगर हम इन अनुभवों को व्यापक संदर्भ में देखें, तो तस्वीर और भी चिंताजनक हो जाती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल घरेलू हिंसा के हजारों केस दर्ज होते हैं। देशभर में महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराधों की संख्या चार लाख से अधिक है। यह वह आंकड़े हैं जो रिपोर्टों में दर्ज होते हैं, जबकि अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को घर का मामला बता कर दर्ज किया ही नहीं जाता है।

उत्तराखंड जैसे शांत और पहाड़ी राज्य की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। यहां दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और यौन अपराधों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य में हर साल सैकड़ों ऐसे मामले सामने आते हैं, जो बताते हैं कि प्राकृतिक सुंदरता के बीच भी महिलाओं की ज़िंदगी सुरक्षित नहीं कही जा सकती है। इन आंकड़ों और जमीनी अनुभवों को जोड़कर देखें, तो यह साफ हो जाता है कि समस्या कानून की कमी की नहीं, बल्कि कार्यान्वयन, सामाजिक सोच और चुप्पी की संस्कृति की है। जब तक हिंसा को 'घर का मामला' कहकर टाल दिया जाएगा, तब तक महिलाएं न्याय और सुरक्षा से दूर ही रहेंगी।

सवाल उठता है कि क्या महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए, अपने सम्मान के लिए और अपनी सुरक्षा के लिए खुद खड़े होने का पूरा मौका मिलता है? और सबसे अहम सवाल क्या हमारे समाज में महिलाएं कभी सच में हिंसा मुक्त जीवन जी पाएंगी?


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अमृत विचार
शब्द रंग





# काकतीय विरासत की यात्रा वारंगल और कोटा गुल्लू



राजीव सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार, नोएडा

हैदराबाद घूमने के बाद हमारा अगला पड़ाव तेलंगाना राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर वारंगल था। सड़क मार्ग से लगभग 170 किलोमीटर की दूरी हमने रास्ते में एक जगह रुकते हुए चार घंटे में तय कर ली। वारंगल एक ऐतिहासिक शहर होने के साथ मंदिरों और स्मारकों की भूमि है। इसे किंवदंतियों का शहर भी कहा जाता है। 12वीं से 15वीं शताब्दी के बीच यह काकतीय राजवंश की राजधानी था। वारंगल का गौरवशाली अतीत यहां के स्मारकों में देखा जा सकता है। वारंगल किला, हजार स्तंभों वाला मंदिर, वीरनारायण मंदिर, काकातिया रॉक गार्डन आदि की सैर के बाद हमने घनपुर जाकर कोटा गुल्लू मंदिरों को देखने का निर्णय लिया। यह स्थान वारंगल से करीब 55 किमी दूर स्थित है। स्थानीय भाषा में कोटा गुल्लू का अर्थ 'किले के अंदर मंदिर' बताया गया।

### उत्कृष्ट वास्तुकला

घनपुर गांव उत्कृष्ट काकतीय वास्तुकला वाले कोटा गुल्लू मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। यहां इन मंदिरों का निर्माण 13 वीं शताब्दी के आरंभ में काकतीय वंश के राजा गणपति देव के शासनकाल में हुआ था। प्रसिद्ध रामप्पा मंदिर से 12 किमी दूरी पर स्थित ये मंदिर चालुक्य और काकतीय शैलियों के मिश्रण हैं। 14 वीं और 16 वीं शताब्दी के बीच मुस्लिम सेनाओं के हमलों तथा 17 वीं शताब्दी में इस इलाके में आए बड़े भूकंप में इन मंदिरों को काफी नुकसान पहुंचा था। यहां जटिल नक्काशीदार लाल बलुआ पत्थर के मंदिर, किलेबंद परिसर और खूबसूरती से डिजाइन किए गए स्तंभों वाले हॉल मध्यकालीन तेलंगाना के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक-राजनीतिक जीवन की झलक प्रस्तुत करते हैं। इसी कारण यह परिसर इतिहास और वास्तुकला प्रेमियों के साथ आध्यात्मिक यात्रियों के लिए दर्शनीय स्थल है।



### यात्रा का जीवंत केंद्र

मंदिर के लगभग 200 मीटर आगे चबूतरों पर शिलालेख वाले पत्थर और मूर्तियां स्थापित हैं। इनमें भगवान शिव और विष्णु के खड़ी मुद्रा में विभिन्न रूप दर्शाए गए हैं। यहां सबसे खास सभा मंडप के बरामदे हैं। बरामदे के उत्तरी हिस्से में दो मदनिकाएं दिखाई देती हैं। पूर्वी और दक्षिणी बरामदे गज केसरी की कई पौराणिक आकृतियों से सुशोभित हैं, जो हाथी पर सवार आधे मानव-आधे शेर की आकृति हैं और हाथी पर घोड़े के सिर वाले शेर की पीठ है। कोटा गुल्लू वास्तव में स्थापत्य चमत्कार के साथ पूजा और तीर्थयात्रा का जीवंत केंद्र है। आसपास के जिलों से श्रद्धालु नियमित रूप से मंदिरों में प्रार्थना करने और स्थानीय अनुष्ठानों में भाग लेने आते हैं।





### 60 स्तंभों वाला नाट्य मंडपम

कोटा गुल्लू में 22 मंदिर हैं, जो आकार और डिजाइन में अलग-अलग होने के साथ काकतीय लोगों का अद्भुत वास्तुशिल्प प्रदर्शित करते हैं। मुख्य मंदिर, गणपेश्वरलयम , भगवान शिव को समर्पित है और काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इसके गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग की पूजा की जाती है। गर्भगृह के सामने 60 स्तंभों वाला नाट्य मंडपम है, जिसमें तीन तरफ से प्रवेश द्वार और एक बरामदा है। गर्भगृह के द्वार के चौखटों पर द्वारपालों और उनके सेवकों की मूर्तियां बनी हुई हैं। मंडपम में दो सिर कटे ऋषियों की मूर्तियां हैं। मंदिर की वास्तुकला में जटिल नक्काशी और टिकाऊ लाल बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। मुख्य मंदिर के चारों ओर पंक्तियों में व्यवस्थित 19 सहायक मंदिर हैं, साथ ही उत्तर दिशा में एक और शिव मंदिर है। मंडपम के स्तंभ काकतीय वास्तुकला के अनुसार तराशे गए हैं और इनमें छत के बिना बीम लगे हैं। सामने की दीवारों पर देवी-देवताओं, नर्तकियों, संगीतकारों, मदनिकियों, शेरों की सुंदर मूर्तियां बनी हुई हैं।

# कहां गए शांत और सुंदर पहाड़



हरीश उप्रेती करन
हल्द्वानी

पहाड़ पहले कितना शांत, सुंदर और आत्मिक सुख देने वाला हुआ करता थे। हर सुबह पक्षियों की चहचहाहट से खुलती थी, ठंडी हवा की सरसराहट से शरीर में नया जीवन भर जाता था और हर दिशा में हरियाली ऐसे लहराती थी मानो कुदरत खुद हमें आशीर्वाद दे रही हो। तब का जीवन कठिन जरूर था, पर उसमें एक मिठास थी, एक अपनापन था और सबसे बड़ी बात, एक सुरक्षित भविष्य का आभास था। बारिश तब भी होती थी। हम उसे सतझड़ कहते थे।

गांव के चारों ओर बहने वाले गधेरे (छोटे बरसाती नाले) गुस्से से सरसराते हुए बहते थे, जैसे कोई नागिन अपनी पूरी ताकत से अपनी राह बना रही हो। दूर तक फैली पहाड़ियों पर पानी ऐसे गिरता था मानो सैकड़ों झरने एक साथ फूट पड़े हों। पानी, हरियाली और प्रकृति की लयबद्ध ध्वनि यही था मेरा पहाड़, लेकिन पर आज अब तो हर दिशा में बस त्रासदी है। अब गधेरे जीवन के संकेत नहीं, बल्कि तबाही की आहट है। पानी अब जीवन नहीं, मृत्यु का संदेश लेकर आता है।

अब जब बारिश होती है, तो मन में सुकून नहीं डर पैदा होता है, कहीं भूस्खलन न हो जाए, कहीं किसी का घर जमींदोज न हो जाए। कभी प्रकृति की गोद में लोरी सुनता मेरा पहाड़ आज कराह रहा है। किसकी नजर लग गई मेरे पहाड़ को?

अब समझ आता है, यह प्राकृतिक नहीं, मानवीय त्रासदी है। आज मेरे पहाड़ की रगों में बहते पानी पर खनन माफियाओं की नजर है। जिन खेतों में हम फसलें उगाते थे, उन पर अब भू-माफियाओं की कुदृष्टि है, जो जंगल कभी हमें



जीवन देते थे, उन्हें वन माफिया बेरहमी से काट रहे हैं। यह सब एक संगठित तंत्र के तहत हो रहा है, जिसमें सरकारें भी शामिल हैं। सरकार अब पहाड़ों को बस 'टूरिज्म जोन' मानकर देखती है। मंदिरों की भी पवित्रता अब बाजार में तौल दी गई है, जो स्थान कभी साधना और एकांतवास के प्रतीक थे, आज वहां पर्यटकों की भीड़ है। कैमरे, हंसी-ठिठोली, शोर और प्रदूषण। न देवी-देवताओं को एकांत मिल रहा है, न पहाड़ को चैन। ऐसे में अगर शिवजी अपना तीसरा नेत्र खोलें, तो क्या गलत होगा? हमने पहाड़ की आत्मा को छलनी कर दिया है। खनन के लिए पहाड़ों का सीना चीरा जा रहा है, सड़कों के नाम पर पेड़ों की कतारें साफ की जा रही हैं, बड़े-बड़े होटल और अट्टालिकाएं बन रही हैं, जिनका फायदा केवल बाहरी लोगों को है और जब ये पहाड़ टूटते हैं, जब मलबा गांवों को बहा ले जाता है, तो मारे जाते हैं स्थानीय लोग, जिनका कसूर बस इतना है कि वे यहां रहते हैं। किसी को उनके दर्द की परवाह नहीं है। सरकारी फाइलों में बस आंकड़े दर्ज होते हैं, इतने मरे, इतना नुकसान हुआ, लेकिन उन आंकड़ों के पीछे जो जिंदगियां हैं, जो सपने हैं, उनका क्या? और सबसे दुखद बात यह है कि यह सब जानते हुए भी कोई कुछ नहीं करता। बहती गंगा में सभी हाथ धो रहे हैं। पहाड़ की आत्मा हर रोज मरती जा रही है। अब भी वक्त है, अगर अब भी नहीं चेते, तो वह दिन दूर नहीं, जब पहाड़ हमारे बचपन की स्मृति बनकर रह जाएंगे और आज के बच्चों को हम सिर्फ कहानियों में बताएंगे कि कभी यहां शांति हुआ करती थी, कभी यह धरती स्वर्ग से कम नहीं थी। क्या हम ऐसा पहाड़ अपने आने वाली पीढ़ियों को देना चाहते हैं? सोचना होगा, नहीं तो पहाड़ फिर टूटेगा और अगली बार शायद संभलने का मौका भी न मिले।

# मीर तकी मीर : दर्द को शायरी बनाने वाला शायर

मीर तकी मीर सिर्फ गजल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज थे। मीर उर्दू गजल को शिखर तक पहुंचाने वाले बड़े कवि थे। उन्हें 'खुदा-ए-सुखन' यानी कि शायरी का खुदा कहा जाता है। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती हैं। उर्दू ही नहीं फारसी भाषा पर भी उनकी मजबूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है, जिसमें फारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामंजस्य हो। मीर तकी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया।



सुनील कुमार महला
लेखक

मीर तकी मीर का मूल नाम मोहम्मद तकी था। उनकी प्रमुख कृतियां जिक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दु रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फारसी (फारसी रचनाओं का संग्रह), फैज-ए-मीर (पांच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फारसी जुबान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियां) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे, वे 'दर्द के शायर' कहलाते हैं। दरअसल, मीर की जिंदगी मुफलिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में 'हूक' और 'टीस' महसूस होती है। उन्होंने खुद एकबार यह कहा था-'मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने गम जमा किए तो दीवान किया।'

दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियां हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-'पत्थर की भीत क्या करूं, आंसू जो ढल गए।' नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी



थी। मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना, तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहां दिल से कभी बस नहीं पाए। मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में 'सहल-ए-मुमतना' कहा जाता है-यानी ऐसी चीज, जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो।

शायर मिर्जा गालिब भी उनके कायल थे। सच तो यह है कि गालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना। गालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा-'रेख्ते के तुम ही उस्ताद नहीं हो गालिब,कहते हैं अगले जमाने में कोई मीर भी था।' वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-'इब्तिदा-ए-इश्क है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या।' 'हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।','नाजुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।','मीर उन नीम-बाज आंखों में, सारी मस्ती शराब की सी है।' उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्मस्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था -'शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुकाबला कौन करे।'

मीर सिर्फ उर्दू गजल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज हैं। उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे जख्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुंचाया और गजल को आत्मा की आवाज बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

# पहली जिम्मेदारी का एहसास औपचारिकताओं की चुनौती



### जॉब का पहला दिन



नयन कुमार सोनकर
ओ.एस.डी., जिलाधिकारी
कानपुर नगर

वर्ष 2001 को मैं शिक्षण संस्थान (गौरव टाइपिंग इंस्टिट्यूट), ईदगाह कॉलोनी में अपनी टाइपिंग मशीन पर अभ्यास कर रहा था। तभी लगभग सायं 6:00 बजे शिक्षक/मार्गदर्शक बनारसी तिवारी जी ने खुशखबरी दी कि मेरा चयन समूह 'घ' भर्ती परीक्षा 2001 के अंतर्गत तहसील कानपुर देहात में आशुलिपिक पद पर हो गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 1 दिसंबर को मूसानगर, कानपुर देहात में मुख्यमंत्री की रैली में नियुक्ति-पत्र प्राप्त होगा। यह समाचार सुनकर हम सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं और रात 9:00 बजे घर लौट आया।

1 दिसंबर की सुबह 6:00 बजे तैयार होकर संस्थान पहुंचा। वहां मेरे साथ उसी संस्थान के अन्य चयनित साथी भी उपस्थित थे। 6:15 बजे सफेद रंग की एम्बेसडर कार आई, जिसमें जिला अधिकारी कार्यालय, कानपुर देहात में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक हमें लेने आए। हम कार से ईदगाह कॉलोनी से निकलकर शहर पार करते हुए घाटमपुर तहसील पहुंचे और वहां से सामान्य लिपिक कलेक्टरेट को साथ लेकर मूसानगर के लिए रवाना हुए। रास्ते में उन्होंने हमें आश्वस्त किया कि रैली में उच्च अधिकारी उपस्थित रहेंगे, इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है, जैसा बताया जाए, वैसा ही करना है।

कुछ समय बाद मुख्यमंत्री रैली में पहुंचे। जनता का अभिनंदन अत्यंत दर्शनीय और उल्लासपूर्ण था। रैली के दौरान ही नियुक्ति-पत्र वितरण आरंभ हुआ। पहले मेरे एक साथी का नाम पुकारा गया, फिर मुझे मंच पर बुलाया गया। जब माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने हाथों से मुझे नियुक्ति-पत्र प्रदान किया, तो वह क्षण मेरे लिए अत्यंत भावुक और अविस्मरणीय था। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए परिश्रम और लगन से कार्य करने की सीख दी।

रैली समाप्त होने के बाद हम उसी मार्ग से लौट आए। 2 दिसंबर को रविवार होने के कारण विश्राम किया। अगले दिन ज्वाइनिंग के लिए आवश्यक कागज तैयार कराए। निर्देश मिला कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनवाकर, आवश्यक अभिलेखों सहित उप जिलाधिकारी, रसूलाबाद कार्यालय में योगदान प्रस्तुत करना है। एक मोटरसाइकिल सवार की सहायता से मैं सायं 5:40 बजे उप जिलाधिकारी महोदय के आवास पहुंचा और नियुक्ति-पत्र व अभिलेख प्रस्तुत किए। अनुमति मिलने पर जॉइनिंग रिपोर्ट टाइप कराने का निर्देश मिला।

कार्यालय में जॉइनिंग रिपोर्ट टाइप की। समय 6:00 बजे के आसपास हो गया, इसलिए अंतिम बस पकड़ने की सलाह दी गई। मैं रोडवेज बस से कानपुर लौटा। थकान के कारण रास्ते में नींद आ गई और रात 9:30 बजे कानपुर पहुंचकर घर पहुंचा। यह मेरी नौकरी की पहली यात्रा थी बिना किसी परिजन या मित्र के। आज नौकरी करते हुए 24 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, पर वह पहला दिन और उसकी संघर्षपूर्ण यात्रा आज भी स्मृतियों में जीवित है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,580.40 | 25,693.70 |
| बढ़त | 266.47 | 50.90 |
| प्रतिशत में | 0.32 | 0.20 |

सोना 1,57,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, शनिवार, 7 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### इंडिगो की दिल्ली से शंघाई की उड़ान शुरू करने की योजना

**बीजिंग।** निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी इंडिगो जल्द ही नई दिल्ली और शंघाई के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बना रही है। पिछले साल भारत और चीन के बीच करीब पांच साल के अंतराल के बाद विमान सेवाएं फिर से शुरू होने के बाद, इन दोनों शहरों के बीच उड़ान संचालित करने वाली यह तीसरी एयरलाइन बन जाएगी।चीन के सरकारी समाचार पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो यह दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच तीसरा सीधा हवाई संपर्क होगा।

### रुपया 36 पैसे टूटकर 90.70 प्रति डॉलर पर हुआ अस्थाई बंद

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 36 पैसे टूटकर 90.70 (अस्थाई) पर बंद हुआ। इस गिरावट का कारण अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर भू-राजनीतिक अनिश्चितता और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार रुपया सत्र के पहले भाग में रिजर्व बैंक द्वारा मुख्य ऋण दरों को यथावत रखने की घोषणा के बाद थोड़ा मजबूत हुआ, लेकिन विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी ने घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.28 पर खुला और सत्र के दौरान 90.18 के उच्चस्तर तक गया और 90.83 के निचले स्तर तक आया।

### जम्मू-कश्मीर में 1.27 लाख करोड़ रुपये का बजट किया पेश

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में 2026-27 का 1.27 लाख करोड़ रुपये का बजट शुक्रवार को पेश किया और कहा कि यह वित्तीय योजना केंद्र शासित प्रदेश में सतत वृद्धि, सामाजिक सौहार्द एवं आर्थिक समृद्धि के लिए मजबूत आधार तैयार करने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार निवेश, नवाचार एवं सहभागी शासन को बढ़ावा देकर केंद्र शासित प्रदेश को एक आधुनिक, प्रगतिशील और आर्थिक रूप से सशक्त क्षेत्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बड़ा फैसला... 1000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली एनबीएफसी का पंजीकरण अनिवार्य नहीं

## एमपीसी की बैठक के बाद रिजर्व बैंक गवर्नर ने की घोषणा, सार्वजनिक धन न लगा होने की शर्त लागू

मुंबई, एजेंसी



फैसला- 1

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक में शुक्रवार को छोटे आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनिवार्य पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया। इसमें शर्त लागू की गई है कि एनबीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम होनी चाहिए और उनमें सार्वजनिक धन न लगा हो।

मल्होत्रा ने इन कंपनियों से जुड़े कम प्रणालीगत जोखिम का हवाला दिया। 'आकार आधारित नियामकीय मसौदा' उन एनबीएफसी के लिए अलग नियामक व्यवस्था की परिकल्पना करता है जो सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं करती हैं और जिनका आम ग्राहक से सीधा संपर्क नहीं है। इन एनबीएफसी की विशिष्ट प्रकृति को देखते हुए उन पर लागू नियमों की समीक्षा की गई है। मल्होत्रा ने वर्तमान वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि उनके काफी कम प्रणालीगत-जोखिम को देखते हुए, यह प्रस्ताव है कि 1,000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली ऐसी 'टाइप-1' एनबीएफसी को कुछ निर्दिष्ट शर्तों के अधीन भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकरण की जरूरत से छूट दी जा सकती है। इससे इन एनबीएफसी के लिए अनुपालन आवश्यकताओं में कमी आएगी। हितधारकों से प्रतिक्रिया के लिए जल्द मसौदा जारी होगा। मल्होत्रा ने कहा कि कुछ एनबीएफसी के लिए 1,000 से अधिक शाखाएं खोलने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता को खत्म करने का प्रस्ताव है।

### एमएसएमई के लिए रेहन मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की

फैसला- 3

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए रेहनमुक्त ऋण की सीमा 10 से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर ने बैठक के बाद वित्तीय समावेशन और ऋण उठाव बढ़ाने के उपायों की घोषणा करते हुए कहा, एमएमएमई के लिए रेहनमुक्त ऋण की सीमा काफी लंबे समय से 10 लाख रुपये है। कहा, इस पहल का उद्देश्य औपचारिक ऋण तक पहुंच बढ़ाना, उद्यमों को बढ़ावा देना और सूक्ष्म तथा मध्यम उद्यमों का वित्त पोषण है। एमएसएमई बढ़ी हुई ऋण सीमा का लाभ एक अप्रैल 2026 से प्राप्त कर सकेंगे।

### बैंकों को दी जा सकती है रीट को ऋण देने की अनुमति

फैसला- 2

• कॉमर्शियल बैंकों को अब तक नहीं थी ऋण देने की अनुमति

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए वित्तपोषण के स्रोत को व्यापक बनाने के उद्देश्य से बैंकों को कुछ विवेकपूर्ण रक्षोपायों के साथ 'रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की अनुमति देने का प्रस्ताव किया।

रीट ऐसे निवेश माध्यम हैं जो आय उत्पन्न करने वाली रियल एस्टेट संपत्तियों के मालिक होते हैं या उनका संचालन करते हैं, जिससे निवेशक सीधे संपत्ति खरीदे बिना उससे होने वाली आय में हिस्सा पाने में सक्षम होते हैं। भारत में रीट और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) की अवधारणा संस्थानों और खुदरा निवेशकों के एकत्रित कोष के माध्यम से निवेश को पुनर्वित्त कर, पूर्ण और परिचालन वाली रियल एस्टेट व बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में फंसे बैंकों के कोष को मुक्त करने के लिए की गई थी।

रिजर्व बैंक ने कहा कि इन उद्देश्यों के अनुरूप, वाणिज्यिक बैंकों को शुरुआत से ही इन संस्थाओं को ऋण देने की अनुमति नहीं थी। हालांकि, बाद में इनविट्स को बैंक ऋण की अनुमति दी गई, लेकिन रीट को ऋण देने की अनुमति नहीं थी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, इनविट्स को ऋण देने के संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों को भी रीट को ऋण देने के लिए प्रस्तावित रक्षोपायों के साथ समानता के लिए सुसंगत बनाया जा रहा है।

### मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक चढ़ा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने और 'रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की मंजूरी के प्रस्ताव के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 266 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 51 अंक की तेजी में रहा।

कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक यानी 0.32 प्रतिशत चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में दिन के निचले स्तर 82,925.35 से 655.05 अंक का तेज उछाल देखने को मिली। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 50.90 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 723.77 अरब डॉलर पर

सर्वकालिक उच्चस्तर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इससे भी पहले सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचा था। आंकड़ों के अनुसार, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 562.39 अरब डॉलर रह गईं।

### सोने-चांदी की मूल्यवृद्धि से मुद्रास्फीति का अनुमान बढ़ाया

मुंबई, एजेंसी



• चालू वित्त वर्ष के लिए 2.1%, अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी वृद्धि का अनुमान

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोना-चांदी समेत कीमती धातुओं के मूल्य में बढ़ोतरी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को बढ़ाकर शुक्रवार को 2.1 प्रतिशत कर दिया है। अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी अनुमान ऊपर की ओर संशोधित किए गए हैं।

केंद्रीय बैंक ने 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति क्रमशः चार प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने दिसंबर में 2025-26 के लिए इसके दो प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। वहीं 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए महंगाई दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत और चार प्रतिशत आंकी गई थी। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि 2026-27 की पहली व दूसरी तिमाही के लिए संशोधित सीपीआई मुद्रास्फीति अनुमान क्रमशः 4.0 प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत बना हुआ है। यह अनुकूल होने के साथ ही मुद्रास्फीति लक्ष्य के करीब है। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति अनुमान को मामूली रूप से ऊपर की ओर संशोधन मुख्यतः कीमती धातुओं के मूल्यों में बढ़ोतरी के कारण किया गया। इनका योगदान करीब 0.60 प्रतिशत से 0.70 प्रतिशत है। अंतर्निहित मुद्रास्फीति अब भी निम्न स्तर पर बनी हुई है।

### यूपीआई को टिकाऊ बनाने, बुनियादी ढांचे में सुधार के तरीके खोजे जाएंगे

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक यूपीआई को हितधारकों के लिए टिकाऊ बनाने और इसके बुनियादी ढांचे में सुधार करने के तरीके खोजेगा। इससे ग्राहकों के लिए भुगतान बुनियादी ढांचे से जुड़ी चिंताओं को दूर करने में मदद मिलेगी। इस समय यूपीआई सभी उपयोगकर्ताओं के लिए लगभग मुफ्त है और बैंकों को लेनदेन करने के लिए सरकार द्वारा बजटीय सहायता के माध्यम से मुआवजा दिया जाता है।

### नीतिगत दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर रहेंगी, एफडी पर घट जाएगा ब्याज

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि प्रमुख नीतिगत ब्याज दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी तथा आगे इनमें और कमी भी हो सकती है। मल्होत्रा ने कहा, नीतिगत दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी तथा इनमें आगे और गिरावट भी आ सकती है। उन्होंने इसके साथ यह भी कहा कि ब्याज दरों पर अंतिम फैसला एमपीसी लेगी।

### चांदी में 13,000 रुपये की टूट सोने 3,400 रुपये की गिरावट



• निवेशकों के मुनाफा वसूली करने से आई गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में शुक्रवार को तेज गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों के लगातार दूसरे दिन मुनाफावसूली जारी रखने से चांदी लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक चांदी 13,000 रुपये यानी 4.85 प्रतिशत टूटकर सभी करों समेत 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। यह बृहस्पतिवार को 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,400 रुपये यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर सभी करों समेत 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसका पिछला बंद भाव 1,60,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था।



# गर्भ रखने को मजबूर नहीं कर सकते

## सुप्रीम कोर्ट ऐतिहासिक फैसला, नाबालिग को 30 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति दी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका बच्चे को जन्म देने का मन न हो और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है जो उसकी मर्जी के बिना है। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे।

हालांकि सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। दोनों न्यायमूर्ति की पीठ ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए नाबालिग लड़की के गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें।



नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अदालत किसी भी महिला को अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। - सुप्रीम कोर्ट

### प्रजनन स्वायत्तता पर मील का पत्थर : 24 सप्ताह की कानूनी सीमा पर लड़की की इच्छा को वरीयता

यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत प्रजनन अधिकारों की व्याख्या में मील का पत्थर माना जा रहा है। क्योंकि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी अदालत ने लड़की की इच्छा को प्राथमिकता दी है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में डॉक्टर की सलाह से 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, विशेष श्रेणी जैसे दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमार महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह की है। इसके लिए दो डॉक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भस्थ शिशु को गंभीर बीमारी है तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति से 24 सप्ताह बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है। अगर गर्भवती महिला के जीवन को तत्काल कोई गंभीर खतरा हो तो कोई कानूनी समय सीमा नहीं लागू होती।

### किसी व्यक्ति को सिर्फ पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को महज पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पुलिस अधिकारी की ओर से की जाने वाली गिरफ्तारी केवल एक वैधानिक विवेकाधिकार है, जिसे अनिवार्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी की शक्ति की व्याख्या एक सख्त वस्तुनिष्ठ आवश्यकता के रूप में की जानी चाहिए, न कि पुलिस अधिकारी की सुविधा के रूप में। इसका यह मतलब नहीं है कि पुलिस अधिकारी महज पूछताछ करने के लिए किसी को गिरफ्तार कर सकता है। इसका अर्थ यह है कि पुलिस अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सात वर्ष तक की कारावास की सजा वाले अपराध के संबंध में जांच संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिए बिना प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ सकती। इसके विपरीत कोई भी व्याख्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(1)(ख) और धारा 35(3) से 35(6) के उद्देश्य को स्पष्ट रूप से विफल कर देगी। पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध अपील की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत इस प्रश्न पर विचार कर रही थी कि क्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(3) के तहत नोटिस उन सभी मामलों में अनिवार्य रूप से जारी किए जाने हैं जो सात साल तक के कारावास के अपराध से संबंधित हैं।

### जनता के नकारने पर कोर्ट चले आते हैं सियासी दल... जनसुराज की याचिका को किया खारिज

• प्रशांत किशोर की पार्टी ने दायर की थी बिहार चुनाव को रद्द करके दोबारा कराने के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधानसभा चुनाव निरस्त किए जाने संबंधी पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की याचिका पर शुक्रवार को खारिज कर दी।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय जाने को कहा। पीठ ने चुनाव हारने के बाद लोकप्रियता हासिल करने के लिए न्यायिक मंच का इस्तेमाल करने की कोशिश को लेकर नाराजगी भी जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सवालिया लहजे में कहा, आपको कितने वोट मिले, उन्होंने कहा- जब लोग आपको नकार देते हैं तो आप राहत के लिए न्यायिक मंच का सहारा लेते हैं। किसी को तो उसी समय योजना को चुनौती देनी चाहिए थी। आप तो पूरे राज्य के चुनाव को अमान्य घोषित करने के लिए निर्देश चाहते हैं। पीठ ने कहा कि चूंकि यह मामला सिर्फ एक राज्य से संबंधित है, इसलिए कृपया उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं।

### मुफ्त योजनाओं का मुद्दा गंभीर, पड़ताल करेंगे

न्यायालय ने यह भी कहा कि कुछ मामलों में मुफ्त योजनाओं का गंभीर मुद्दा है, जिसकी वह गंभीरता से पड़ताल करेगा। दरअसल जन सुराज पार्टी ने याचिका में बिहार चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला दिया था। कहा गया था कि कर्ज में डूबी राज्य सरकार ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर चुनाव से ठीक पहले 15,600 करोड़ रुपये बांट दिए, जिससे अन्य दलों को समान अवसर नहीं मिल पाया। वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि जिस योजना के तहत भुगतान किया गया था, उसकी घोषणा चुनाव से ठीक पहले की गई थी और भुगतान तब किया गया जब चुनाव आचार संहिता लागू थी।

### दल बदल मामले पर तीन सप्ताह में फैसला करें तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष वर्ना अवमानना कार्यवाही

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर सकारात्मक रूप से निर्णय लें वर्ना उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था। अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि दिसंबर 2025 में सात याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था, जबकि तीन अभी भी लंबित हैं। तेलंगाना राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ को सूचित किया कि लंबित तीन मामलों में से एक पर निर्णय ले लिया गया है और शेष दो पर प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

# लोकसभा में गतिरोध बरकरार, हंगामे के बीच कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय तथा कुछ अन्य मुद्दों को लेकर शुक्रवार को भी गतिरोध बरकरार रहा और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन में सोमवार से गतिरोध बना हुआ है और कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देते हुए चीन से टकराव का मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं मिलने, विपक्ष के आठ सदस्यों को आसन की अवमानना के मामले में निलंबित करने समेत कई मुद्दों पर हंगामा कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रधानमंत्री के जवाब के बिना पारित कर दिया गया था। लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को जब एक बार के स्थगन के बाद शुरू हुई तो स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। विपक्षी सदस्यों ने आसन के समीप 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'जो उचित समझो, वो करो' (नरवड़े के संस्मरण का एक वाक्य) के नारे लगाए।

### विपक्ष ने लगाए 'जो उचित समझो, वो करो' के नारे



संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया।

### विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने अमेरिका के साथ देश के व्यापार समझौते, पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विवाद और लोकसभा से आठ सदस्यों के निलंबन को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। लोकसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार के निकट एकत्र हुए और उन्होंने 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' जैसे नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नरवणे के संस्मरण में उद्धृत एक अंश का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परोक्ष कटाक्ष किया, जो उचित समझो, वो करो। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संसद के वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए सांसद और कई अन्य सांसद इसमें शामिल हुए। उन्होंने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का हवाला देते हुए 'ट्रैप डी' लिखा हुआ था।



### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का शुक्रवार को सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक किया गया। प्रक्षेपण के दौरान सभी संचालन एवं तकनीकी मानकों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया। यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

### हिमंत के सांप्रदायिक बयानों का संज्ञान ले असम हाईकोर्ट

गुवाहाटी, एजेंसी

• शिक्षाविदों, चिकित्सकों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों समेत 40 प्रमुख नागरिकों ने की अपील

शिक्षाविदों, चिकित्सकों, लेखकों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों समेत 40 से ज्यादा जाने-माने नागरिकों ने पत्र लिखकर गुवाहाटी हाईकोर्ट से अपील की है कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के एक खास समुदाय के खिलाफ हाल ही में दिए गए बयानों पर स्वतः संज्ञान ले। इन लोगों ने कहा है कि संवैधानिक उल्लंघनों के खिलाफ चुप्पी या निष्क्रियता संविधान की नैतिक शक्ति को कमजोर कर सकती है।

मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार को बृहस्पतिवार को लिखे एक पत्र में नागरिकों ने हाईकोर्ट का ध्यान हिमंत विश्व शर्मा के उन सार्वजनिक बयानों की ओर आकृष्ट किया है उच्च जो प्रथमदृष्टया नफरती भाषण, सरकारी धमकी और एक खास समुदाय को खुलेआम बदनाम करने जैसे हैं। पत्र में मुख्यमंत्री की 'मियां' (बांग्ला भाषी मुसलमानों) के खिलाफ टिप्पणियों का जिक्र किया गया है।



भारत निश्चित तौर पर प्रबल टी-20 विश्व कप का दावेदार है और हर कोई इसे मानेगा। लेकिन टी20 क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। किसी भी दिन विपक्षी टीम के दो सुपरस्टार खिलाड़ी आपको हरा सकते हैं।
-केविन पीटरसन


स्टेडियम
कानपुर, शनिवार, 7 फरवरी 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com


# वैभव सूर्यवंशी ने फाइनल में रचा इतिहास

## अंडर-19 विश्व कप : सिर्फ 55 गेंदों पर ठोका सैकड़ा, 175 रनों के साथ सर्वोच्च स्कोरर भी बने



वैभव सूर्यवंशी।

हरारे, एजेंसी

चौदह साल के सूर्यवंशी ने महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है।

सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने दिसंबर में दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी के नाम अब अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन (71 गेंद में) बनाने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने टूर्नामेंट में पहले इसी मैदान पर इंग्लैंड के बेन मेयेस के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया जिन्होंने 98 गेंद में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी के दबदबे का अंदाजा इससे ही लग जाता है कि उनके 100 से 150 रन तक पहुंचने के दौरान दूसरे छोर पर खड़े वेदांत त्रिवेदी ने सिर्फ चार गेंदों का सामना किया। सूर्यवंशी की बल्लेबाजी इतनी जबरदस्त थी कि आधे मैच तक भारत का रन रेट लगभग 10 था और उस चरण पर टीम का अनुमानित स्कोर 500 था।


जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम। एजेंसी

बिहार के समस्तीपुर का यह खिलाड़ी दो घंटे से भी कम समय में क्रिकेट की दुनिया को हैरान करने के बाद 26वें ओवर में मैनी लम्सडेन की शॉर्ट गेंद को स्कूप करने की कोशिश में आउट हो गया। विकेटकीपर थॉमस रियू ने उनका कैच लपका। इंग्लैंड के खिलाड़ी सूर्यवंशी को ऐसी पारी पर बधाई देने के लिए उनकी ओर दौड़े जो विश्व कप फाइनल में अक्सर देखने को नहीं मिलती। सूर्यवंशी ने अपने कप्तान आयुष म्हात्रे (51 गेंद में 53 रन) के साथ सिर्फ 19 ओवर में 142 रन बनाए। म्हात्रे अपना अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद आउट हो गए। सूर्यवंशी ने अकेले इसी चरण में 22 छक्के लगा दिए और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2022 में 18 छक्कों का रिकॉर्ड बनाया था।

सूर्यवंशी इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर राल्फी अल्बर्ट और ऑफ-स्पिनर फरहाद अहमद पर क्रमशः 27 और 22 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद अभिज्ञान कुंडू (31 गेंद में 40 रन), वेदांत त्रिवेदी (36 गेंद में 32 रन), विहान मल्होत्रा (36 गेंद में 30 रन) और कनिष्क चौहान (20 गेंद में नाबाद 37 रन) ने योगदान दिया। भारत 400 रन के पार पहुंचकर जीत का प्रबल दावेदार बन गया था और उनके गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कुछ हद तक यह उपलब्धि अतीत की विश्व स्तरीय भारतीय अंडर-19 टीम के कारनामों से मिलती-जुलती थी जिसमें कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ी शामिल थे।

### भारत

**411/9** (50 ओवर)

| | |
|---|---|
| आरोन जॉर्ज का मेयेस बो ग्रीन | 09 |
| सूर्यवंशी का रियू बो लम्सडेन | 175 |
| आयुष म्हात्रे का मेयेस बो ग्रीन | 53 |
| वेदांत त्रिवेदी का मेयेस बो मिंटो | 32 |
| विहान का डॉकिन्स बो मिंटो | 30 |
| कुंडू का अलबर्ट बो मोर्गन | 40 |
| आरएस अंबरीश बो मिंटो | 18 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 37 |
| खिलन पटेल का मूर्स बो मोर्गन | 03 |
| हेनिल पटेल रन आउट | 05 |
| दीपेश देवेंद्रन नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** सेबेस्टियन मोर्गन 9-0-74-2, एलेक्स ग्रीन 5-0-49-2, मैनी लम्सडेन 8-0-81-1, जेम्स मिंटो 8-0-63-3, फरहान अहमद 10-0-77-0, राल्फी अलबर्ट 10-0-66-0

### सूर्यवंशी ने 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' स्टाफ को समर्पित किया

युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शानदार पारी खेलने के बाद मिला 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' पुरस्कार भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ को समर्पित किया। सूर्यवंशी अंडर-19 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने 80 गेंद में 175 रन की तूफानी पारी खेलकर बड़े मंच पर धमाल मचाया और भारत को इंग्लैंड पर 100 रन की जीत के साथ रिकॉर्ड छठा खिताब दिलाया। पुरस्कार वितरण समारोह में सहयोगी स्टाफ के योगदान को सराहा।

### हाईलाइट

#### रक्षात्मक खेल ही आक्रमण का तरीका हो सकता है : नेत्रवलकर

**मुंबई।** पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के नायक और भारत के खिलाफ दो अहम विकेट चटकाने वाले अमेरिका की टीम के खिलाड़ी सौरव नेत्रवलकर का मानना है कि भारतीय उपमहाद्वीप में खेलते समय रक्षात्मक खेल ही आक्रमण का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। अमेरिका की टीम शनिवार से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। नेत्रवलकर मुंबई के उन तीन खिलाड़ियों में से एक होंगे जो भारत के खिलाफ अमेरिका के लिए मैदान पर उतर सकते हैं। नेत्रवलकर वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय सरजमीं पर अपने पहले मैच के लिए तैयार हैं, लेकिन चुनौतियों से भी वाकिफ हैं।

#### अभ्यास मैच में इटली ने यूएई को हराया

**चेन्नई।** एंथनी मोस्का (56) और जस्टिन मोस्का (48) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इटली ने शुक्रवार को विश्वकप से पहले खेले गये अभ्यास मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 112 रनों से शिकस्त दी। आज यहां टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इटली ने 20 ओवर में सात विकेट पर 193 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद यूएई को सिर्फ 81 रन पर समेट कर 112 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

#### मुंबई पर कर्नाटक ने बनाया दबदबा

**मुंबई।** प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा और श्रेयस गोपाल की शानदार गेंदबाजी के बाद मयंक अग्रवाल की नाबाद अर्धशतकीय पारी से कर्नाटक ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। मुंबई का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय उल्टा पड़ गया क्योंकि कर्नाटक के गेंदबाजों ने मेजबान टीम की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध (21 रन पर तीन विकेट) और कावेरप्पा (38 रन पर तीन विकेट) तथा लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल (चार रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट लेकर मुंबई को 48.1 ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होते समय कर्नाटक ने दो विकेट पर 110 रन बना लिए। वह मुंबई से अब सिर्फ 10 रन पीछे हैं और उसके आठ विकेट बचे है। अन्य मध्यप्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 194 रनों पर समेट दिया। कुलदीप सेन ने पांच विकेट लिए।

# ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का प्रबलतम दावेदार

**टी-20 विश्व कप आज से**

- भारत और श्रीलंका में संयुक्त रूप से हो रहा आयोजन
- पहली बार टी-20 विश्व कप में भाग ले रहीं 20 टीमें
- फुटबॉल प्रेम के लिए मशहूर इटली भी पेश करेगा चुनौती
- अमेरिकी टीम में भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान के कई खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के सबसे बड़े टूर्नामेंट से पहले चर्चा खिलाड़ियों या खेल की नहीं बल्कि मैदान से बाहर की गतिविधियों की ही रही है और शायद राजनीति का इतना असर किसी विश्व कप पर पहले देखने में आया हो। भारत और श्रीलंका में शनिवार से टी-20 विश्व कप शुरू हो रहा है। जिसमें सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम खिताब की सबसे प्रबल दावेदार है। लेकिन चर्चा खिलाड़ियों या प्रबल दावेदारों पर हो कहां रही है।

खेल की राजनीति या राजनीति में खेल का ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिला है। भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देकर खेलने से इनकार पर बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वहीं, अपने पड़ोसी के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया। दोनों देशों ने इस संकट के लिए भारत को कसूरवार ठहराया, जिसकी शुरुआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर हुई।


अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव (दाएं) व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

### नजरें अमेरिका पर शानदार जीत के साथ आगाज पर

**मुंबई।** सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी, तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा होगा। टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारूप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम बहुत मजबूत है।

**टीम : भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा,वरुण चक्रवर्ती ।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आंद्रिस गौस, साइतेजा एम, शायन जहांगीर, हरमीत सिंह, शेहान जयसूर्या, संजय कृष्णमूर्ति, मिलिंद कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने, शाडले वान शाकविक, अली खान, जसदीप सिंह, नोस्तुश केनिजे, सौरभ नेत्रवलकर ।

### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| नीदरलैंड्स-पाकिस्तान | सुबह 11 बजे |
| स्काटलैंड-वेस्टइंडीज | दोपहर 3 बजे |
| भारत-अमेरिका | शाम 7 बजे |

### राणा चोट के कारण बाहर, मो. सिराज को मिली जगह

**मुंबई।** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में घुटने की चोट के कारण शुक्रवार को टी20 विश्व कप से बाहर होना पड़ा और सूत्रों के मुताबिक उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया है।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले स्वीकार किया था कि इस 24 साल के गेंदबाज की स्थिति अच्छी नहीं लग रही। बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार राणा की जगह टीम में साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। सूर्यकुमार की बातों से पहले ही लगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल इस गेंदबाज के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। सूर्यकुमार ने शुक्रवार को मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा राणा का हमारे फिजियो उनका आकलन कर रहे हैं, लेकिन चोट की स्थिति अच्छी नहीं लग रही है।


कोलकाता में स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच की तैयारी करते वेस्टइंडीज के खिलाड़ी। एजेंसी

### बांग्लादेश से सहानुभूति, पर स्कॉटलैंड खेलने का हकदार

- स्पिन गेंदबाज मार्क वाट ने कहा- हमारी टीम ने विश्व कप के लिए की है बहुत मेहनत

कोलकाता, एजेंसी

स्कॉटलैंड के स्पिन गेंदबाज मार्क वाट ने शुक्रवार को कहा कि वह बांग्लादेश खिलाड़ियों के लिए सहानुभूति रखते हैं लेकिन आखिरी समय में टूर्नामेंट में शामिल की गई स्कॉटलैंड टीम अपनी जगह की पूरी हकदार थी।

बांग्लादेश की टीम भारत में नहीं खेलने के अपने सरकार के रुख के कारण टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकी। वाट ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, लेकिन स्कॉटलैंड ने कड़ी मेहनत की है और उसे वैश्विक प्रतियोगिता में खेलने का पूरा अधिकार मिला है। स्कॉटलैंड शनिवार को ईडन गार्डन्स में ग्रुप सी के मुकाबले में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। टीम की कोशिश जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने की होगी। आईसीसी द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बाद स्कॉटलैंड को अंतिम समय में प्रतियोगिता में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा हमें बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए बहुत दुख है पर हमें पूरा विश्वास है कि हमें यहां होना चाहिए।

# महिला टीम खिताब बचाने में रही नाकाम

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

- पुरुष टीम को कोरिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा

किंगदाओ, एजेंसी

भारत की महिला टीम का खिताब बचाने का सफर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीन की दूसरे दर्जे की टीम से मिली 0-3 की हार के बाद निराशाजनक तरीके से खत्म हो गया जबकि पुरुष टीम को कोरिया से 1-3 से हार मिली।

भारतीय महिला टीम ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा। टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जि से एकतरफा मुकाबले में 9 . 21, 9 . 21 से हार गई ।

विश्व जूनियर चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता 17 वर्ष की तन्वी चीनी खिलाड़ी की रफ्तार का सामना नहीं कर सकी । गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22 . 24, 18 . 21 से पराजय का सामना करना पड़ा ।

पहले गेम में 10 . 16 से पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी ने वापसी करके बराबरी की लेकिन करीबी मुकाबले में पहला गेम गंवा दिया । दूसरे गेम में एक समय भारतीय जोड़ी के पास 13 . 10 की बढत थी लेकिन फिर लगातार अंक गंवाकर चीनी जोड़ी को जीत सौंप दी ।

### रुद्रांक्ष पाटिल ने एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल ने शुक्रवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि ओलंपियन अर्जुन बबूता ने दूसरा स्थान हासिल किया जिससे भारत का प्रदर्शन दमदार रहा। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और गगन नारंग के बाद देश से उभरते हुए बेहतरीन राइफल निशानेबाजों में से एक रुद्रांक्ष ने फाइनल में शानदार 251.9 का स्कोर किया और हमवतन बबूता (250.7) की चुनौती को पीछे छोड़ते हुए दबदबा बनाया। इस जोड़ी ने विशाल सिंह के साथ मिलकर भारत को इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक भी दिलाया। बाईस साल के रुद्रांक्ष को देश के लिए कोटा स्थान हासिल करने के बावजूद पेरिस ओलंपिक से चूकने की निराशा झेलनी पड़ी थी।

**डेविस कप क्वालीफायर** | पहले दौर में नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबला आज से

# दक्षिणेश्वर सुरेश को रास आएगा तेज कोर्ट

बेंगलुरु, एजेंसी

मेजबान भारत डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड्स से खेलेगा तो बेंगलुरु के तेज कोर्ट भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की बजाय दक्षिणेश्वर सुरेश को अधिक रास आएंगे। नागल कूल्हे की चोट के कारण बाहर हैं जिसके कारण भारत की उम्मीदें दक्षिणेश्वर की टिकी है। इस कोर्ट पर आक्रामक शॉट्स खेलने वाले खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे और दक्षिणेश्वर को इसमें महारत हासिल है।

नागल तेजी से ठीक हो रहे हैं और अभ्यास के दौरान सहज दिखे लेकिन उनकी मैच फिटनेस के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। तेज रफ्तार वाले कोर्ट पर अगर मैच लंबी रेलियों में जाता है तो नागल की मूवमेंट और दमखम की परीक्षा हो सकती है। वैसे वह यहां बेंगलुरू ओपन और डब्ल्यूटीएल खेल चुके हैं लिहाजा हालात से वाकिफ हैं। दक्षिणेश्वर पिछले साल स्विटजरलैंड में अहम एकल मुकाबला जीते थे जिससे भारत ने विदेशी धरती पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। उन्होंने पहला मुकाबला जीतकर लय बनाई थी जिसके बाद नागल ने दूसरा मैच जीता । नीदरलैंड के खिलाड़ियों को भी तेज कोर्ट रास आते हैं और उसके खिलाड़ी इस तरह के हालात में खेलने के अभ्यस्त हैं। शीर्ष एकल खिलाड़ी टालोन ग्रीकस्पूर (विश्व रैंकिंग 29) और बोटिच वान डे जैंडशल्प (67) की कमी हालांकि उसे खलेगी । ऐसे में भारत के लिये बराबरी का मौका रहेगा।


बाएं से, नीदरलैंड्स के सैंडर एरेंड्स, डेविड पेल, मैक्स हाउकेस, गाइ डेन ओडेन, जेस्पर डे जोंग और पॉल हारहुइस, भारत के कप्तान रोहित राजपाल, सुमित नागल, करण सिंह, दक्षिणेश्वर सुरेश, युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी। एजेंसी

### नीदरलैंड्स की अगुआई कर रहे जोंग

नीदरलैंड्स टीम की अगुवाई 88वीं रैंकिंग वाले जेस्पर डे जोंग कर रहे हैं जिन्होंने शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ियों को हराया है। वहीं 162वीं रैंकिंग वाले गाय डेन ओडेन डेविस कप में पदार्पण कर रहे हैं जिन्हें इस स्तर पर खेलने का अनुभव नहीं है। युगल में युकी भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत हुई है चूंकि उनके पास गहराई और अनुभव है। भांबरी युगल में एन श्रीराम बालाजी के साथ खेलेंगे जो रित्विक बोल्लिपल्ली की जगह खेल रहे हैं। उनका सामना सांड्रे एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। इसमें हारने वाली टीम सितंबर में विश्व ग्रुप वन में लौटेगी जबकि विजेता टीम क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में पहुंचेगी ।